007 जेम्स बॉण्ड

आपरेशन मारहाणा फोर्ट

सुरेन्द्र मोहन पाठक

२/-

"जीरो जीरो सेवन ! आपरेशन ड्राप कर दो ! भाग निकलो ! फौरन भाग निकलो !"

दूसरी ओर से 'एम' उत्तेजित स्वर से चिल्ला रहा था । 'सर !' - जेम्स बांड हैरानी से चिल्लाया- 'आप मजाक कर रहे हैं। ओवर ।'

'मजाक नहीं ! मैं तुम्हें आदेश दे रहा हूँ। ओवर ।' 'लेकिन सर मेरी तो किले के भीतर पहुंच चुकी है। ओवर ।'

'मेरी को भूल जाओ। ब्रिटिश इन्टैलीजेंस के लिये जितना महत्व तुम्हारा है, उसका शतांश भी मेरी का नहीं है। जीरो जीरो सेवन ! इट्स ऐन आर्डर। पुल आऊट एट वन्स । जारहाजा फोर्ट में घुसने की हरगिज भी कोशिश मत करो। आपरेशन ड्राप कर दो और लौट आयो ।'

आपरेशन जारहाजा फोर्ट

एक ऐसा आपरेशन जिसकी पेचीदगियों से ब्रिटिश इन्टैली-जेन्स का चीफ

'एम' भी घबरा गया और उसने जेम्स बांड को आपरेशन ड्राप करके भाग निकलने का आदेश दे दिया ।

007 जेम्स बाण्ड

अपरेशन गारहाजा फोर्ट

© प्रकाशिकाधीन

उपन्यास-- आपरेशन जारहाजा फोर्ट

संपादक-- नरेन्द्र कुमार शर्मा

प्रकाशक-- आरती पाकेट बुक्स

मुद्रक -- पीयूष प्रिंटर्स

कीमत-- 15.00 रुपये

आपरेशन जरहाजा किला --जेम्स बाण्ड

६

'मैंने आज तक पैराशूट से छलांग नहीं लगाई 'जेम्स बांड बोला ।

'लेकिन मैं तो आज तक कभी हवाई जहाज पर भी सवार नहीं हुआ' स्मिथ बोला ।

स्मिथ लगभग तेइस साल का लड़का था और फौज में लेफ्टीनेंट था ।

विंग कमांड कैरीओला ने पायलेट सीट से घूमकर उन दोनों की ओर देख और फिर बोला-
'भयभीत हो ?'

स्मिथ फौरन यह फैसला नहीं कर सका कि सवाल उससे पूछा गया है या जेम्स बांड से। फिर जब जेम्स बांड ने जबान नहीं खोली तो वह बोला- 'आपने मुझसे पूछा है ?'

'तुम ही से पूछा है लेफ्टीनेंट स्मिथ- 'विंग कमांडर बोला- मैं कमांडर जेम्स बांड की सूरत देखकर ही कह सकता है कि वह भयभीत नहीं है।'

'मैं भी भयभीत नही हूं- 'लैपटीनेंट स्मिथ छाती फुलाकर बोला- मैंने केवल इतना कहा था कि मैं आज तक हवाई जहाज पर भी सवार नहीं हुआ हूं, पैराशूट द्वारा दुश्मन के क्षेत्र कूदने की तो बात ही अलग है। मैं हैरान हूँ कि मेरे जैसे आदमी को इस मिशन के लिये क्यों चुना गया है।'

'क्योंकि वक्त बहुत कम था।' उत्तर जेम्स बांड ने दिया- और फौरन एक्शन की जरूरत थी। तुम पैराशूट से कभी कूदे 'नहीं तो क्या हुआ। तुम में और दूसरे गुण हैं जो तुम्हें इस मिशन के लिये उपयुक्त बनाते हैं।'

'जैसे ?'

'जैसे तुम हंगेरियन धारा प्रवाह बोल सकते हो और जिस इलाके में हम

पैराशूट द्वारा कूदने वाले हैं, उसकी तुम्हें काफी जानकारी है। यही बात मुझ पर लागू होती है। मैं ब्रिटिश सीक्रेट सरविस का एजेन्ट हूं लेकिन फिर भी मुझे इस मिलिट्री आपरेशन के लिये चुना गया है। सम्भव है ब्रिटिश एयरफोर्स में इस मिशन के लिये हमसे ज्यादा योग्य आदमी मौजूद हो लेकिन उनको खोज निकालने जितना समय नहीं था इसलिये अधिकारियों के दिमाग में इस मिशन के लिये उपयुक्त जिन पहले छः आदमियों का नाम आया उन्हें ही तत्काल डिस्पैच कर दिया गया ।'

'लेकिन मुझे तो अभी तक यह नहीं मालूम हो सका है कि वास्तव में मिशन है क्या ? लेफ्टीनेंट स्मिथ के पीछे बैठे एक मोटे ताजे आदमी ने पूछा। उसका नाम हेनरी था और वह सूरत से बेहद नाखुश और असंतुष्ट दिखाई दे रहा था ।'

'तुम 'एम' की बात नहीं सुन रहे थे, हेनरी ? - 'जेम्स बॉड ने उससे प्रश्न किया ।

'सुन रहा था- 'हेनरी बोला' लेकिन मेरी समझ मे कुछ भी नहीं आया था। मुझे नींद से जगाकर उस मीटिंग में बुलाया गया था। मेरी नींद अभी ठीक से खुली भी नहीं थी कि मीटिंग समाप्त हो गई थी और मैं एयरपोर्ट पर पहुंच गया था और फिर इस प्लेन में सवार हो रहा था ।'

'यही हाल मेरा भी है- हेनरी की बगल की सीट में बैठ हुआ टर्नर बोला- 'मुझे सिर्फ इतना याद है कि किसी जनरल कार्नली का नाम लिया गया था। या फिर मैंने यह सुना था इस

७

आपरेशन का इं'चार्ज कमांडर जेम्स बांड है और हमें उसके साथ मिलकर काम करना है। क्योंकि हमारे इंचार्ज ने सब कुछ सुन लिया है इसलिये मैंने कुछ सुनने की जरूरत नहीं समझी ।'

जेम्स बांड के होंठ भिच गये। उसने तीक्ष्ण नेत्रों से टर्नर की ओर देखा और फिर कठोर स्वर से बोला- 'आर यू सीरियस, टर्नर ? (क्या तुम गम्भीर हो, टर्नर)'

टर्नर के नेत्र जेम्स बाँड से मिले। वह विचलित हो उठा । कुछ क्षण वह अपने होंठों पर जुबान फिराता रहा और फिर धीरे से बोला- 'आई एम सारी ।'

हेनरी और टर्नर के पीछे की सीटों पर दो आदमी और बैठे थे।

'कारपेंदर - 'जेम्स बांड उनमें से एक से सम्बोधित हुआ-' तुम्हें इस आपरेशन के बारे में क्या मालूम है ?'

'मुझे इस आपरेशन के बारे में वह सब मालूम है- 'कार-पेन्टर ने भावहीन स्वर से उत्तर दिया' जो ब्रिटिश सीक्रेट सरविस के हैडक्वार्टर में 'एम' द्वारा हम लोगों को बताया गया था ।'

'मेजर जानसन - 'जेम्स वांड दूसरे आदमी से बोला- वाट अबाउट यू ?'

'मुझे 'एम' की कही तमाम बातें याद हैं।' - मेजर जानसन ने उत्तर दिया ।

जेम्स बांड एक क्षण के लिये चुप हो गया। उसने हवाई जहाज की खिड़की में से बाहर झांककर देखा। गहरे अभेद्य अन्धकार के अतिरिक्त उसे कुछ दिखाई नहीं दिया ।

जेम्स बांड ने पायलेट से प्रश्न किया-' हम ठीक रास्ते पर है ?'

'अगर मेरा नेवीगेटर कहता है, हम ठीक रास्ते पर हैं, तो हम ठीक रास्ते पर हैं- 'पायलेट बोला ।

'निर्धारित स्थान पर पहुंथने में अभी कितनी देर है ?'

पायलेट ने घड़ी देखी और बोला- 'दस मिनट ।'

जेम्स बांड ने एक दृष्टि प्लेन में मौजूद लोगों पर डाली । सब के चेहरे गम्भीर थे । सबकेहोंठ भिचे हुये थे क्योंकि वे जानते थे कि जिस अभियान पर वे जा रहे हैं वहां से जीवित वापिस लौट पाना एक करिश्मा होगा ।

ब्रिटिश सीक्रेट सरविस के चीक 'एम' और फौज के उच्चा-धिकारियों द्वारा उस अभियान के लिये छः आदमी चुने गये थे ।

कमांडर जेम्स बांड
मेजर जानसन
लैपटीनंट स्मिथ
हेनरी
टर्नर
कारपेन्टर

हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर जेम्स बांड की तरह ब्रिटिश सीक्रेट सरविस के जीरो जीरो सेवन विभाग के सदस्य थे मेजर जानसन और लेफ्टीनेंट स्मिथ के बारे में वह कुछ नह जानता था । उसने अपने जीवन में पहले कभी उन दोनों क सूरत नहीं देखी थी ।

जेम्स बांड सहित वे छः के छः व्यक्ति हंगेरियन सीक्र पुलिस की वर्दी में थे। सबने अपने पर पैराशूट लादे हु थे। और वे किसी भी क्षण प्लेन के बाहर के निपट अन्धकार में कूद जाने के लिये तैयार बैठे थे ।

उन छः व्यक्तियों के अतिरिक्त प्लेन में तीन आदमी और दिखाई दे रहे थे ।

विंग कमांडर कैरिओला, जो पायलेट की सीट पर बैठा हुआा था । कोपायलेट हैरी ।

और नैवीगेटर जो राडर सैट से उलझा हुआ था और पायलेट को प्लेन की स्थिति की सूचना देता रहता था ।

'एम' की कही कुछ बातें मैं हेनरी और टर्नर की खातिर फिर दोहराने जा रहा हूं- जेम्स बांड बोला ।

कोई कुछ नहीं बोला ।

'ब्रिटिश थल सेना के जनरल कार्नली एक जहाज में सफर कर रहे थे । दुर्भाग्यवश जहाज उस समय दुर्घटना ग्रस्त हो गया जवकि वह शत्रु के देश के ऊपर से उड़ रहा था। हमें विश्वस्त सूत्रों से पता लगा है कि जहाज अना नाम के स्थान से लगभग दस मील दूर गिरा था। अना समुद्र के तट पर बसा हुआ एक छोटा-सा कसबा है और सैनिक छावनी है। अना के समुद्र तट दो मील दूर समुद्र में एक छोटा-सा द्वीप है जिस पर एक किला बना हुआ है। किले का नाम जारहाजा फोर्ट है। राज-नैतिक वन्दियों को रखने के लिये जारहाजा फोर्ड सबसे सुरक्षित स्थान है। जारहाजा फोर्ट में किसी अनजाने आदमी का प्रवेश पा जाना एक असम्भव कृत्य है। शत्रु द्वारा यही प्रकट किया गया है कि जनरल कार्नली और प्लेन का सारा क्रियू प्लेन क्रैश में मर गया है लेकिन हमें विश्वस्त सूत्रों से मालूम हुआ है कि उस प्लेन क्रैश में जनरल कार्नली नहीं मरे थे। प्लेन के क्रश होने से पहले ही वे उसमें से पैराशूट द्वारा कूदने में सफल हो गये थे। जन्टल मैन, जनरल कार्नली इस समय जारहाजा के किले में बन्दी है और हमें किसी भी प्रकार उस अभेद्य किले में घुसना है और जनरल कार्नली को रिहा करके लाना है।'

'वे विश्वस्त सूत्र कौन से हैं। जिनकी सहायता से हमें यह

मालूम हुआ है कि जनरल कार्नली प्लेन क्रैश में मरे नहीं औ यह कि वे जारहाजा फोर्ट में कैद है।'- हेनरी ने पूछा ।

'मुझे नहीं मालूम ।'

'किसी बाहरी आदमी का जारहाजा फोर्ट में प्रवेश पाना असम्भव क्यों है

?'- टर्नर ने पूछा ।

'जैसा कि मैंने कहा कि जारहाजा फोर्ट समुद्र के बीच में एक छोटे से द्वीप पर बना हुआ है। उसकी समुद्र के पानी से ही उठी हुई सीधी और सपाट दीवारे हैं जिन पर चढ़ पाना असम्भव है। किले के चारों ओर पानी के भीतर छुपी हुई एक तारों की बाड़ लगी हुई है जिसमें हर समय बिजली का करेन्ट दौड़ता रहता है। उस बाड़ में एक बड़ा सा फाटक है जिसका कन्ट्रोल किले के भीतर से है और वह फाटक तभी खोला जाता है जब बाहर से एक विशेष प्रकार का सिग्नल प्रसारित किया जाता है। और वह सिग्नल रोज बदल दिया जाता है ।

जेम्स बांड एक क्षण रुका और फिर बोला- 'किले के मध्य में एक मीनार है जिस पर एक शक्तिशाली सर्च लाइट लगी हुई है जो एक निर्धारित गति से चारों ओर घूमती रहती है। किले की दीवारों पर हर समय सशस्त्र सैनिकों का पहरा रहता है। समुद्र के पानी में किले के आस पास कोई भी सन्दिग्ध चीज दिखाई देते ही वे फौरन फार्यारंग शुरू कर देते हैं।'

'किले तक आने जाने का साधन क्या है ?' - मेजर जानसन ने पूछा ।

'मोटर बोट' जेम्स बांड बोला- 'हर एक घण्टे बाद अना के तट से किले तक एक मोटर बोट जाती है जिसके आगमन की सूचना पहले ही टेलीफोन द्वारा किले में दे दी जाती है।

कोई ऐसी मोटर बोट जिसकी सूचना पहले से ही किले में न पहुंची हो तो किले के समीप फटकने भी नहीं दी जाती।'

'सुरक्षा का बड़ा तगड़ा इन्तजाम है' टर्नर बड़बड़ाया । 'इन तमाम कठिनाइयों के बावजूद भी तुम्हें आशा है कि हम लोग किले में प्रविष्ट होकर जनरल कार्नली को छुड़ा पाने में सफल हो जायेंगे ?' - हेनरी मुंह बिगाड कर बोला ।

'यह काम होना ही है' जेम्स बांड निश्चयात्मक स्वर से बोला-'हमें यह काम करना ही है। हेनरी और हेनरी, तुम्हारे चरित्र का यह पहलू आज तक मैंने नहीं देखा था। मुझे नहीं मालूम था कि तुम कायर भी हो ।'

हेनरी का चेहरा लाल हो गया ।

'बाई गाड' - वह चिल्लाकर बोला- 'मैं कायर नहीं हूं। और तुम जानते हो मैं कायर नहीं हूं। लेकिन जारहाजा फोर्ट में घुसने की कोशिश करना सरासर आत्महत्या करना है।'

'ऐसी बातें कहकर तुम और लोगों की भी हिम्मत तोड़ रहे थे। वैसे भी एतराज की स्थिति अब गुजर चुकी है। अगर तुम्हें किसी बात से एतराज था तो वह एतराज तुम्हें हैड क्वाटर में 'एम' के सामने जाहिर करना चाहिये था ।'

'उस समय मुझे पता नहीं लगा था कि मुझे कहां भेजा जा रहा है।'

'यह तुम्हारी गलती है। अब तुम्हें ऊटपटांग बककर बाकी लोगों की हिम्मत पस्त करने का कोई हक नहीं है। अगर तुम्हें जारहाजा फोर्ट में घुसने की कोशिश करना आत्महत्या करने जैसा मालूम होता है तो तुम समझ लो कि तुम्हारी मौत आत्म-हत्या से ही लिखी है।'

१२

हेनरी ने कुछ कहने के लिए मुंह खोला लेकिन जेम्स बांड के चेहरे के कठोर भाग देखकर चुप हो गया ।

विंग कमांडर कैरियोला ने अचानक कहा, "कूदने के लिए तैयार हो जाओ।"

'हम ठीक स्थान पर पहुंच गये हैं?' जेम्स बाँड ने प्रश्न किया ।

'अभी पहुंचने ही वाले हैं।' उत्तर मिला ।

सब खड़े हो गये और अपना-अपना सामान सम्भालने लगे । वे लोग द्वार के समीप आकर खड़े हो गये। चुपचाप उन्होंने ओवर हैड तार पर पैराशूट के स्नैप कैच को क्लिप किया ।

सबसे आगे जेम्सबांड था ।

उसके पीछे हेनरी था ।

फिर लैफ्टीनेन्ट स्मिथ ।

फिर टर्नर ।

फिर कारपेन्टर ।

और अन्त में मेजर जानसन ।

मेजर जानसन ने सबके पैराशूट के कैच चैक किये और फिर वापिस अपने स्थान पर आ गया ।

वे प्रतीक्षा करने लगे ।

'पोजीशन ?' पायलेट उच्च स्वर से बोला ।

नेवीगेटर ने राडार, स्क्रीन पर दृष्टि डाली और फिर बोला' कोर्स, जीरो-नाइन-थ्री, सर ।'

'टू मिनट्स जन्टलमैन'- पायलेट बोला ।

सब सावधान हो गये ।

फिर द्वार के ऊपर लगी एक घन्टी बज उठी ।

'बन मिनट जन्टलमेंन' 'पायलेट बोला- 'द्वार की लाल

बत्ती पर निगाह रखिये। उसके हरी होते ही...'

उसने जानबूझ कर वाक्य अधूरा छोड़ दिया ।

फिर प्लेन का द्वार खुल गया। वह द्वार जिसमें से उन्हें बाहर अन्धकार के गर्त में कूदना था ।

बाहर तूफान चल रहा था। द्वार के रास्ते बर्फ जैसी ठण्डी हवा का झोंका प्लेन में प्रविष्ट हुआ । ठण्डी हवा कपड़ों को भेदकर उनकी हडिडियों को कंपकपा गई ।

जेम्स बांड ने दांत भींच लिये। वह उस अभियान का लीडर था। वह नहीं चाहता था कि कोई उसके दान्तों के किट-किटाने की आवाज सुने ।

उसने आंखें फाड़-फाड़कर द्वार से बाहर झांका ।

गहरे अन्धकार के अतिरिक्त उसे कुछ भी दिखाई नहीं दिया । केवल वेगवान बर्फीली हवा का शोर था जो उनके कानों में पड़ रहा था ।

सबकी निगाहें दरबाजे के ऊपर जलती हुई लाल बत्ती पर लगी हुई थी ।

एकाएक वह बत्ती हरी हो गई ।

जेम्स बांड फौरन बाहर कूद गया ।

उसके पीछे हेनरी भी कूदा ।

फिर लेफ्टीनेन्ट स्मिथ। उसने अपने नेत्र बन्द कर लिये थे और सिर और कन्धे नीचे को झुकाकर यू बाहर कूदा था जैसे पैराशूट के बिना छलांग लगा रहा हो ।

फिर लेफ्टीनेन्ट स्मिथ का शरीर तेजी से जेम्स बॉड के समीप से गुजर गया ।

जेस्स बांड के नेत्र फैल गये। उसने आतंकित भाव से नीचे भांका ।

१४

लेफ्टीनेन्ट स्मिथ का पैराशूट ठीक से खुल नहीं पाया था तीव्र हवा की वजह से पैराशूट के अधखुले भाग की डोरियां एक दूसरे से उलझ गई थी। लेफ्टीनेन्ट बहुत तेजी से नीचे गिर रहा था ।

शीघ्र ही वह जेम्स बांड की दृष्टि से श्रोझल हो गया जेम्स बांड ने सिर उठाकर ऊपर और अपने दायें बार देखा । टर्नर, कारपेन्टर और मेजर जानसन भी कूद चुके थे

जेम्स बांड का ध्यान केवल लेफ्टीनेन्ट स्मिथ की ओर लग हुआ था ।

जब आखिरी आदमी भी प्लेन में से कूद गया तो विंग कमांडर कैरिओला ने पायलेट को कन्ट्रोल अपने हाथ में लेने का संकेत किया और अपनी सीट से उठ खड़ा हुआ। वह तेजी से प्लेन के पिछले भाग की ओर लपका ।

पिछले भाग में पड़े बक्से उसने जल्दी-जल्दी एक ओर धकेलने आरम्भ कर दिया। बक्सों के पीछे एक तिरपाल पड़ी थी उसने तिरपाल का एक कोना पकड़ा और उसे खींचकर एक ओर डाल दिया ।

तिरपाल के नीचे से एक बेहद खूबसूरत लड़की प्रकट हुई । तिरपाल हटते ही वह उछलकर अपने पैरों पर खड़ी हो गई। बह पैराशूट पहने हुए थी ।

१५

विंग कमांडर कैरिओला ने उसकी कमर में हाथ डाला और उसे प्लेन के खुले द्वार की ओर धकेलता हुआ बोला- 'जल्दी करो, मिस मेरी ब्राउन ।'

वह उसे तेजी से द्वार के समीप ले आया। उसने पैराशूट का कैच तार में फंसाया और बोला- 'जम्प, क्विक ।'

मेरी ब्राउन फौरन बाहर अन्धकार में कूद गई ।

मेरी ब्राउन के कूद जाने के बाद कितनी ही देर विंग कमांडर केरिओला द्वार के पास खड़ा रहा और नीचे अन्धकार में झांकता रहा। उसके चेहरे पर अविश्वास के भाव थे। उसकी निगाहों में मेरी ब्राउन का खूबसूरत चेहरा तैर रहा था ।

'ब्रेव गर्ल' वह अपने सिर को झटका देता हुआ बड़-बड़ाया। फिर वह पीछे हटा और उसने भारी दरवाजे को खींच-कर बन्द कर दिया ।

वह वापिस अपनी पायलेट सीट पर आ बैठा ।

शीघ्र ही चार इंजन वाला विशाल जेट प्लेन अन्धकार के गर्त में समा गया ।

कमांडर जेम्स बांड घुटनों के बल जमीन पर जाकर गिरा । पैराशूट में हवा भर गई और पैराशूट जमीन पर पड़े जेम्स बांड को अपने साथ हवा के रुख की ओर घसीटने लगा ।

जेम्स बांड ने तेजी से पैराशूट को इक्ट्ठा किया और उसको लपेटकर बन्डल बना लिया ।

उसने उस बन्डल को जमीन पर लगी लम्बी झांड़ियों में छुपा दिया ।

बह उठकर खड़ा हो गया। उसने चारों ओर दृष्टि दौड़ाई ।

हर ओर अन्धकार का साम्राज्य था। एक दिशा में बहुत दूर कहीं रोशनियों की टिमटिमाहट का आभास हो रहा था शायद उधर ही अना का कस्बा था और समुद्र का किनारा था ।

बर्फ जैसी ठन्डी बर्फॉली हवा की वजह से उसके दांत किटकिटाने लगे थे।

कांपते हाथों से उसने अपनी फौजी ट्यूनिक में से एक टार्च और एक सीटी निकाली। उसने बारी-बारी चारों दिशात्रों में टार्च का प्रकाश डाला और साथ ही सीटी बजाई ।

वह प्रतीक्षा करने लगा ।

सबसे पहले मेजर जानसन प्रकट हुआ । फिर हेनरी और टर्नर । लेफ्टीनेन्ट स्मिथ का कहीं पता न था ।

और फिर कारपेन्टर ।

'अपने-अपने पैराशूट समेटकर झाड़ियों में छुपा दो'- जेम्स बांड ने आ देश दिया- 'किसी ने लेफ्टीनेन्ट को देखा है ?'

सबने नकारात्मक ढंग से सिर हिला दिया ।

'उसका पैराशूट ठीक से नहीं खुल पाया था'- जेम्स बांड ने बताया ।

'कोई घबराने की बात नहीं है, कमांडर- 'मेजर जानसन बोला- 'पैराशूट की डोरियाँ उलझ गई थी, वह मैंने भी देखा था। लेकिन वह लैंड कर जायेगा। थोड़ी बहुत चोट खा जायेगा,

और बस ।'

भगवान करे ऐसा ही हो- जेम्स बांड मन ही मन बोला ।

१७

'आओ उसे तलाश करें'- प्रत्यक्ष में वह मेजर जानसन से बोला ।

मेजर जानसन जेम्स बांड के साथ हो लिया। बाकी लोग पीछे पैराशूटों को ठिकाने लगाने में लग गये ।

वे लोग उस दिशा में बड़े जिधर लेफ्टीनेन्ट स्मिथ के होने की सम्भावना थी

शीघ्र ही उन्हें लेफ्टीनेन्ट स्मिथ दिखाई दे गया ।

वह एक खड्ड में पीठ के बल पड़ा था ।

जेम्स बांड की टार्च का प्रकाश उसके चेहरे पर पड़ा।

मेजर जानसन के मुंह से सिसकारी निकल गई ।

लेफ्टीनेन्ट स्मिथ का सिर एक चट्टान से टकराकर तरबूज की तरह कट गया था। उसके सिर के आस पास गहरे लाल चमकदार खून का तालाब बना हुआ था। उसके हाथ पाँव फैले हुये थे और मुंह और आंखें खुली हुई थीं ।

मेजर जानसन फौरन उसके समीप जाकर बैठ गया ।

अधिक देर नहीं लगी। उसने धीरे से हाथ बढ़ाकर उसकी दोनों आंखें बन्द कर दी और उऊ खड़ा हुआ ।

'खतम !' जेम्स बांड ने पूछा ।

मेजर जानसन ने स्वयं धीरे से स्वीकृति सूचक ढंग में सिर हिलाया और फिर पैराशूट की ओर देखता हुप्रा बोला-"लगता है कि पैराशूट की डोरियों में यह खुद भी उलझ गया था । सिर के बल पथरीली जमीन से आकर कराया ।

- लेकिन मैं तो आज तक कभी जहाज पर भी सवार नहीं हुआ जेम्स बांड के कानों में लेफ्टीनेन्ट स्मिथ का सरल स्वर गूज गया ।

उसने एक बार फिर स्मिथ के चेहरे पर दृष्टि डाली ।

लेफ्टीनेन्ट स्मिथ । उम्र तेईस साल ।

दुश्मन के देश में पैराशूट से छलांग लगाता हुआ मर गया ।

भगवान ने उसे इतनी ही जिन्दगी बक्शी थी ।

फिर फौरन उसने अपने मस्तिष्क से ये विचार झटक दिये

और सख्त स्वर में बोला- 'इसका पैराशूट खोलो। और जेब में से सारा सामान निकाल लो ।'

'और लाश ।'- मेजर जानसन ने पूछा ।

'लाश को घसीटकर झाड़ियों में डाल दो- जेम्स बां बोला- 'और कुछ करने का समय नहीं है ! जल्दी करो ।'

मेजर जानसन पैराशूट खोलने लगा ।

जेम्स बांड ने आगे बढ़कर लेफ्टीनेन्ट स्मिथ के गले लटकता हुआ रेडियो निकाल लिया। कुछ क्षण वह रेडियो को. अपने हाथ में उलटता पलटता रहा। बाहरी तौर पर ऐसा नहीं मालूम होता था कि रेडियो को कोई क्षति पहुंची हो। फिर उस ने रेडियो का एरियल खींचकर बाहर निकाला, वह बटन दबाया जिस पर ट्रांसमीटर लिखा हुआ था और फिर साइड में लगे हैंडिल को जोर से घुमाया। ट्रांसमिशन सरकट की लाल बत्ती फौरन जल पड़ी। उसने रिसीवर का स्विच दबाया ट्यूनिंग नाब को घुमाया। जब कोई स्टेशन पकड़ा गया तो उसने वाल्यूम पूरा खोल दिया ।

संगीत की स्वर लहरियां फूट पड़ी ।

जेम्स बांड ने फौरन रेडियो बन्द कर दिया ।

'शुक्र है खुदा का वह बड़बड़ाया- 'रेडियो को क्षति नहीं पहुंची है।'

तभी हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर भी वहां पहुंच गये ।

उन्हें यह बताने की जरूरत नहीं थी कि वहां क्या हो गया था ।

शीघ्र ही उन्होंने लेफ्टीनेन्ट स्मिथ के शरीर को ठिकाने लगा दिया ।

फिर वे सब अपना-अपना किट बैग सम्भाले, जेम्स बांड के निर्देश पर एक ओर चल दिये ।

जेम्स बांड उसी दिशा में बढ़ रहा था जिधर उसने मद्धिम सी टिमटिमाती हुई रोशनियां देखी थीं । रात के गहरे अन्धेरे में बर्फ जैसी ठन्डी हवा के तूफान को चीरते हुए वे पांच व्यक्ति आगे बढ़ते रहे । लगभग दो मील चल चुकने के बाद वे लोग रुक गये । अना के कस्वे की जलती हुई एक आध बत्ती अब ज्यादा स्पष्ट दिखाई देने लगी थी ।

जेम्स बांड ने अपने आसपास दृष्टि दौडाई । दांई ओर एक पेड़ों का झुरमुट सा दिखाई दे रहा था।

हेनरी ने प्रश्न सूचक नेत्रों से जेम्स बांड की ओर देखा । जब जेम्स बांड ने कोई उत्तर नहीं दिया तो वह बोला- 'क्या हुआ रुक क्यों गये !'

'बाकी रात के लिये हम यहीं पड़ाव डाल रहे है।' जेम्स बाँड बोला ।

हेनरी ने विचित्र नेत्रों से जेम्स वांड की ओर देखा और फिर बोला- 'क्यों ? फायदा ? अच्छा तो यह है कि जब हम रात के अन्धेरे में ही अना पहुंच जाये ।'

'मुझे इसमें कुछ अच्छा नहीं दिखाई देता । जेम्स बांड शुष्क स्वर से बोला- 'हम लोग हंगेरियन सीक्रेट पुलिस की

यूनीफार्म में हैं दिन के प्रकाश में कस्बे में पहुंचेगे तो बड़ी सहूलियत से और लोगों में मिल जायेगें। इतनी रात गए अगर हम कस्बे में गये तो कोई भी हमें रोककर प्रश्न कर सकता है। वैसे भी यहां हम ज्यादा सहुलियत से रात गुजार सकते हैं।'

'मेरे ख्याल से तो अभी आगे बढ़ना ठीक है-' हेनरी यू' बोला जैसे उसने जेम्स बांड की बात सुनी ही नहीं-' तुम्हारा क्या ख्याल है टर्नर ?'

'टर्नर का कोई ख्याल नहीं है-' जेम्स बांड कठोर स्वर से बोला और तुम भी अपना ख्याल अपने पास रखो। यह मिलिट्री श्रपरेशन है कोई कमेटी की मीटिंग नहीं। और मिलिट्री आपरेशन में लीडर होते है। तुम लोगों को यह बात पसन्द आये या न आये, 'एम' ने मुझे इस आपरेशन का इन्चार्ज बनाया है। इस आपरेशन के दौरान में वह होगा जो मैं कहूंगा । उस जंगल में पेड़ों के झुरमुट में कहीं खेमा खड़ा करना शुरू कर दो ।'

कुछ क्षण सब एक दूसरे का मुंह देखने लगे। फिर हेनरी बोला- 'ओ० के० वास। उसके स्वर में व्यंग्य का गहरा पुट था ।

सबने अपना-अपना किट बैग सम्भाला और पेड़ों के झुरमुट में पहुंच गये। मेजर जानसन ने अपने किट में से प्लास्टिक का टैन्ट निकाला और उसे खोलने लगा ।

टैन्ट लगाया जाने लगा ।

जेम्स बांड ने गले में से रेडियो उतारकर हाथ में ले लिया और उसे ट्यून करने लगा ।

'पेड़ों की वजह से यहां रिसीविंग स्पष्ट नहीं है-

जेम्स बांड जोर से बोला- 'मैं बाहर मैदान में जाता हूं।'

कोई कुछ नहीं बोला ।

जेम्स बांड रेडियो सम्भाले पेड़ों के झुरमुट से बाहर की और चल दिया ।

हेनरी की सन्दिग्ध निगाहें तब तक उसका पीछा करती रहीं जब तक वह दृष्टि से ओझल नहीं हो गया ।

जिधर से वे आये थे, जेम्स बांड वापिस उस रास्ते पर काफी दूर निकल गया ।

फिर एक स्थान पर वह रुक गया। उसने अपने चारों ओर दृष्टि दौड़ाई । कहीं कोई नहीं था। हर ओर घोर अन्धकार था और या फिर तूफानी हवा का शोर ।

जेम्स वांड के होंठ सिकुड़े और वह धीरे-धीरे सीटी में लीरे ली की धुन बजाने लगा ।

एकः चट्टान के पीछे से एक साया प्रकट हुआ और दौड़ता हुआ उसकी ओर बढ़ा ।

वह मेरी ब्राउन थी ।

'बहुत देर लगाई- मेरी ब्राउन समीप आकर बोली-मुझे भय था कि कहीं मैं अन्धकार में तुम लोगों को खो न बैठी होऊ । मैं केवल तुम लोगों के कदमों की आहट के सहारे आगे बढ़ रही थी ।

'और सब ठीक है। जेम्स बांड बोला ।

'क्या खाक ठीक है। इतनी ठन्डी हवा चल रही है। मेरा सारा शरीर ठन्डा हुआ जा रहा है।'

'वह तो मैं अभी गर्म किये देता हूं' जेम्स बांड बोला । उसने अपनी दोनों बाहें बढ़ाकर मेरी ब्राउन को अपनी बाहों में दबोच लिया और अपने होंठ उसके होठों पर रख दिये ।

'यह 'यह क्या कर रहे हो ! मेरी ब्राउन बड़ी मुश्किल से बोल पाई ।

'तुम्हारी शिकायत दूर कर रहा हूं, मिस मेरी ब्राऊन-'जेम्स बांड उसके होंठो से अपने होंठ हटाये बिना बोला । मैं इस आपरेशन का इन्चार्ज हूँ। हर किसी की शिकायत दूर करने का प्रयत्न करना मेरा कर्त्तव्य है।'

'ऐसी की तैसी तुम्हारी और तुम्हारे कर्त्तव्य की- 'मेरी बोली और उसने जेम्स बांड के शरीर को जबरदस्ती परे धकेल दिया ।

'हॉट आलरेडी' जेम्स बाँड मुस्करा कर बोला ।

'मिस्टर बांड - 'मेरी ब्राउन मुह बिगाड़ कर बोली..तुम यहां हनीमून के लिये नहीं आये हो !'

'मैं आपसे सहमत हूं, मेम साहब 'जेम्स बांड बोला ।

'बाकी लोग क्या कर रहे है।'- मेरी ब्राउन ने पूछा ।

'टैन्ट लगा रहे हैं- जेम्स बांड ने बताया ।

'आगे नहीं बढ़ोगे ।'

'आज रात नहीं। सुबह होते ही हम अना की ओर चल देंगे।'

मेरी चुप रही ।

'तुम्हारी किट में स्लीपिंग बैग है !'

'हां' मेरी ने बताया ।

'जिस चट्टान के पीछे से तुम निकली थी वहीं वापिस पहुंच जाओ और स्लीपिंग वैग में घुस कर सो जानो ।'

'बशर्ते की नींद आ जाये ।'

'कोशिश करो कि नींद आ जाये। आगे पता नहीं कब सोना नसीब होगा ।'

२४

ओ० के० । और कुछ !'

'बस ।'

मेरी वापिस जाने के लिये घूमी ।

जेम्स बांड ने उसकी बांह पकड ली और उसे अपनी ओर खोचा । मेरी ब्राउन सीधी उसके सीने से आ टकराई। उसकी बांह उठी और जेम्स बांड की गरदन से लिपट गई। जेम्स बांड़ के हाथ भी पहले उसकी कमर पर ठिठके और फिर उस की पीठ के पीछे जाकर मिल गये ।

दोनों के होंठ मिले । कुछ क्षण दोनों गाढ़ालिगन में बन्धे रहे फिर मेरी ब्राउन ने जेम्स बांड को परे धकेल दिया ।

'गुड नाइट' - वह चट्टान की ओर बढ़ती हुई बोली ।

गुड नाइट' जेम्स बांड धीरे से बोला । '

मेरी ब्राउन चट्टान के पीछे जाकर दृष्टि से ओझल हो गई ।

जेम्स बांड ने रेडियो सम्भाला। उसने रेडियो का असाधारण लम्बाई का टेलिस्कोपिक एरियल बाहर निकाल कर निर्धारित फ्रीक्वेन्सी पर उसे ट्यून किया और फिर उस की बगल में लगा हैंडिल जोर-जोर से घुमाने लगा ।

चौथी बार में दूसरी ओर से आवाज आई' मैंन हटन मैंन हटन रिपीटिग टु यू, ओवर ।'

जेम्स बांड जल्दी से माइक्रोफोन में बोला- 'दिस इज जीरो जीरो सेवन । कैन आई स्पीक टू 'एम' ? ओवर ।'

'सारी। एम नहीं हैं। ओवर

'कोई मैसेज । ओवर ।'

'रेडी !'

जेम्स बांड ने कोड में सन्देह प्रसारित करना आरम्भ कर दिया। उस सन्देश का साधारण भाषा में अर्थ था -

सुरक्षित पहुंच गए है। मौसम ठीक है। स्मिथ मर चुका है । ०८०० ग्रीन विच मीन टाइम पर रेडियो पर मौजूद रहिये जेम्स बांड ने रेडियो बन्द कर दिया।

उसने रेडियो फिर अपने गले में लटकाया और उठ खड़ा हुआ ।

सामने कारपेन्टर खड़ा था ।

'तुम यहां क्या कर रहे हो?' जेम्स बांड ने तीव्र स्वर में पूछा ।

'सोचा, शायद तुम्हें मेरी मदद की जरूरत हो-' कारपे न्टर शान्ति से बोला ।

'जब मुझे तुम्हारी मदद की जरूरत होगी मैं तुम्हें बता दूंगा 'ओ० के० बास । आई एम सारी। नो औफेन्स पलीज ।'

दोनों वापिस पेड़ों के झुरमुट की और चल दिये ।

जेम्स बांड सोच रहा था ।

कहीं कारपेन्टर फौरन ही तो उसके पोछे नहीं चल दिया था। अगर ऐसा था तो उस ने मेरी ब्राउन को भी जरूर देख लिया होगा ।

जेम्स बांड चिन्तित हो उठा ।

२५

आसमान में भोर का हल्का सा उजियारा छाया हुआ था ।

टैन्ट, स्लीपिंग बैग, खाने के डिब्बे, अन्य बर्तन और स्टोव वगैरह समेटे जा चुके थे ।

किसी की सूरत देखकर ऐसा नहीं मालूम होता था कि रात में कोई सोया था। ऐसे वातावरण में किसे नींद आ सकती थी। सब थके हुए और चेहरे गम्भीर दिखाई दे रहे थे ।

और लोग क्यों नहीं सो पाये यह उन्हें ही बेहतर मालूम था लेकिन जेम्स बांड तो जानबूझ कर जागता रहा था । वह जान-बूझ कर नींद के झोकों को अपने से दूर भगाता रहा था। वह अभी तक यह फैसला नहीं कर सका था कि कारपेन्टर ने मेरी को देखा था या नहीं। सारी रात वह अपने समीप सोये पड़े लोगों की विशेष रूप से कारपेन्टर की, निगरानी करता रहा था। कहीं कोई उठ कर मेरी ब्राउन की ओर न चल दे ।

जेम्स बांड के आदेश पर सबने किट बैग सम्भाले और अना की दिशा में चलने लगे। कुछ क्षण जेम्स बांड उन लोगों के साथ चलता रहा फिर वह जानबूझकर धीरे-धीरे चलने लगा । बाकी लोग उससे आगे निकल गये और बिना उसकी ओर ध्यान दिये आगे बढ़ते रहे ।

जेम्स बांड ठिठक गया। उसने अपना किट-बैग जमीन पर टिका दिया ।

किसी का ध्यान उसकी ओर नहीं था ।

उसने घूमकर पीछे देखा। पीछे उसे कोई दिखाई नहीं दिया । जेम्स बांड ने सीटी बजानी आरम्भ कर दी। सीटी में वह 'लोरे ली' की वह धुन बजा रहा था ।

तत्काल उसे पीछे से सीटी का दूसरा स्वर सुनाई दिया । सीटी का दूसरा स्वर जैम्स बांड ने सीटी बजानी बन्द कर दी। भी 'लोरे ली' की धुन बजा रहा था ।

जेम्स बांड ने शान्ति की सांस ली ।

मेरी ब्राउन उसके पीछे आ रही थी ।

२६

जेम्स बाँड को भय था कि कहीं मेरी ब्राउन सोई ही रह जाये और वे आगे बढ़ जायें ।

'मिस्टर बाँड' उसके कानों में मेजर जानसन का स्वर पड़ा- 'मैं कुछ मदद करू ?'

'नो थैंक्यू' जेम्स बांड बोला- 'किट बैग की रस्सी खुल गई थी। उसे बांधने के लिये रुक गया था ।'

जेम्स बांड ने बैग को फिर अपने कन्धे पर लादा और कदमों से चलता हुआ उनके साथ जा मिला ।

चलते हुए वे लोग एक ऊंची चट्टान पर पहुंच गये ।

जेम्स बांड ने अपने किट बैग में से दूरबीन निकाली और उसकी सहायता से नीचे झाँका ।

नीचे अना का कस्बा दिखाई दे रहा था। कस्बे के आधे अधिक भाग में मिलिट्री की बैरक और शेड थे। बाकी भाग में सिविलियन रहते थे। कसबे में एक ही चौड़ा सा बाजार जिसके दोनों ओर दुकानें थीं और जिसके एक

सिरे पर अना का रेलवे स्टेशन था।

कस्बे से आगे विशाल समुद्र ठठ मारता दिखाई दे रहा था ।

समुद्र के किनारे से दो मील दूर पानी के बीच में से असमान की ओर सिर उठाये जारहाजा का विशाल किला था ।

कस्बे के बाजार में लोग चलते हुए दिखाई दे रहे थे , उनमें अधिकतर फौजी थे ।

जेम्स बांड ने दूरबीन हेनरी के हाथ में दे दी।

हेनरी दूरबीन में से कस्बे की ओर देखने लगा। थोड़ी बाद बोला- 'हम कस्बे में प्रविष्ट होते ही फौरन पहचान लिए जायेंगे ।'

२८

'हम हंगेरियन सीक्रेट पुलिस की ही यूनीफार्म पहने हुए हैं'

जेम्स बाँड ने उसे याद दिलाया ।

'लेकिन फिर भी हम अजनबी तो हैं ।'

'हजारों फौजियों में छः नये चेहरों पर कौन गौर करेगा ।'

'और अगर किसी ने गौर कर लिया। अगर हम पहचान लिये गये तो ?'

'तो फिर हमको गिरफ्तार करके एक दीवार के सहारे खड़ा कर दिया जायेगा और मशीनगन की गोलियों से हमें शूट कर दिया जायेगा ।' - जेम्स बांड क्रुध स्वर में बोला ।

हेनरी कुछ नहीं बोला ।

'तुमने और कुछ कहना है ?'

'मैंने कुछ पूछना है-' हेनरी बोला ।

'क्या ?'

'हम लोग किले में कैसे घुस पायेंगे। जरूर तुमने कोई स्कीम तो बनाई होगी। कोई तरीका तो सोचा होगा। प्रत्यक्ष में तो किले के पास भी फटक पाना असम्भव मालूम हो रहा है।'

'तुम्हें सब कुछ बताया जायेगा लेकिन अभी नहीं ।'

'तो फिर कब ?'

'जब किले में घुसने का वक्त आयेगा।'

'अभी क्यों नहीं ?'

'क्योंकि अभी मैं बताना नहीं चाहता ।'

'लेकिन क्यों ?'

'क्योकि इस आपरेशन का इन्चार्ज मैं हूँ। फैसला करना मेरा काम है। मैं जो उचित समभूगा करूंगा। मैं अभी कुछ बताना उचित नहीं समझता ।'

हेनरी फिर नहीं बोला।

'तुमने और कुछ कहना है ?'

'नहीं' हेनरी कठिन स्वर से बोला ।

'वैरी गुड' जेम्स बांड बोला- 'और भविष्य में कोशिश करना कि तुम्हारी जुबान तभी खुले जब तुमने वाकई कुछ कहना हो। सिर्फ बोलने की खातिर जुबान खोलने से थोड़ा परहेज रखना ।'

हेनरी चुप रहा ।

जेम्स बांड ने घड़ी देखी। फिर उसने रेडियो हाथ में ले लिया। कुछ क्षण वह रेडियो का हेंडिल घुमाता रहा लेकिन दूसरी ओर से कोई उत्तर नहीं मिला। उत्तर मिल भी नहीं सकता था । उसने जानबूझ कर ट्रांसमिशन स्विच को आन नहीं किया था ।

'ओह हैलो !'- जेम्स बांड बोला ।

'इन पेड़ों से दूर चले जायो' मेजर जानसन बोला-'तभी स्पष्ट ट्रान्समिशन सम्भव होगा ।'

जेम्स बांड ने सहमति सूचक ढंग से सिर हिलाया और रेडियो उठाकर उन लोगों से दूर चल दिया ।

पेड़ों के झुरमुट से परे एक स्थान पर एक चट्टान के पीछे आकर उसने रेडियो फिर चलाया ।

फौरन सम्पर्क स्थापित हो गया ।

'जीरो जीरो सेवन, रिपोटिंग । ओवर- 'जेम्स बांड बोला ।

'मैंन हटन कालिंग' दूसरी ओर से आवाज आई -'ओवर टू 'एम' । ओवर ।'

फिर 'एम' का स्वर सुनाई दिया- 'एम कालिंग । ओवर ।'

'मौसम साफ है-' जेम्स बांड बोला- 'आज रात को

वास्तविक आपरेशन में कदम रखा जायेगा। ओवर ।'

'गुड । दुबारा कब बोलोगे ? ओवर ।'

'अभी कुछ मालूम नहीं। हर समय अलर्ट रहिये । ओवर ।'

'ओ० के० ! गुडलक ! गुडबाई ।'

जेम्स बांड ने रेडियो बन्द कर दिया ।

उसने सतर्कता से चारों ओर देखा और फिर 'लोरे ली' की धुन बजाई ।

लगभग तत्काल ही मेरी ब्राउन उसके सामने आ खड़ी हुई ।

जेम्स बॉन्ड ने कहा, 'हेलो।'

मेरी ब्राउन ने हल्लो का उत्तर नहीं दिया। वह बेहद गम्भीर थी। वह बोली-'मैंने दूरबीन से जारहाजा फोर्ट को देखा है। उसके भीतर घुस जाना तो दूर मुझे तो उसके समीप फटक पाना भी असम्भव दिखाई देता है। तुम वहां से जनरल कार्नली को कैसे निकाल लाओगे ?'

'बड़ा आसान काम है' जेम्स बांड मुस्करा कर बोला-'आज रात को मैं टहलता हुआ किले की ओर जाऊंगा और जनरल कार्नली को अपने साथ ले कर आ जाऊंगा।'

'इतना आसान काम है-' मेरी अविश्वास पूर्ण स्वर से बोली ।

'बिलकुल ।'

'तुम्हारा दिमाग खराब हो गया मालूम होता है। तुम तो यू' कह रहे हो जैसे किले तक पहुंच पाना तो कोई समस्या है ही नहीं । तुम टहलते हुए किले के दरबाजे तक पहुंचोगे । दरवाजा खटखटाओगे, उत्तर में दरवाजा खुलेगा और तुम भीतर प्रविष्ट हो जाश्रोगे ।'

'लगभग ऐसा ही होगा जेम्स बांड पूर्ववत् मन्द-मन्द

मुस्कराता हुआ बोला- 'किले का दरवाजा या खिड़की खुलेगी। मुझे तुम्हारा खूबसूरत चेहरा दिखाई देगा। मैं तुम्हारा शुक्रिया अदा करूंगा और भीतर प्रविष्ट हो जाऊ ंगा ।'

'क्या ?' मेरी हैरानी से चिल्ला पड़ी ।

'बिल्कुल ऐसा ही होगा मैडम। तुम द्वार खोलोगी । तुम्हारा धन्यवाद करूंगा और किले के भीतर प्रविष्ट के जाऊंगा।'

'तुम पागलों जैसी बातें नहीं कर रहे हो। तुम सचमुच पागल हो गये हो ।'

'मैं हकीकत व्यान कर रहा है।'

'लेकिन यह हो कैसे सकता है ?'

'जारहाजा फोर्ट में स्टाफ की बहुत कमी है। तुम्हारे जैसी लड़की को वहां फौरन नौकरी मिल जाती है। तुम शक्ल सूरत से हंगेरियन तो लगती ही हो, साथ ही समझदार हो, खूब सूरत हो और जवान हो । कर्नल किसका को ऐसी लड़कियां बहुत पसन्द आती हैं जो खाना पकाने से लेकर उसकी वर्दी के बटन ठीक करने तक के सब काम जानती हों ।'

'कर्नल किसका कौन है ?'

'कर्नल पीटर किसका, जारहाना फोर्ट का डिप्टी चीफ कमांडर है।'

'तुम जरूर पागल हो गये हो' मेरी पहले से अधिक विश्वासपूर्ण स्वर से बोली ।

'मैडम 'जेम्स बांड' इस असम्भव कार्य को करने लिये किसी पागल की ही जरूरत थी। अगर मैं पागल न होता तो किले में प्रवेश करने की बात सोचना तो दूर, मैं दुश्मन क जमीन पर कदम भी नहीं रखता ।'

'लेकिन...'

'सुनो। अना के बीच में से गुजरने वाली चौड़ी सड़क पर 'वाइल्ड डियर' नाम का एक बार है। नाम याद रहेगा तुम्हें ?'

'याद रहेगा । 'वाइल्ड डियर' बार ।'

उस बार के पीछे एक शेड है जो लकड़ियाँ स्टोर करने के काम आता है। रात को ठीक आठ बजे मैं तुम्हें वहां मिलू ंगा ।'

और जेम्स बांड वापिस जाने के लिये मुड़ा ।

'सुनो' मेरी ने उसकी बांह पकड़ ली ।

जेम्स बांड ने प्रश्न सूचक नेत्रों से उसकी ओर देखा ।

'तुम पहले कभी अना में आये हो ?'

'अना में तो क्या, इसके आस पास भी नहीं फटका ।'

'तो फिर यह सब कुछ कैसे मालूम है तुम्हें ? तुम्हें न केवल उस बार की जानकारी है, बल्कि तुम यह भी जानते हो कि उस के पीछे एक शेड है जो लकड़ियां स्टोर करने के लिये काम नाता है।'

'यह सब मुझे 'एम' ने बताया है-' जेम्स बाँड हिचकिचाता हुमा बोला ।

'और 'एम' को यह सब कैसे मालूम है ?'

'यह मुझे नहीं मालूम ।'

'और इस बात की क्या गारन्टी है कि जारहाजा फोर्ट में मुझे नौकरी मिल जायेगी ?'

'इसका इन्तजाम पहले ही किया जा चुका है। और सच पूछो तो जारहाजा फोर्ट में तुम्हारा इन्तजाम हो रहा है।'

'नहीं' मेरी अविश्वासपूर्ण से स्वर बोला ।

'वक्त आने दो । धीरे-धीरे तुम्हें सब समझ आने लगेगा ।'

दिन गुजर गया ।

अन्धकार होने के बाद वे लोग अना के बाजार में से गुजर रहे थे । किसी ने उनकी ओर ध्यान नहीं दिया था ।

अन्धकार होते ही वे लोग अना के रेलवे स्टेशन पर पहुंच गये थे । स्टेशन सुनसान था। उन्होंने चुपचाप स्टेशन के अमानती सामान घर का ताला खोल लिया था और अपना सारा सामान भीतर छुपाकर ताला फिर बन्द कर दिया था ।

अब वे बाजार में से होते हुए वाइल्ड डियर बार में बढ़ रहें थे ।

उसी क्षण आकाश में मशीन की गड़बड़ाहट की आवाज सुनाई दी ।

जेम्स बांड ने सिर उठाकर देखा ।

एक विशाल हैलीकोप्टर आकाश में उड़ रहा था और जारहाजा फोर्ट की ओर बढ़ रहा था ।

उनके देखते-देखते ही हैलीकाप्टर किले में कहीं उतर गया ।

'माई डियर जेम्स बाड- 'हेनरी बोला' जारहाजा फोर्ट तक पहुंचने का एक तरीका यह भी है।'

'मुझे दिखाई दे रहा है। यह तरीका केवल हगेरियन सीक्रेट पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा ही इस्तेमाल किया जा सकता है, हम लोगों द्वारा

नहीं। विशेष रूप से इसलिये क्योंकि हम एक हैलीकाटर अपनी जेब में रखकर नहीं ला सकते थे ।'

'लेकिन यह हैलीकाटर आया क्यों है ?' मेजर जानसन बोला ।

'क्या ?'

'कहीं जनरल कार्नली को जारहाजा फोर्ट से हटा कहीं और न ले जाया जा रहा हो ।'

'कहीं और कहां ? जारहाजा फोर्ट से अधिक सुरक्षित जगह और कौनसी हो सकती है ?'

'ऐन्ड्र सी डट । बुडापेस्ट में हंगेरियन सीक्रेट पुलिस का हैडक्वाटर ।'

'ओह माई गाड ।' मेजर जानसन बोला ।

'मूव' जेम्स बांड बोला ।

वे लोग फिर चल पड़े ।

वे 'वाइल्ड डियर' बार के सामने आकर रुक गये ।

बार के भीतर भारी हंगामे का वातावरण था। वह एक बहुत ही असाधारण आकार का हाल था और भीतर हर रैंक के कम से कम चार सौ फौजी मौजूद थे। बार इतने आदमियों से इस बुरी तरह ठुसा हुआ था कि एक बार तो जेम्स बांड को भीतर प्रविष्ट हो पाना भी असम्भव लगा ।

किसी प्रकार लोगों को धकेल कर रास्ता बनाते हुए वे भीतर प्रविष्ट हो गये

।

भीतर लगभग चालीस मेंजे बिछी हुई थी। जिनमें से हर एक पर आठ नौ व्यक्ति बैठे हुये थे। बाकी लोग बार के लम्बे काउन्टर के पास या जहां भी उन्हें जगह दिखाई दी खड़े थे ।

बार के काउन्टर के पीछे सात आठ लड़कियाँ खड़ी थीं । जो लोगों को आर्डर सर्व कर रही थी। दस बारह लड़कियां ट्रे हाथ में लिये मेजों के बीच में घूम रही थी। फौजी शराब

पी रहे थे, उन लड़कियों के साथ छेड़ खानी और गन्दे मजाक कर रहे थे और गला फाड़-फाड़कर हंस रहे थे ।

एक मेज के समीप जेम्स बांड को खाली कुर्सी दिखाई दी । जेम्स बांड, जल्दी से उस कुर्सी पर बैठ गया। बाकी लोग उसके समीप खड़े हो गये । उस मेज पर दो कैप्टेन और छः लेफ्टीनेन्ट बैठे हुये थे । उन्होंने एक उड़ती सी दृष्टि उस पर डाली और फिर अपने वार्तालाप में मग्न हो गये ।

उसी क्षण जेम्स बांड को भीड़ में से रास्ता बनाकर उस चोर बढ़ती हुई एक वेट्रेस दिखाई दी। वेट्रेस बहुत खूब सूरत थी । निरन्तर भाग दौड़ की वजह से उसका चेहरा तमतमा रहा था और उसके खूब सूरत सुनहरी बालों की एक लट रह रहकर उसके चेहरे के सामने आ जाती थी जिसे वह बड़ी अदा से एक ओर झटक देती थी लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं निकलता था । वह एक लो कट का ब्लाउज पहने हुए थी जिसमें से उसके उन्नत वक्ष के बीच की छाती बहुत गहराई तक देखी जा सकती थी ।

बड़ी कठिनाई से भीड़ में से गुजरती हुई वह जेम्स बांड के पास पहुंची। उसने अपने सुनहरी बालों की लट को एक झटका दिया, मुस्कराई और फिर मादक स्वर से बोला- 'यस, सर !'

'पांच डार्क बियर प्लीज' जेम्स बांड बोला ।

'राइट अवे सर-' वह बोली और वापिस घूम पड़ी। अपने नितम्बों को बहुत ही उत्तेजिक वृताकार गति देती हुई वह बार की ओर बढ़ चली ।

पाँच मिनट बाद वह ट्रे पर पांच बियर के गिलास रखे वापिस लौटी । जेम्स बांड के संकेत पर उसने पहले हेनरी, टर्नर कारपेन्टर और मेजर जानसन को बियर दी और फिर अन्त में

जेम्स बांड की ओर बढ़ी ।

जेम्स बांड के समीप पहुंचकर वह फिर मुस्कराई। उसने झुककर बियर का गिलास जेम्स बांड के सामने मेज पर रख दिया ।

फिर इससे पहले कि वह सीधी हो पाती जेम्ब बांड ने अपना हाथ उसकी कमर में डाल दिया और उसे खींचकर अपनी गोद में बिठा लिया ।

जेम्स बांड की बगल की कुर्सी पर बैठे कैप्टेन ने विचित्र नेत्रों से जेम्स बांड की इस हरकत को देखा लेकिन मुह से कुछ नहीं बोला ।

जेम्स बांड ने लड़की की कमर पर अपने हाथ का दवाव बढ़ाया, दूसरे हाथ में उसकी जांघ को घुटने के समीप छुआ और फिर मुस्कराता हुआ मीठे स्वर से बोला- 'और मेरी सुनहरे बालों वाली नन्हीं बुलबुल का नाम क्या है ?'

'लीजा-' वह जेम्स बांड की पकड़ में से छूटने का प्रयत्न करती हुई बोली- 'प्लीज, सर। मुझे काम करने दीजिये ।'

'देश के लिये अपनी जान हथेली पर रखकर फिरने वाले सैनिकों का मनोरंजन करने से बड़ा काम कोई नहीं हो सकता । 'जेम्स बांड उच्चस्वर से बोला- कुछ देर मेरे पास बैठों। मैं 'तुम्हें एक गीत सुनाता हूँ।'

'कौन सा गीत ?' लीजा ने निरकर्व सा प्रयत्न किया ।

'लोरे ली' जेम्स बांड अर्धपूर्ण स्वर से बोला- 'गाने के मुक्ताबले में मैं सीटी ज्यादा अच्छी बजाता हूं सुनो।'

और जेम्स बांड धीरे-धीरे सीटी में 'लोरेली' की धुन बजाने लगा ।

लीजा ने चेहरे के भाव एकदम बदले । जेम्स बांड के बन्धन में उसने अपना शरीर ढ़ीला छोड़ दिया ।

'आप वाकैई बहुत शानदार सीटी बजाते हैं- वह मीठे स्वर से बोली ।

जेम्स बांड मुस्कराया । अपना बियर का गिलास उठाकर उसने एक बड़ा सा घूट पिया। उसने गिलास नीचे रख दिया और अपने हाथ के पृष्ठ भाग से अपने होठों से बियर की झार पोंछने लगा । हाथ के पीछे से वह बेहद धीमे स्वर से बोला-'तुम रहती कहां हो ?'

प्रत्यक्षतः अपने को बन्धन मुक्त करने का प्रयत्न करती हुई लीजा धीरे से बोली- 'इसी इमारत में। ऊपर एक कमरा है। सिढ़ियां पीछे से हैं।'

'पांच मिनट में अपने कमरे में पहुंचो ।'

लीजा ने धीरे से नेत्र झुकाकर सहमति प्रकट की ।

जेम्स बाँड ने देखा, अब कई लोग सन्दिग्ध नेत्रों से उन दोनों की ओर देखने लगे थे ।

'मेरे मुंह पर तमाचा मारो 'जेम्स बांड हाथ की ओट से होंठों में बुदबुदाया ।' जोर से ।'

लीजा हिचकिचाई ।

जेम्स बाँड ने जोर से उसकी जाँघ पर चिकोटी काटी ।

लीजा पीड़ा से बिलबिला उठी। फिर उसका दाँया हाथ घूमा और भड़ाक

से जेम्स बांड के चेहरे से टकराया । तमाचे की आवाज तोप की तरह सारे हाल में गू ंज गई। हाल में मौजूद हर आदमी की गरदन क्रेन की तरह जेम्स बांड की ओर १ गई। पलक झपकते ही जेम्स बांड चार सौ फौजियों की उत्सुक दृष्टि का केन्द्र बन गया था ।

और यही जेम्स बाँड चाहता था ।

३७

अब लोग उसके चरित्र पर तो सन्देह कर सकते थे लेकिन उसकी हकीकत पर नहीं। दुश्मन के देश में आकर आदमी का प्रयत्न यही रहता है कि किसी का ध्यान उसकी ओर न जाये । ऐसा आदमी कभी ऐसी हरकत नहीं करेगा जिसकी वजह से वह सब की जानकारी में आ जाये ।

लीजा एक झटके से जेम्स बांड की गोद में से उठ गई। उसने मेज पर पड़ा वह नोट उठाया जो जेम्स बांड ने बियर की कीमत के बदले में पहले ही मेज पर रख दिया था। वह झटके से बार काउन्टर की ओर बढ़ी ।

जेम्स बांड भी अपने स्थान से उठा और लीजा के पीछे लपका लेकिन उसकी बगल में बैठे कैप्टेन ने उसका रास्ता रोक लिया। वह काफी शराब पी चुका था और नशे में भूम रहा था।

'सीक्रेट पुलिस के एक आफिसर को ऐसी बहूदा हरकत नहीं करनी चाहिये थी' - कैप्टन उच्च स्वर से बोला ।

जेम्स बांड मेजर की यूनीफार्म में था लेकिन उस समय कैप्टन मेजर के लिये कोई विशेष सम्मान प्रकट करने के मूड में नहीं था ।

जेम्स बांड ने कहर भरी निगाहों से कैप्टन को देखा। उस ने एक असहाय दृष्टि अपने से काफी दूर निकल गई लीजा पर डाली और फिर यू बोला जैसे वह अपनी झुंझलाहट कैप्टन पर उतार रहा हो- 'कैप्टन, होश में आओ। तुम मेजर लाजोस राकोसी के सामने खड़े हो ।'

कैप्टन गड़बड़ा गया । जेम्स बाँड का अभिनय का अपेक्षित प्रभाव उस पर पड़ा था। वह धीरे से एक ओर हट गया ।

'आई एम सारी मेजर' वह क्षमा याचना पूर्ण स्वर से बोला ।

'सैल्यूट ।'

कैप्टन ने भड़ाक से सल्यूट मारा । जेम्स बाँड आगे बढ़ गया ।

मेजर जानसन के समीप पहुंचकर वह एक क्षण के लिए रुका ।

'मैं बाहर जा रहा हूं'- जेम्स बांड होंठो में बुदबुदाया-'कोई मेरे पीछे न आवे ।'

मेजर जानसन ने धीरे से सहमति सूचक ढंग से सिर हिला दिया ।

जेम्स बाँड भीड़ में से रास्ता बनाता हुआ बाहर निकल गया ।

बाहर तेज बर्फीली हवा का तूफान चलने लगा था। रास्ता सुनसान पड़ा था। बार की इमारत की साइड में से चक्कर लगाकर वह पिछवाड़ में पहुंचा। पीछे एक शेड था जिसमें लकड़ी के मोटे-मोटे लठ्ठ बड़े सलीके से शैड की छत तक चुने हुए थे । जेम्स बांड ने घड़ी पर दृष्टिपात किया। ठीक आठ बजे थे ।

उसने धीरे से सीटी में लोरे ली की धुन बजाई ।

लकड़ियों के एक ढेर के पीछे से मेरी ब्राउन फौरन बाहर निकल आई ।

जेम्स बांड ने बिना एक शब्द बोले मेरी ब्राउन का हाथ पकड़ लिया और शेड की समीप से ऊपर की ओर जाती हुई लकड़ी की सीढ़ियों की ओर बढ़ा ।

सीढ़ियों के रास्ते वे छत पर पहुंचे। छत पर सीढ़ियां एक लकड़ी की ढ़लुवां छत वाले बरामदे पर खत्म होती थीं।

४०

उस बरामदे के पीछे एक कमरा था ।

जेम्स बांड ने हाथ बढ़ाकर दरवाजे का लैंच घुमाया । दरवाजा खुला था। दोनों भीतर प्रविष्ट हो गये । जेम्स बाँड ने दरवाजा बन्द कर लिया ।

जेम्स बांड ने कमरे की रोशनी जलाई और कमरे का निरीक्षण करने लगा ।

पलंग के नीचे उसे एक चमड़े का पुराना सूटकेस दिखाई दिया। उसने सूटकेस पलंग के नीचे से खींच लिया और उसे पलंग पर रख दिया। वह सूटकेस खोलता हुआ मेरी ब्राउन से बोला- 'अपने सारे कपड़े उतार दो ।'

'क्या ?' मेरी चिल्लाई ।

'चिल्लाओ नहीं'- 'जेम्स बांड बोला 'जो मैं कहता हूँ वह करो । अपने तन का एक-एक कपड़ा उत्तार दो। इस सूटकेस में तुम्हारे नाम के कपड़े हैं। इनमें से एक ड्रेस पहन लो ।'

'लेकिन इन कपड़ों में क्या खराबी है ?'

'खराबी है। बहस मत करो। जो मैं कहता हूं करो।'

'तुम मुंह दूसरी तरफ करो'- मेरी ब्राउन बोली ।

जेम्स वांड ने मेरी ब्राउन से विपरीत दिशा में खिड़की की ओर मुंह फेर लिया ।

'अगर घूमकर देखो तो भगवान करे तुम्हारी आंखें फूट जायें।'

'नहीं देखूंगा । जरूरत ही नहीं है।'

मेरी ने जेम्स बांड की अन्तिम बात की ओर ध्यान नहीं दिया । जेम्स बांड को वाकई घूमकर देखने की जरूरत नहीं थी। उसके सामने की शीशे की खिड़की में मेरी का पूरा शरीर स्पष्ट रूप से प्रतिबिम्बित हो रहा था।

'इस सूटकेस में तुम्हारे बाकी कपड़े हैं। तुम्हारा नाम मारिया लोजी है। बाइल्ड डियर बार में लीजा बोजी नाम की तुम्हारी बहन काम करती है। उसके प्रयत्नों से तुम्हें जारहाजा फोर्ट में नौकरी मिल गई है और तुम केवल बीस मिनट पहले बस द्वारा सौ मील का सफर करके अना पहुंची हो। सूटकेस में ही एक हैण्ड बेग मौजूद है। उसमें तुम्हारे शिनाख्त के कागजात अप्येन्टमैंट लैटर, बस का टिकट और ऐसी ही दूसरी चीज मौजूद हैं।'

'बस का टिकट भी'- मेरी हैरानी से बोली ।

'हां।'

'कमाल है ।

'कोई कमाल नहीं है।'- जेम्स बांड शान्त स्वर से बोला-'सब कुछ जाली है। लन्दन में इन्टेलीजेंस के हैडक्वार्टर में तैयार किया गया है। मेरी, अभी बहुत सी बाते तुम्हें तुम्हारी बहन लीजा बतायेगी । तुम्हें उनमें से एक भी बात नहीं भूलनी है। तुम्हारी छोटी से छोटी गलती भी तुम्हारी मौत का कारण बन सकती है। और तुम्हारे बिना हमारे अभियान की सफलता की अंश मात्र भी सम्भावना नहीं है।'

'मेरी ने सहमति सूचक ढंग से सिर हिलाया और बोली' -

'मैं कपड़े पहन चुकी हूँ।

जेम्स बांड उसकी ओर घूमा ।

'ये कपड़े तो मुझे एकदम फिट आये हैं' मेरी बोली, 'ऐसा मालूम होता है जैसे मेरे ही लिये सिलवाये गये हों

'ये कपड़े तुम्हारे ही लिये सिलवाये गये थे, मैडम' - जेम्स बांड बोला ।

'लेकिन इन कपड़ों और जाली कागजात को तैयार करने मे हफ्तों लगे होंगे ?'

'बिल्कुल ठीक ।' विशेष रूप से जाली कागजात तैयार करवाने में तो बहुत समय लगा था। कागजात फर्स्ट क्लास फौर्जरी का नमूना होने जरूरी था। आखिर इन्हीं कागजातों के दम पर तुम्हें शेर की मांद में झोंका जाने वाला था ।

'लेकिन'- मेरी भारी हैरानी भरे स्वर से बोली-'लेकिन जनरल कार्नली का प्लेन क्रैश तो सिर्फ कल सुबह 'हुआ है।'

'करैक्ट'- जेम्स बांड उसकी उलझन का मजा लेता हुआ बोला ।

'जबकि तुम्हारे कथनानुसार इस अभियान की तैयारियां हफ्तों से हो रही है'- मेरी बोली- 'क्या तुम लोगों को पहले ही मालूम था कि दुश्मन के क्षेत्र में जनरल कार्नली का प्लेन दुर्घटना ग्रस्त हो जायेगा ?'

'वह प्लेन क्रैश नकली था' जेम्स बांड बोला- 'सब कुछ एक पूर्व निर्धारित मिशन के अन्तर्गत किया गया था।'

'कौन सा मिशन ?'

'वक्त आने पर उसकी जानकारी तुम्हें खुद ही हो जायेगी '

'लेकिन मेरी समझ में यह नहीं आता कि अपने किसी मिशन की खातिर

तुम लोग एक जनरल की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ कैसे कर सकते हो ? तुम्हारे कथनानुसार जनरल कार्नली को तुमने जानबूझ कर शत्रुओं के चंगुल में फंसाया है। अगर तुम्हारा मिशन फेल हो गया तो जनरल कार्नली का क्या होगा ? क्या शत्रु उसे टार्चर कर के ब्रिटिश सुरक्षा प्रयत्नों के बारे में उससे जबरदस्ती जानकारी हासिल नहीं करा लेंगे ?'

'नहीं कर सकते ?'

'क्यों ?'

'क्योंकि जनरल कार्नली तो इस समय लन्दन में अपने प्लैट में मौजूद होंगे ।'

'क्या ?' मेरी हैरानी से चिल्लाई - 'तो फिर वह आदमी कौन है जो इस समय जारहाजा फोर्ट में कैद है।'

'वह जनरल कार्नली का डबल है। बहुरूपिया है। हमारा एजेन्ट है। फौज के बारे में तो उसे इतनी जानकारी भी नहीं है कि वह कैप्टन और मेजर में फर्क पहचान ले। और इससे पहले कि दुश्मनों को भी मालूम हो जाये कि वह जनरल कार्नली नहीं है, हमें उसे वहां से छुड़वा लेना है।'

'लेकिन मिशन क्या है ? यह सब किया क्यों जा रहा है ? क्या हम लोग जारहाजा फोर्ट में घुसने जैसा असम्भव काम केवल एक बहुरुपिये को बचाने के लिए कर रहे हैं। एक महत्व हीन आदमी के लिये।'

'कुछ भी महत्वहीन नहीं है, मेरी' - जेम्स बांड उसकी बात काटकर बोला- 'वक्त आने पर तुम्हें छोटी से छोटी बात का महत्व दिखाई देने लगेगा ।

उसी क्षण किसी ने द्वार खटखटाया ।

जेम्स बांड ने रिवाल्वर निकालकर हाथ में ले ली। उसने आगे बढ़कर एक

झटके से द्वार खोला ।

बाहर लीजा खड़ी थी।

जेम्स बांड एक ओर हट गया । लीजा भीतर प्रविष्ट हो गई। 'लीजा बोजी'- मेरी ने नाम दोहराया । '

जेम्स बांड ने फिर द्वार बन्द कर लिया ।

'यह लीजा बोजी है'-

जेम्स बांड बोला । --हां। लीजा बोजी हंगरी में हमारी टाप सीक्रेट एजेन्ट है।'

४४

मेरी के नेत्र फैल गये। वह हैरानी से लीजा की सूरत देखने लगी ।

'और यह मेरी ब्राउन है'- जेम्स बांड लीजा से बोला-'और अब इसी क्षण से तुम्हारी छोटी बहन मारिया बोजी है, जिसकी जारहाजा फोर्ट में नौकरी लग गई हो। तुम इसे इसका सबक पढ़ाओ, मैं चला ।'

जेम्स बांड ने मेरी की कमर थपथपाई, लीजा की ओर मुस्कराकर देखा और द्वार की ओर बढ़ा ।

द्वार के समीप पहुंचकर वह ठिठका। अपने आप ही उसका हाथ उस गाल को सहलाने लगा जिस पर बार में लीजा ने थप्पड़ जमाया था। उसने घूरकर लीजा की ओर देखा और बोला- 'मैंने तुम्हें इतनी जोर से थप्पड़ मारने के लिए नहीं कहा था ।'

'लेकिन' लीजा शरारत भरे स्वर से बोली- 'थप्पड़ की आवाज सारे बार में गूंजनी जरूरी थी। वैसे मेरा हाथ अभी तक दुख रहा है। तुम्हारा चेहरा बहुत सख्त है ।'

जेम्स बांड हंसा और कमरे से बाहर निकल गया ।

वह सीढ़िया उतर रहा था कि उसे अपने पीछे कदमों की आहट सुनाई दी। उसने घूमकर देखा। लीजा उस ओर आ रही थी ।

'एक बात तुमने पूछी नहीं' - लीजा बोली- 'और मैं बताना भूल गई ।'

उसके समीप आकर जेम्स बांड ने प्रश्न सूचक नेत्रों से उसकी ओर देखा ।

'किनारे की जिस जेटी से किले के लिये मोटर बोट चलती है, उसके समीप ही एक लकड़ी का केबिन है। आक्सीजन के सिलेंडर और गोता खोरी का सामान उस केबिन में है।

यह केबिन की चाबी है।' लीजा ने एक चाबी उसकी ओर बढ़ा दी। जेम्स ब्रांड ने चाबी अपनी जेब में रख ली।

'और हाल ही में किले की सुरक्षा का एक नया इन्तजार किया गया है। शायद उसकी जानकारी अभी तुम्हें न हो।'-लीजा बोली ।

'क्या ?' जेम्स बांड आशंकित स्वर से बोला ।

'किले के चारों ओर पानी में बारूद की सुरंगे बिछाई गई हैं, अना से चलने वाली मोटर बोट एक पूर्व निर्धारित रास्ते से हो कर किले तक जाती हैं। मोटर बोट के चालक को मालूम होता है कि किस जगह बारूद की सुरंगे नहीं हैं।'

'मतलब यह है कि अनजाने आदमी का किले के आसपास के समुद्र में कदम भी रखना खतरनाक है।'

'हां ।'

'और ?'

'और कुत्तों से बचकर रहना। किले के तीन ओर की दीवारें तो सीधी पानी में उतरी हुई हैं लेकिन चौथी ओर एक बड़ा सा मैदान है जहां सशस्त्र सैनिक संसार के सबसे भयंकर कुत्ते लेकर पहरा देते हैं।'

'मैं ख्याल रखूंगा ।'

लीजा वापिस लौट गई।

जेम्स बांड सीढ़ियां उतरकर नीचे आया। सावधानी से चलता हुआ वह बार के सामने के भाग में आ गया। उसने एक सिगरेट सुलगाया और फिर बार में प्रविष्ट हो गया ।

भीतर अभी भी वैसे ही हंगामें का आलम था ।

उसने चारों ओर दृष्टि दौड़ाई। मेजर जानसन के अति-रिक्त उसे अपना कोई साथी बार में दिखाई नहीं दिया। जेम्स बोड मेजर जानसन के समीप पहुंचा ।

४५

'बाकी लोग कहां है ?' उसने धीरे से पूछा ।

'टर्नर बार के सिरे पास है'- मेजर जानसन ने के बताया ।

'और कार पेन्टर ?'

'वह खम्बे के पास वाली मेज पर उस मोटे से फौजी की बगल में बैठा है।'

'हेनरी ।'

'हेनरी पता नहीं कहां है। इतने लोगों की भीड़ में वह मुझे दिखाई नहीं दे रहा है।'

'मुझे दिखाई दे रहा है - जेम्स बांड बोला ।

मेजर जानसन ने जेम्स बांड की ओर देखा । हेनरी मुख्य द्वार से भीतर प्रविष्ट हो रहा था ।

हेनरी द्वार के पास ठिठका । उसने एक उड़ती सी दृष्टि जेम्स बांड की दिशा में डाली और फिर भीड़ में से रास्ता बनाता हुआ बार के काउनटर की ओर बढ़ा ।

जेम्स बांड कुछ क्षण सोचता रहा फिर वह मेजर जानसन की ओर झुका मौर धीरे से बोला- 'मेजर, जो मैं कहता हूँ उसे सुनो और गौर से सुनो। वक्त आ गया है जब तुम्हें बहुत सी नई धौर अविश्वसनीय बातों की जानकारी होनी चाहिये । अपना सिर मेरी ओर झुकाओ ।'

जेम्स बांड धीमें शब्दो में बोलने लगा ।

तत्काल मेजर जानसन के चेहरे पर आश्चर्य और अविश्वास के भाव प्रकट हुए लेकिन शीघ्र ही उसने स्वयं को कन्ट्रोल कर लिया ।

'मुझे अभी भी विश्वास नहीं होता" अन्त में मेजर जानसन बोला ।

४६

'यह हकीकत है जेम्स बांड भावहीन स्वर में बोला ।

'कमाल है।'

जेम्स बांड ने उत्तर नहीं दिया। उसने बार की ओर दृष्टि दौड़ाई । लीजा बार काउन्टर के पीछे मौजूद थी और काउन्टर पर खड़े लोगों को सर्व कर रही थी। शायद बार का पिछवाड़े से भी कोई दरवाजा था क्योंकि उसने लीजा को मुख्य द्वार से बार में प्रविष्ट होते नहीं देखा था ।

जेम्स बांड ने एक नया सिगरेट सुलगा लिया ।

उसी क्षण बार के द्वार पर मेरी ब्राउन प्रकट हुई। वह हाथ में सूट केस थामे हुए थी और उसकी सूरत में ऐसा लग रहा था जैसे वह बहुत लम्बा और कष्ट दायक सफर करके आई हो।

स्त्री के सहवास को तरसे हुए फौजियों से मेरी ब्राउन की मौजूदगी छुपी नही रही। सब की गरदने क्रेनकी तरह द्वार की ओर घूम गई। नये चेहरे को देखकर उनके मन में नई सम्भावनायें पनपने लगती थी ।

मेरी कुछ क्षण परेशान सी. अनिश्चित सी द्वार पर खड़ी रही। फिर उसकी निगाहें लोजा की निगाहों से टकराई ।

मेरी ब्राउन ने सूटकेस वही छोड़ दिया और लीजा की ओर लपकी । लीजा भी काउन्टर के पीछे से निकल कर मेरी ब्राउन की ओर भागी ।

फौजियों की भीड़ के बीच में दोनों एक दूसरे से लिपट गई दोनों के ही ऐक्शन ऐसे थे जैसे वे मुद्दत के बाद एक दूसरे से मिल रही हो ।

'माई डियर मारिया ! माई डियर मारिया !' लीजा प्रस-न्नता के आवेश में उच्च स्वर से कह रही थी- 'मेरी प्यारी बहन । आ गई तू ।'

४८

'हां, लीजा बहन-- मारिया बोली और उसने जोर से लीजा को अपने सीने के साथ भीच लिया ।

जेम्स बांड सोच रहा था। ये दोनों लड़कियां सीक्रेट सर्विस की एजेन्ट है या पेशेवर अभिनेत्रियां है ।

'लीजा की बहन है। कोई फौजी बोला ।

'मारिया - 'लीजा बोली-- अब यहां आ गई हो तो इन फौजियों से हमेशा सावधान रहना । इनमें और भूखे भेड़ियों में कोई विशेष अन्तर नहीं है।'

जिन फौजियों के कानों में लीजा की बात पड़ी वे ठठा कर हंस पड़े ।

लीजा मेरी ब्राउन की बांह थाम उसे काउन्टर के पास ले आई । काउन्टर के पास एक सादे वस्त्र पहने हुए एक आदमी खड़ा था। लीजा उसके पास रुकी ।

'मारिया लीजा बोली- 'ये कैप्टेन गीजा रिबका हैं। ये जारहाजा फोर्ट में नियुक्त हैं। और कैप्टन यह मेरी बहन है मारिया बोजी । इसकी फोर्ट में नौकरी लग गई है।'

'मुझे मालूम है कैप्टेन रिबका एक गहरी प्रशन्सात्मक दृष्टि मेरी ब्राउन पर डालता हुआ बोला- 'लीजा मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि तुम्हारे खानदान में कोई तुमसे भी ज्यादा खूब सूरत हो सकता है।'

मेरी ब्राउन बड़ी अदा से शरमाई ।

'तुमने आज ही से किले में काम करना शुरू कर देना है। कैप्टेन रिबका मेरी ब्राउन से बोला- 'अगली मोटर बोट दस मिनट में जायेगी। मैं तुम्हे अपने साथ लेकर जाऊंगा ।'

'इतनी जल्दी नहीं कैप्टेन लीजा बोली- 'अभी तो मेरी बहन यहां पहुंची ही है। मुझे भी तो इससे दो बातें करने क अवसर दो ।

'तुम भी किले में इसके साथ चली चलो कैल्टन रिबका भारी दयालुता का प्रदर्शन करता हुआ बोला- 'अगली मोटा बोट से वापिस लौट आना ।'

'फिर भी कम से कम इसे कपड़े बदलने और थोड़ा हुलिया सुधारने का तो अवसर दो। ऐसी भी क्या जल्दी है।'

'ओ० के० । ओ० के०

लीजा ने मारिया का सूटकेस उठाया और उसे साथ लेकर बार के पिछले दरवाजे से बाहर निकल गई। वह उसे फिर ऊपर के कमरे में ले आई ।

'कपड़े बदल लो और हाथ मुंह धोलो- लीजा बोली ।

'क्या जरूरत है- मेरी ब्राउन बोली ।

'जरूरत है। कैप्टन रिबका एक नम्बर का हरामी आदमी है। छोटी से छोटी डिटेल नोट करता है। मैंने उसे कहा है कि तुम कपड़े बदलने और हाथ मुंह धोने जा रही हो इसलिये तुम्हें ये दोनों काम करने ही हैं।'

मेरी ब्राउन ने आदेश का पालन किया ।

'यह जारहाजा फोर्ट का नक्शा है' - लीजा अपने ब्लाउज में से एक मुड़ा हुआ कागज निकाल कर मेरी ब्राउन को सौंपती हुई बोली- इसे अच्छी तरह याद कर लो और फिर कागज को फाड़ कर फेंक दो ।'

'मैं इसे अपने पास नहीं रख लू' ।'

'नहीं ।'

'क्यों ?'

'किले में तुम्हारी और तुम्हारे सामान की कई कई बार तलाशी होगी।

अगर यह नक्शा तुम्हारे पास पकड़ा गया तो कहानी ही खतम हो जायेगी। तुम यहीं ठहो। मैं थोड़ी देर बाद वापिस आती हूं।'

मेरी ब्राउन ने सहमति सूचक ढंग से सिर हिला दिया ।

लीजा फिर नीचे वार में आ गई ।

नीचे जेम्स बांड ने अपनी कलाई पर बंधी घड़ी पर दृष्टि पात किया और

फिर मेजर जानसन से बोला- 'हेनरी वगैरह को संकेत कर दो। हम यहां से चल रहे हैं।'

मेजर जानसन हेनरी की दिशा में बढ़ा ।

उसी क्षण एक भड़ाक की आवाज के साथ बार का दरवाजा खुला और कम से कम बीस मशीन गन धारी फौजी आनन फानन बार में घुस आये। बार की दीवार के साथ साथ वे सावधान की मुद्रा में खड़े हो गये ।

फिर बार में एक फौजी कर्नल प्रविष्ठ हुआ ।

उसके पीछे दो और मशीनगन धारी फौजी थे जो दरवाजे पर जम गये ।

मेजर जानसन ने प्रश्न सूचक नेत्रों से जेम्स बांड की ओर देखा ।

'हो गया काम जेम्स बांड बड़बड़ाया ।

बार में एक दम सन्नाटा छा गया था। एक क्षण पहले का भीषण शोर पता नहीं कहां गायब हो गया था ।

काउन्टर के पीछे खड़े बार के मालिक का रंग उड गया । वह बदहवास सा काउन्टर के पीछे से निकला ओर लड़खड़ाता हुआ कर्नल के सामने आ खड़ा हुआ।

'कर्नल बाक्स' - वह कम्पित स्वर से बोला- 'कर्नल बाक्स । क्या हो गया है, कर्नल बाक्स ।

'तुम्हारे बार में देश के दुश्मन मौजूद हैं'- कर्नल बाक्स कठोर स्वर में बोला ।

'यहां ! मेरे बार में!' मालिक सिर से पांव तक कांप गया - असम्भव ! कर्नल मैं...'

'तुम नहीं जानते, तुम्हारे बार में क्या हो रहा है- कर्नल उसे बीच में रोकता हुना बोला- इसलिये तुम चुप रहो।'

मालिक का चेहरा राख की तरह सफेद हो गया था । उसने बोलने के लिये मुंह खोला लेकिन फिर चुप हो गया ।

कर्नल हाल के मध्य में आ खड़ा हुआ और फिर उच्च स्वर से बोला - 'आठवीं, ग्यारवीं और पन्दरहवीं टुकड़ी के जितने सीनियर आफिसर यहां मौजूद हैं' वे मेरे सामने आयें ।'

फौरन दो मेजर और एक लैफ्टीनेन्ट कर्नल उसके सामने अटेन्शन की मुद्रा में आ खडे हुए ।

'आप तीनों अपनी टुकड़ी के सारे आदमियों को सूरत से पहचानते हैं ?' कर्नल बाक्स ने पूछा ।

तीनों ने स्वीकृति सूचक ढंग से सिर हिला दिया ।

'वैरी गुड' कर्नल बोला- 'अब आप तीनों मुझे यह बतायेंगे कि बार में मौजूद फौजियों में अजनबी सूरतें कौन सी हैं। आप लोग..'

'इसकी जरूरत ही नहीं है, कर्नल साहब - लीजा का उच्च स्वर हाल में गूंज गया- जिस आदमियों की आपको तलाश है उसे मैं जानती हूँ। मैं आपको बता सकती हूं कि यहां अजनबी कौन है।'

कर्नल फौरन लीजा की ओर घूमा। लीजा की सूरत देख कर उसके चेहरे पर मुस्कराहट आ गई ।

लीजा लम्बे डग भरती हुई कर्नल की ओर बढ़ी। फौजियों की भीड़ काई की तरह फटती चली गई ।

'मेरा नाम लीजा है।' यह कर्नल के समीप आकर बोली-'आप मुझे जानते हैं, कर्नल बाक्स। मैं जारहाजा फोर्ट में आप की बहुत सेवा कर चुकी हूँ।'

कर्नल मुस्कराया और तनिक सिर नवा कर बोला ? यू' आर राइट, यंग लेडी । मैं तुम्हें पहचानता हूं। तुम किले की ग्राफिसर्स कैन्टीन में वेट्रेस रह चुकी हो। वह अजनबी कौन है जिसका तुम जिक्र कर रही हो ।

'वह !' लीजा बड़ नाटकीय ढंग से जेम्स बांड की ओर उंगली उठाती हुई बोली- 'वही वो आदमी है जिसकी तुम्हें तलाश है कर्नल बाक्स। इस आदमी ने मेरे साथ बदमाशी करने की कोशिश की थी।'

'माई डियर लीजा' कर्नल अपनी हंसी दबाने का असफल प्रयत्न करता हुआ बोला- 'अगर हम हर उस आदमी पर, जो तुम्हारे जैसी खूबसूरत लड़की के साथ बदमाशी करने का प्रयत्न करता है, सन्देह करने लगे तो..'

'लेकिन कर्नल बाक्स' - लीजा उसकी बात काट कर बोली - 'यह आदमीं मुझ से जनरल कार्नली नाम के किसी आदमी के बारे में भी पूछताछ कर रहा था।'

तत्काल कर्नल बाक्स के चेहरे से मुस्कराहट उड़ गई। उसने जेम्स बांड की ओर देखा और फिर मशीन गन धारी फौजियों को संकेत किया ।

फौरन आधी दर्जन फौजियों ने जेम्स बांड को घेर लिया। जेम्स बांड ने अपनी जेबों में से अपने हाथ बाहर निकाल लिये । उसकी दाई मुट्ठी में एक छोटी सी सफेद गोली और एक पीले रंग का शीशे का कैप्सुल दवा हुआ था।

कर्नल ने सन्तुष्टिपूर्ण ढंग से सिर हिलाया और फिर लीजा की और घूमा - तुमने इस आदमी को जनरल कार्नली के बारे में क्या बताया था ?'

'कुछ भी नहीं' - लीजा बोली- 'मैं कुछ जानती ही नहीं । बताती क्या ? मैंने तो कभी जनरल कार्नली का नाम ही नहीं सुना । और अगर मैं कुछ जानती भी होती तो मैं इस आदमी को बताती क्यों ? कर्नल बाक्स, मैं एक अच्छी कम्यूनिस्ट हूँ। मैं पार्टी की मेम्बर हूँ। कैप्टन गीजा रिबका मुझे निजी रूप से जानते हैं। आप चाहें तो मेरे बारे में इन से पूछ लीजिये ।'

'इसकी जरूरत नहीं है।' कर्नल बाक्स बोला- 'इस बात में किमी को कभी कोई सन्देह नही हो सकता कि तुम एक देश भक्त और इमानदार कम्यूनिस्ट हो। मैं तुम्हारी तारीफ करता हूं कि तुम देश की सुरक्षा के प्रति हर समय इतनी सजग रहती हो ।'

लीजा का चेहरा खुशी से दमक उठा ।

जेम्स बांड ने जम्हाई ली और फिर अपना दाया हाथ यू मुंह की ओर उठाया जैसे जम्हाई रोकने की कोशिश कर रहा हो। फौरन उसने गोली और कैप्सूल अपने मुंह में डाल ली और हाथ नीचे गिरा लिया । गोली वह तत्काल निगल गया लेकिन कैप्सूल वह अपनी जबान के नीचे दबाये रहा ।

कर्नल बाक्स जेम्स बाँड की ओर घूमा। कुछ क्षण वह जेम्स बांड के भावहीन चेहरे को पढ़ने की कोशिश करता रहा और फिर बर्फ जैसे ठन्डे स्वर से बोला- 'यहां तुम्हारे साथी कौन कौन हैं कामरेड ? मेरे ख्याल से तुम यह कहने की मूर्खता नहीं करोगे कि तुम अकेले हो ।'

'नहीं करूंगा' - जेम्स बांड बोला ।

५३

कर्नल बाक्स से कुछ छुपाने में कोई लाभ नहीं था । कर्नल तीन मिनट में यह पता लगा सकता था कि वहां मौजूद चार सौ फौजियों में से अजनबी चेहरे कौन से थे। जेम्स बाँड ने एक जलती हुई दृष्टि लीजा की ओर डाली और फिर उसने बारी-बारी मेजर जानसन, हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर की ओर संकेत कर दिया ।

बार के ऊपर के कमरे की खिड़की में मेरी ब्राऊन सांस रोके खड़ी थी। बार के सामने मिलिट्री की कई गाड़ियां मौजूद थी और चारों ओर सशस्त्र फौजी फैले हुये थे ।

उसी क्षण फौजियों के घेरे में जेम्स बांड, मेजर जानसन हेनरी पीटर और कारपेन्टर बार से बाहर निकले। जेम्स बांड और मेजर जानसन, कर्नल बाक्स और कुछ सशस्त्र फौजी एक बड़ी-सी मिलिट्री पिकअप में सवार हो गये। एक वैसी ही दूसरी पिकअप में हेनरी पीटर और कारपेन्टर को सवार कर दिया । बाकी गाड़ियों में फौजी भर गये ।

उसी क्षण मेरी ब्राउन के पीछे लीजा आ खड़ी हुई ।

गाड़ियां चल पड़ीं ।

'यह कैसे हो गया ?' मेरी ने लीजा की ओर घूर कर पूछा ।

'पता नहीं-' लीजा गम्भीर स्वर से बोली- 'जरूर किसी ने इन लोगों के बारे में कर्नल बाक्स को सूचना दी होगी। कर्नल बाक्स एकदम तैयार होकर यहां आया था। लेकिन कर्नल को जेम्स बांड की पहचान मैंने करवायी थी ।'

'तुमने ?' मेरी ब्राउन विस्फारित 'नेत्रों से लीजा की ओर देखती हुई बोली- 'तुमने...।'

'पकड़ा तो उसने जाना ही था। कर्नल बाक्स को उस भीड़ में अजनबी चेहरे पहचानने में अधिक से अधिक पांच मिनट लगते । लेकिन मेरे एक्शन ने मुझे कर्नल बाक्स की निगाहों में ऊंची उठा दिया है। अब उसकी निगाहों में मैं पक्की देश भक्त हूं और किसी भी प्रकार के सन्देह से परे हूं। मेरे बारे में कर्नल की यह धारणा आगे चलकर बहुत काम आएगी ।'

'आगे चलकर । लेकिन अब आगे बढ़ने का फायदा ही क्या है। जेम्स बाँड

और उसके साथियों के पकड़े जाने के बाद अब हमारा जारहाजा फोर्ट में कदम रखना क्या मायने रखता है ?'

'मेरी !' लीजा गम्भीर स्वर से बोली- 'एम' ने जेम्स वांड के बारे में जो रिपोर्ट मुझे भेजी थी, अगर उसमें कोई अति-श्योक्ति नहीं थी तो जेम्स बांड अधिक देर तक गिरफ़्तार नहीं रह पायेगा । 'एम' ने मुझे लिखा था कि आपरेशन जारहाजा फोर्ट के लिये वह जो आदमी भेज रहा है, वह कठिन से कठिन परिस्थिति में से भी अपने आप को सुरक्षित निकाल लाने के मामले में करिशमा करके दिखा सकता है। और मेरी मुझे 'एम' के शब्दों पर विश्वास है।'

मेरी ब्राउन चुप रही। उसकी समझ में कुछ नहीं आ रहा था । एकाएक सारा सिलसिला उसे एकदम निरर्थक लगने लगा था ।

'चलो' लीजा बोली ।

'कहां !' मेरी ब्राउन के मुंह से अनायास ही निकल गया । 'जारहाजा फोर्ट और कहां ? कैप्टेन रिबका नीचे हमारी प्रतीक्षा कर रहा है।'

५६

मेरी ब्राउन ने अपना सूटकेस उठाया और उसके साथ हो ली। 'तुमने किले का नक्शा नष्ट कर दिया है' लीजा ने पूछा ।

'हां।'

लीजा चुप हो गई ।

वे सीढ़ियां उतरने लगीं ।

'मगर 'मेरी ब्राउन यू बोली जैसे नींद में बड़बड़ा, रही हो 'अगर जेम्स बांड न आया। अगर वह बच निकलने में सफल न हो सका तो..?'

'वह जरूर आयेगा' मेरी लीजा बोली- 'हमें यही आशा करनी चाहिये कि वह

जरूर आयेगा। हमें अपने हिस्से का काम तो हर हालत में करना है। अगर वह किले में पहुंच गया और उसकी सहायता करने के लिये तुम वहां मौजूद न हुई तो बहुत बुरा होगा।'

'तुम ठीक कह रही हो।' मेरी ब्राउन धीरे से बोली । कैप्टन रिबका बार के बाहर ही उसकी प्रतीक्षा कर रहा था।

'चलें !' उन्हें देखकर वह बोला ।

दोनों ने स्वीकृति सूचक ढंग से सिर हिला दिया ।

कैप्टन रिबका ने मेरी के हाथ से उसका सूटकेस ले लिया । वे तीनों चुपचाप वाटर फ्रंट की ओर बढ़ चले ।

समुन्द्र के किनारे पर मोटर बोट किले की ओर जाने के लिये तैयार खड़ी थी। मोटर बोट में छः आदमी पहले से मौजूद थे। वे सभी फौजी जवान थे। कैप्टन रिबका को देखकर वे सम्मानपूर्वक एक ओर हट गये। कैप्टन रिबका ने पहले मेरी और लीजा को मोटर बोट में सवार होने में सहायता दी और फिर स्वयं मोटर बोट में सवार हो गया ।

पांच मिनट बाद मोटर बोट चल पड़ी ।

मोटर बोट मंथर गति से किले की ओर बढ़ी ।

किले के बीच की मीनार पर लगी शक्तिशाली सर्च लाइट के प्रकाश से हर एक मिनट बाद मोटर बोट की दिशा का समुद्र जगमगा उठता था। हवा इतनी ठण्डी थी और इतनी तेज चल रही थी कि रह रह कर मेरी का शरीर कांप उठता था। कैप्टन रिबका की दाई बांह मेरी की कमर से लिपटी हुई थी। मेरी का शरीर कांपता था तो कैप्टन रिबका की पकड़ मजबूत हो जाती थी वह यू मेरी को अपने अंक में समेट लेता था जैसे उसे ऊष्णता पहुंचाने का प्रयत्न कर रहा हो।

'कैप्टन रिबका लीजा बोली- 'आज तुम मुझ में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा

रहे हो। कहीं मारिया के आगमन से तुम्हारा मन बेइमान तो नहीं होता जा रहा ।'

कैप्टन रिबका तनिक हड़बड़ाया। एक क्षण के लिए मेरी की कमर पर से उसकी बांह ढीली हुई और फिर कस गई। वह लीजा की ओर देखकर मुस्कराता हुआ बोला- 'माई डियर लीजा, मारिया की ओर अधिक ध्यान देना मेरा कर्त्तव्य है। आखिर मारिया हमारी मेहमान है।'

'सिस्टर मारिया' लीजा बोली- 'इस आदमी से सावधान रहना । यह आदमी बातें बहुत मीठी करता है लेकिन इसका दिल बहुत काला है ।'

कैप्टन रिबका ठठा कर हंस पड़ा।

किले से लगभग पचास गज दूर से आकर मोटर बोट रुक गई। फिर मोटर बोट की हैड लाइटस एक विशेष प्रकार की सीक्वेंस में जलने बुझने लगी। तत्काल किले की ओर से भी एक रोशनी तीन चार बार जली और फिर बुझ गई ।

मोटर बोट फिर भी आगे नहीं बढ़ी ।

५७

लगभग तीन मिनट मोटर बोट वहीं खड़ी रही । फिर चालक ने मोटर बोट को आगे बढ़ा दिया ।

किले के एक दम समीप मेरी को पानी के भीतर लोहे की तारों का जाल-सा दिखाई दिया। उसी जाल के बीच एक बड़ा सा फाटक खुल गया था जिस में से मोटर बोट गुजर रही थी। मोटर बोट के फाटक से पार होते ही फाटक फिर बन्द हो गया। मोटर बोट टापु के किनारे आ लगी। जिधर मोटर बोट रुकी थी वही एक दिशा थी जिधर किले से बाहर थोड़ा सा मैदान था। बाकी की तीन दिशाओं में किले की ऊंची सपाट दीवारी सीधी समुद्र में उतर गई थीं। उसी मैदान में किले का विशाल प्रवेश द्वार था । मैदान में सशस्त्र सैनिक शेर जैसे भयंकर कुत्तों की जंजीर थामें घूम रहे

थे।

सब लोग मोटर बोट से उतर पड़े ।

फौरन एक सैनिक अधिकारी दो फौजियों के साथ वहां प्रकट हुआ । उसने सबके कामजात वगैरह चक किये। लीजा और मेरी को उसने चैक नहीं किया। कैप्टन रिबका का इतना कह देना ही काफी सिद्ध हुआ था कि वे दोनों महिलायें उसके साथ हैं।

वे लोग किले के प्रवेश द्वार की ओर बढ़े। प्रवेश द्वार का विशाल फाटक बन्द था। उस फाटक में एक छोटी-सी खिड़की खुली हुई थी जिसमें से गुजरकर वे भीतर प्रविष्ट हो गये ।

एक ढके हुए कारीडोर में से गुजरकर वे लोग खुले अहाते में आ गये । उस अहाते में एक विशाल हैलीकाप्टर खड़ा था। एक आदमी जो शायद हैलीकाण्टर का पायलेट था हैलीकाप्टर के इन्जन पर चढ़ा हुआ था और एक छोटी किन्तु शक्तिशाली आर्कलैम्प की सहायता से इन्जन का निरीक्षण कर रहा था

या उसमें कोई नुक्स दूर करने का प्रयत्न कर रहा था ।

मेरी को हर ओर फौजी ही फौजी दिखाई दे रहे थे।

उसका दिल जोर-जोर से धड़कने लगा था। वह जारहाजा फोर्ट पहुंच गयी थी। वह उस समय हंगरी के सबसे ज्यादा दुर्गम स्थान में थी। एक बात उसके दिमाग में हथौड़े की तरह बज रही थी। अब जेम्स बांड शत्रुओं की पकड़ में से बच भी निकला और किसी प्रकार इस दुर्गम स्थान पर पहुंच भी गया तो भी क्या वह अकेला आदमी इन सैकड़ों फौजियों के बीच में से जनरल कार्नली को अर्थात उस बहुरूपिये को जो जनरल कार्नली का अभिनय कर रहा है निकाल ले जाने में सफल हो जायेगा !

मेरी को वह एक शत प्रतिशत असम्भव कृत्य लगा । लेकिन फिर उसे 'एम' की कही एक बात याद आई ।

जेम्स बांड को वे ही काम सौंपे जाते हैं जो सूरत से शत-प्रतिशप्त असम्भव लगते हैं।

मेरी को लगा कि वह समय आ गया था जब जेम्स बांड को भी असफलता का मुंह देखना पड़ने वाला था ।

वे लोग सीढ़ियां चढ़ने लगे ।

कम से कम सौ सीढ़ियां चढ़ने के बाद वे लोग एक विशाल हाल में पहुंचे ।

मेरी और लीजा दोनों बुरी तरह हांफने लगी थी। 'आई एम सारी ।' कैप्टन रिबका खेदपूर्ण ढंग से मुस्कराता हुआ बोला 'लिफ्ट आज काम नहीं कर रही है।'

हाल का पिछली ओर का एक द्वार खुला और उसमें से एक खूबसूरत हंगेरियन लड़की बाहर निकली। उसके चेहरे पर क्रूरता के भाव थे और वह यू ं आगे बढ़ रही थी जैसे मार्चिंग कर रही हो ।

वह उन लोगों के समीप आ खड़ी हुई ।

'हल्लो, जीना ।' कैप्टन रिबका बोला ।

'हल्लो ।' जीना भावहीन स्वर से बोली ।

'जीना, यह नई लड़की मारिया बोजी है और मारिया यह जीना है। जीना किले के महिला स्टाक की इन्चार्ज है।'

मारिया मुस्कराई और मीठे स्वर से बोली- 'हल्लो ।' जीना ने उत्तर नहीं दिया। वह लीजा की ओर घूमी ।

'और तुम यहां क्यों आई हो ?' वह बोली- 'क्योंकि तुम किले के आफिसर्स मैंस में काम कर चुकी हो और कभी किसी पार्टी वगैरह के मौके पर हम तुम्हें अब भी बुला लेते हैं इसका मतलब यह नहीं है कि।'

'जीना ।' कैप्टन रिबका जल्दी से बोला- 'यह लड़की लीजा की बहन है। और लीजा को यहां आने की इजाजत मैंने दी है।' जीना ने बुरा सा मुंह बनाया लेकिन वह मुह से कुछ नहीं बोली। फिर वह मेरी की ओर मुड़ी और बोली- 'मेरे साथ आओ, मारिया ।'

मेरी ने प्रश्न सूचक नेत्रों से लीजा और कैप्टन रिबका की ओर देखा ।

'जीना तुम्हें केवल चेकिंग के लिये अपने साथ ले जा रही है।' कैप्टन रिबका बोला ।

मेरी जीना के साथ हो ली ।

जीना उसे उस कमरे में ले गई जहां से वह निकली थी । उसने द्वार को भीतर से बन्द कर लिया ।

'अपने कागजात दिखाओ ।' जीना बोली । मेरी ने कागजात उसके हाथ में रख दिये ।

जीना बड़ी बारीकी से कागजात चैक करने लगी ।

मेरी प्रत्यक्षत ! शान्त खड़ी रही।

फिर जीना ने दो टाइप किये हुए पत्र बाकी कागजों से अलग कर लिये और बाकी कागज उसे लौटा दिये ।

'इन दो पत्रों में लिखा है।' जीना बोली- 'कि तुम बुडा पेस्ट में इन दो पत्र लेखकों के साथ काम कर चुकी हो ?'

'जी हां।' मेरी बोली ।

'मैं कल सुबह होते ही इन लोगों से तुम्हारे बारे में पूछताछ करूगी।'

'जरूर पूछियेगा ।' मेरी भयहीन स्वर से बोली लेकिन भीतर से उसका दिल बैठा जा रहा था। वे दोनों पत्र जाली थे। एक बार उन पत्र लेखकों से पूछताछ करवाने की देर थी और फिर मेरी की पोल खुल जाती। मतलब यह था कि मेरी केवल अगली सुबह तक जारहाजा फोर्ट में सुरक्षित थी ।

'अपने कपड़े उतारो ।' जीना ने आदेश दिया ।

'जी !' मेरी हड़बड़ाकर बोली ।

'अपने कपड़े उतारो । सारे।' जीना कठोर स्वर से बोली ।

'लेकिन।'

जीना आगे बढ़ी। उसने मेरी के कोट को गिरहवान से पकड़कर जोर का झटका दिया। कोट के ऊपर के दो बटन पटाक से टूट गये ।

'ओ० के० ओ० के० ।' मेरी उसे परे धकेलती हुई बोली । उसे भय था कि कहीं जीना उसके कपड़ फाड़ फाड़कर उसके शरीर से अलग न कर दे ।

उसने धीरे-धीरे अपने कपड़े उतारने आरम्भ कर दिये ।

अन्त में केवल अन्डरवियर और ब्रेसियर उसके शरीर पर रह गई।

जीना बड़ी बारीकी से मेरी के उतारे हुए कपड़ों का निरीक्षण करने लगी ।

फिर उसने कपड़ों को एक ओर डाल दिया शरीर पर बची दो धज्जियों की ओर संकेत करती 'इन्हें भी उतारो ।' और मेरी के हुई बोली-

विरोध करने का सवाल ही नहीं था। विरोध करने पर जीना का एक्शन क्या होता यह उसने मेरी पर पहले ही प्रकट कर दिया था ।

मेरी ने एक गहरी सांस ली और फिर बड़ी अनिच्छा से अपने दोनों हाथ अपनी पीठ की ओर बढ़ाये। उसने ब्रेसियर का हुक खोला और ब्रेसियर निकालकर जीना के हाथ में दे दी।

जीना बड़ी बारीकी से ब्रेसियर का निरीक्षण करने लगी ।

'यह हरामजादी औरत देख क्या रही है।' मेरी मन ही मन सोच रही थी ।

जीना ने ब्रेसियर भी बाकी कपड़ों की ओर उछाल दी और फिर बोली- 'अब यह भी ।'

मेरी ने चुपचाप अन्डर वियर भी उतार दिया ।

उसी बारीकी से जीना ने अन्डरवियर को भी देखा। फिर उसने वह भी बाकी कपड़ों में फेंक दियो। उसने एक खोजपूर्ण निगाह सिर से पांव तक मेरी पर दृष्टि डाली और फिर बोली-

'बड़ा पुष्ट शरीर है तुम्हारा । क्या खाती हो ?' जीना के स्वर में प्रशंसा का पुट कतई नहीं था ।

अब तक कितने मर्दों के संसर्ग में आ चुकी हो।' जीना बड़े श्रश्लील स्वर से बोली ।

'अब मैं कपड़े पहन लू' मैंडम।' मेरी क्षीण स्वर से बोली। 'हां। और जल्दी करो ।'

मेरी ने एक-एक करके सारे कपड़े पहन लिये ।

उसे अब समझ में आया कि क्यों जेम्स बांड ने उसे अपने शरीर का एक-एक कपड़ा बदलने के लिए मजबूर किया था। जीना बड़ी बारीकी से मेरी के शरीर के हर कपड़े का टेक्सचर देखती रही थी और उन पर लगे दर्जी के और मैन्यूफैक्चर के लेबल चैक करती रही थी कि कहीं कोई कपड़ा किसी शत्रु राष्ट्र का उत्पादन तो नहीं ।

वह जीना के साथ वाहर निकल आई ।

कैप्टन रिबका ने प्रश्न सूचव नेत्रों से जीना की ओर देखा ।

'सब ठीक है।' जीना सन्तुष्टिपूर्ण स्वर से बोली- 'केवल कल सुबह बुडापेस्ट के उन दो लोगों से सम्पर्क स्थापित करना बाकी रह गया है जिनसे यह लैटर आफर रिकर्मेन्डेशन लाई है।'

'वह तो मामूली बात है ।'

उसी क्षण एक आदमी हाल में प्रविष्ट हुआ। वह सादे वस्त्र पहने हुए था। कैप्टन रिबका उसे देखकर फौरन अटेन्शन हो गया और सम्मान पूर्ण स्वर से बोला- 'गुड ईवनिंग कर्नल पीटर किसका ।'

लीजा और जीना ने भी उसका अभिवादन किया ।

जारहाजा फोर्ट के डिप्टी चीफ कमांडर कर्नल पीटर किस-का ने एक प्रशंसात्मक दृष्टि मेरी पर डाली और फिर बोला-'यह लड़की कौन है ?'

'यह मारिया बोजी है, सर।' कैप्टन रिबका ने बताया 'फोर्ट के महिला स्टाक में यह सबसे नई भर्ती है। आज ही आई है और यह लीजा की बहन है।'

'और लीजा ही जैसी खूबसूरत भी है।' कर्नल बोला-'केवल लीजा की तरह उसके बाल सुनहरे नहीं है।'

दोनों बहनों के चेहरे पर मुस्कराहट दौड़ गई। जीना और कैप्टन रिबका गम्भीर थे।

'कैप्टन ।' कर्नल बोला- 'अभी थोड़ी ही देर बाद तीन ब्रिटिश, स्पाई गिरफ्तार करके फोर्ट में लाये जा रहे हैं। मैं चाहता हूं कि यहां पहुंचते ही उन्हें फौरन मेरे पास पहुंचा दिया जाये ।'

'सर ।' कैप्टन आदरपूर्ण स्वर से बोला- 'आप उन्हीं लोगों की बात कर रहे हैं न जिन्हें कर्नल बाक्स ने वाइल्ड डियर बार में गिरफ्तार किया था ।'

'करैक्ट ।'

'उस समय मैं भी वहां मौजूद था, सर ! लेकिन वहां से तो मैंने पांच आदमी पकड़े जाते देखे थे।'

'वे पाँच ही थे लेकिन उनमें से दो जरा जरूरत से ज्यादा होशियार थे। वे कर्नल बाक्स के चंगुल से निकलकर भाग निकलने में सफल हो गये थे।'

मेरी का दिल खुशी से हुमकने लगा। उनमें से एक जरूर जेम्स बांड होगा । ऐसा करिश्मा जेम्स बांड के अतिरिक्त और कौन कर सकता था ।

लेकिन उनकी किस्मत ने ज्यादा देर तक उनका साथ नहीं दिया था । दुर्भाग्यवश फौजी गाड़ी को हथियाकर वे पहाड़ी की और भागे थे। पहाड़ी की घुमावदार सड़कों पर गाड़ी उनके कन्ट्रोल से निकल गई और गाड़ी किनारे का लकड़ी का बैरियर तोड़ती हुई सीधी सौ.गज नीचे समुद्र में जा गिरी थी। गाड़ी और सवार दोनों का काम तमाम हो गया है।

६४

मेरी के दिल पर घू'सा-सा लगा। बड़ी कठिनाई से वह अपने दिल के भाव

अपने चेहरे पर प्रकट होने से रोक सकी। लीजा ने मेरी की सूरत देखी और फिर वह जल्दी से बोली -'मेरी बहन सफर से थक कर आयी है। अब उसे थोड़ा आराम करने का अवसर दीजिये ।'

'आल राइट ।' जीना बोली- 'इसे वही कमरा दिया गया है जिसमें जब तुम किले में आती हो तो ठहरती हो।'

'थैंक्यू ।' लीजा बोली। उसने मेरी को संकेत किया। दोनों ने कर्नल कैप्टन और जीना का अभिवादन किया ।

लीजा ने मेरी का सूटकेस उठा लिया। दोनों बाहर चल दी ।

लीजा उसे एक छोटे से कमरे में ले आई। कमरे में एक लोहे के पलंग, ड्रेसिंग टेबल और एक बड़ी सी अलमारी के अतिरिक्त कुछ नहीं था। कमरे का फर्श दो गुणा दो फुट की टाइलों का बना हुआ था ।

लीजा ने द्वार भीतर से बन्द कर लिया ।

'तुमने कर्नल की बात सुनी।' मेरी भरयि स्वर में बोली ।

'हां सुनी है।' लीजा ने गम्भीरता से उत्तर नही दिया 'लेकिन मुझे विश्वास नहीं। मैं नहीं मानती कि जेम्स बांड जैसा आदमी इतना अनाड़ी ड्राइवर हो सकता है कि वह एक पहाड़ी सड़क पर गाड़ी न चला सके । और फिर पता नहीं वह आदमी जेम्स बांड था भी या नहीं। उन पांचों में से शायद कोई दूसरे दो आदमी भागने में सफल हुए हो ।'

'लेकिन...।'

'छोड़ो ।' लीजा बोली- 'ऐसी बातें करने से कोई फायदा नही। मैं तुम्हें पहले ही कह चुकी हूं कि हमें अपने हिस्से का काम तो हालत में करना चाहिए ।'

मेरी फिर नहीं बोली ।

लीजा कमरे के कोने में पहुंची। उसने पलंग के पास पड़ी एक लोहे की छोटी सी सलाख उठाई और उस की सहायता से फर्श की एक टाइल को उमेठने लगी। टाइल बक्स के ढक्कन की तरह फर्श से उठ गई ।

लीजा ने मेरी को संकेत किया ।

'मेरी ने समीप जाकर टाइल हट जाने से फर्श में पैदा हो गये छेद में झांका । भीतर नाइलान की मजबूत रस्सी का एक गुच्छा पड़ा था, एक रिवाल्वर थी, कुछ फालतू राउन्ड थे और दो तीन चीजें और थीं जिन्हें मेरी फौरन नहीं पहचान पायी ।

लीजा ने टाइल फिर यथा स्थान लगा दी और बोली- 'ये तमाम चीजें तुम्हारे काम आयेंगी। इसी में एक कागज भी पड़ा है जिस पर तुम्हारे लिये निर्देश लिखे हुए हैं ।'

'यह सब समान यहां कैसे आया ?' मेरी ने पूछा

'मैंने रखा है।' लीजा बोली ।

'कब ?'

'लगभग पन्दरह दिन पहले ।'

'तुम्हें मालूम था कि यह टाइल उखड़ आती है और इसके नीचे खाली जगह है ?'

'मुझे क्या मालूम होगा। यह टाइल भी मैंने खुद उखाड़ी है और इसके नीचे की जमीन भी मैंने ही खोदी है।'

'लेकिन तुम्हें पन्दरह दिन पहले ही मालूम था कि आज इन चीजों की

जरूरत पड़ेगी ?'

'एम' ने निर्देश भेजे थे।'

'कमाल है। आपरेशन जारहाजा फोर्ट की तो हर बात अनोखी है। हर बात की इतनी पुरानी तैयारियां हो रही थी और प्रत्यक्षतः ऐसा मालूम होता है जैसे इस अभियान की तैयारी बेहद एमरजेन्सी में कल सुबह, जनरल कार्नली के प्लेन क्रश के बाद की गई हो।'

लीजा ने उत्तर नहीं दिया ।

'तुम्हें मालूम है कि इस अभियान का वास्तविक ध्येयं क्या है ?'

'नहीं ।' लीजा बोली ।

मेरी भी चुप हो गई ।

'मैं जाती हूँ।' लीजा बोली और द्वार की ओर बढ़ी 'गुड. लक, सिस्टर मारिया बोजी ।'

मेरी के चेहरे पर एक क्षीण-सी मुस्कराहट आई और गायब हो गई ।

लीजा बाहर निकल गई ।

मेरी ने द्वार भीतर से बन्द कर लिया। वह निढ़ाल-सी पलंग पर आ बैठी। दस मिनट वह एकदम निश्चल पलंग पर बैठी रही। फिर वह अपने स्थान से उठी और भारी कदमों से चलती हुई कमरे के कोने में पहुंची। उसने टाइल हटाई और भीतर से वह कागज निकाला जिस पर उसके लिये निर्देश लिखे हुऐ थे। कितनी ही देर वह खड़ी गौर से उस कागज को पढ़ती रहीं। फिर उसने कागज को वहीं रख दिया और टाइल को यथा स्थान सरका दिया ।

वह खिड़की के पास पहुंची। उसने खिड़की खोली । ठन्डी हवा का एक तेज झौंका उसके सारे शरीर को कंपा गया ।

उसने खिड़की की बाहर झुक कर बाहर नीचे झांका । नब्बे अंश के कोण पर खड़ी किले की सपाट दीवार के अतिरिक्त उसे कुछ दिखाई नहीं दिया। नीचे दीवार से टकराते हुए समुद्र के पानी का शोर उसके कानों में पड़ रहा था। दूर-दूर तक ठाठें मारते हुए समुद्र के अतिरिक्त उसे कुछ दिखाई नहीं दिया । एक एक मिनट बाद सर्च लाइट की रोशनी घूमती हुई आती थी । और उसके सामने के समुद्र के पानी को जगमगाती हुई गुजर जाती थी। कभी-कभी दूर अना की टिमटिमाती हुई दो चार रोशनियां दिखाई दे जाती थीं ।

फिर उसे किले की साइड में से एक मोटर बोट निकलती दिखाई दी। मोटर बोट अना की ओर बढ़ रही थी ।

मोटर बोट मंथर गति से चलती हुई समुद्र में आगे बढ़ रही थी ।

एक बार सर्च लाईट की घूमती हुई रोशनी एकदम मोटर बोट पर पड़ी। एक क्षण के लिये मोटर बोट की रेलिंग के समीप खड़ी लीजा का चेहरा दिखाई दिया और फिर अन्धेरा छा गया !

मेरी ने खिड़की बन्द कर दी और वापिस पलंग पर आ बैठी।

एक सवाल हथौड़े की तरह उसके दिमाग में बज रहा था । जेम्स बांड जिन्दा है या मर गया ।

अब यह बात उसे गौण लग रही थी कि जेम्स बांड जार-हाजा फोर्ट तक पहुंच पायेगा या नहीं। वह अपने अभियान में सफल हो पायेगा या नहीं। ये तमाम बातें तभी महत्त्वपूर्ण थीं जबकि जेम्स बांड जीवित हो ।

चार फौजी गाड़ियों का काफला 'वाइल्ड डियर बार' में फौजी छावनी की ओर बढ़ रहा था ।

सबसे आगे मिलिट्री का ट्रक था जिसमें सशस्त्र सैनिक भरे हुए थे। उनके पीछे एक पिकअप थी जिसमें मिलिट्री के सैनिकों के साथ हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर मौजूद थे। उसके पीछे फिर पिकअप थी। जिसमें जेम्स बांड और मेजर जानसन थे। दोनों के दायें बायें दो सैनिक बैठे थे जिनकी मशीनगनों की नालें उनकी पसलियों में लगी हुई थी। दो मशीनगन धारी सैनिक और भी वहां मौजूद थे। उनकी निगाहें भी गोंद की तरह कैदियों पर चिपकी हुई थी। जेम्स बांड के समीप ही कर्नल बाक्स भी बैठा था ।

सबसे पीछे चौथी और आखिरी गाड़ी थी। उसमें भी सशस्त्र सिपाही थे।

'कर्नल बाक्स ।' जेम्स बांड गम्भीर स्वर से बोला ।

'हाँ।' कर्नल ने कहा।

'एक सवाल पूछने की इजाजत है ?'

'पूछो ।'

'आपको हमारे बारे में सूचना कैसे मिली ??

कर्नल बाक्स एक क्षण हिचकिचाया और फिर बोला -

किसी ने छावनी में फोन किया था कि 'वाइल्ड डियर' बार में हंगेरियन सीक्रेट पुलिस की यूनिफार्म में पांच ब्रिटिश स्पाई मौजूद हैं।'

'फोन किसने किया था ?'

'फोन करने वाले ने अपना नाम नहीं बताया ।'

'और आपको अभी भी मालूम नहीं है कि फोन किसने किया था ?'

'नहीं।'

'अगर मालूम हो जाये तो..."

उसी क्षण जेम्स बांड को एक जोर की छींक आयी और उसने फिर ऐसा मुंह बनाया जैसे छींक फिर उसका सिर तेजी से हवा में अर्ध-वाक्य अधूरा रह गया। दुबारा आने वाली हो । वृत्त बनाता हुआ नीचे झुका। उसने अपने दोनों हाथों में अपना बेहरा ढक लिया। फिर वह इतनी जोर से छींका कि उसका सारा शरीर हिल गया ।

इस सारे सिलसिले के दौरान में जेम्स बांड के मुंह में रखा हुआ पतले शीशे का बना पीले रंग का कैप्सूल बिना किसी की जानकारी में आये पिकअप के लकड़ी के फर्श पर पहुंच गया । जेम्स बांड के भारी पाँव के हल्के से दबाव से ही वह कैप्सूल टूट गया और फिर उसमें से अदृष्य से धुयें की पतली सी लकीर फूटने लगी ।

जेम्स बांड सीधा हो गया ।

'तुम क्या पूछ रहे थे ?' - कर्नल बाक्स छींकों का दौरा गुजर गया देखकर बोला ।

'हमें कहां ले जाया जा रहा है?'

'फिलहाल आपको पुलिस छावनी ले जाया जा रहा है।

वहां से आप लोगों के बारे में जारहाजा फोर्ट में सूचना भेजी जायेगी। फिर स्पेशल फौजी दस्ते के साथ आपको जारहाजा फोर्ट पहुंचा दिया जायेगा। उसके बाद आप पर क्या गुजरेगी अभी उसकी मुझे पक्की जानकारी तो नहीं है लेकिन में अन्दाजा तो लगा ही सकता हूं। हम लोग अपने देश में स्पाई को .....।'

बाकी शब्द कर्नल बाक्स के मुंह में ही रह गये। उसका मुंह खुले का खुला रह गया और शरीर यू जड़ हो गया जैसे उसके प्राण निकल गये हों। यही हालत पिकअप में मौजूद छः सशस्त्र सैनिकों की और मेजर जानसन की हो चुकी थी। पिकअप के पिछले भाग में ड्राइवर की सीट में पार्टीशन थी इसलिये ड्राइवर तक कैप्सूल का धुंआ नहीं पहुंचा था और स्वय जेम्स बांड पहले ही उस धुये का प्रभाव काटने के लिये गोली खा चुका था ।

वह एक झटके से अपने स्थान से उठा। वह मेजर जानसन के समीप पहुंचा । उसने मेजर जानसन को बालों से पकड़ा और पूरी शाक्ति से उसके चेहरे पर ताबड़ तोड़ तीन-चार तमाचे जड़ दिये । मेजर जानसन के चेहरे पर उसकी उंगलियों के निशान उछल आये जैसे उसे लोहे की दहकी हुई सलाखों से दागा गया हो ।

मेजर जानसन की आंखें खुली। जेम्स बांड मजबूती से उसके बाल दबोचे रहा। उसने एक सन्नाटेदार थप्पड़ और उसके चेहरे पर रसीद किया। मेजर जानसन का मुह खुला । जेम्स बांड ने सफेद रंग की एक गोली जबरदस्ती उसके हलक में धकेल दी ।

उसने मेजर जानसन को छोड़ दिया और एक सिपाही के हाथ से मशीनगन निकाल ली। उसने ड्राइवर और अपने बीच

के पार्टीशन में से बने एक गोल छेद का ढक्कन एक ओर सरकाया। धीरे से उसने मशीनगन की नाल छेद में से दूसरी ओर गुजार दी। नाल ड्राइवर की कनपटी से जा लगी ।

'तुम्हारी कनपटी से मशीनगन लगी हुई है-' जेम्स बांड धीरे से बोला- 'अगर कोई शरारत करने की कोशिश की तो खोपड़ी में झरोखे ही झरोखे दिखाई देने लगेगें ।'

ड्राइवर भी फौजी था और यह समझते देर नहीं लगी कि किसी प्रकार कैदियों ने असम्भव को सम्भव कर दिखाया था। वे मुक्त हो गये थे ।

'गाड़ी की रफ्तार कम कर दो --जेम्स बांड ने आदेश दिया - 'और पिछली गाड़ी को आगे गुजर जाने का संकेत दो।'

ड्राइवर ने तत्काल आदेश का पालन किया ।

पिछली गाड़ी उनसे आगे निकल गई ।

'रोको।'

ड्राइवर ने तत्काल गाड़ी रोक दी ।

अगली तीनों गाड़ियां मोड़ काटकर दृष्टि से ओझल हो गई थीं ।

तब तक मेजर जानसन भी होश में आ चुका था और स्थिति को समझ चुका था।

'नीचे उतरो' जेम्स बांड ने ड्राइवर को आदेश दिया ।

ड्राइवर अपनी ओर का द्वार खोलकर पिकअप से नीचे कूद गया ।

जेम्स बांड ने मेजर जानसन को संकेत किया ।

दोनों गाड़ी से बाहर कूद गये ।

'घूम जाओ' जेम्स बांड ड्राइवर से बोला ।

ड्राइवर घूम गया ।

७२

जेम्स बांड ने मशीनगन को नाल की ओर से थामा। उसका हाथ घूमा और मशीनगन का लोहे का दस्ता भड़ाक से ड्राइवर की कनपटी में टकराया ।

ड्राइवर के मुंह से हाय भी नहीं निकली। वह कटे वृक्ष की तरह वहीं जमीन

पर ढेर हो गया ।

जेम्स बांड ने मेजर जानसन को संकेत किया। मेजर जानसन ने ड्राइवर की टांगे पकड़ी और उसे घसीट कर सड़क के किनारे झाड़ियों में डाल दिया ।

'बाकी लोगों को भी निकालो' जेम्स बांड बोला- 'यह फौजी छावनी के रास्ते की सड़क है। यहां कोई भी प्रकट हो सकता है। इसलिये जल्दी करो। मैं रास्ते की निगरानी करता है।'

मेजर जानसन ने स्वीकृति सूचक ढंग से सिर हिलाया और फिर फुर्ती से पिकअप में पड़े बेहोश लोगों को उठाकर बाहर फेंकने में जुट गया ।

जेम्स बांड मशीनगन हाथ में लिये सावधानी से सड़क की दोनों दिशाओं में दृष्टि दौड़ाता रहा ।

तीन मिनट में मेजर जानसन ने पिकअप को खाली कर दिया ।

कर्नल बाक्स सहित छः फौजी ड्राइवर के पास झाड़ियों में पड़े थे ।

जेम्स बांड पिकअप में ड्राइविंग सीट पर जा बैठा । मेजर जानसन उसकी बगल में बैठ गया। मशीनगन मेजर जानसन की गोद में पड़ी थी।

जेम्स बांड ने गाड़ी स्टार्ट की और फिर उस सकरी सी सड़क पर गाड़ी को घुमाने का प्रयत्न करने लगा ।

७४

उसी क्षण छावनी की दिशा में सड़क के मोड़ पर एक गाड़ी की हैडलाइट्स चमकी ।

'यह क्या मुसीबत आई-' मेजर जानसन बड़बड़ाया ।

जेम्स बांड ने गाड़ी को इतनी तेजी से और इतना ज्यादा बैंक किया कि

गाड़ी का पिछला भाग एक पेड़ से जा टकराया। उसने गियर बदला । गाडी फिर आगे बढ़ी। जेम्स बांड पूरी शक्ति 'से स्टिरिंग को बाई ओर घुमाने लगा ।

छावनी की ओर से आती हुई गाड़ी की हैडलाइट्स अब सीधी उनकी गाड़ी पर पड़ रही थी। वह फ़ौजियों से भरी हुई एक जीप थी।

जेम्स बांड की गाड़ी दूसरी ओर की एक चट्टान से टकराती हुई सड़क पर सीधी हो गई। जेम्स बांड ने एक्सीलेटर दबाया । गाडी एक झटके के साथ बन्दूक में से छूटी हुई गोली की तरह सीधी भाग निकली ।

'रोको' पिछली जीप में से कोई हंगेरियन में चिल्लाया ।

रुकने का सवाल ही नहीं था। जेम्स बांड तूफान की गति से गाड़ी चला रहा था ।

जीप की भी रफ्तार तेज हो गई ।

फिर जीप में से मशीनगन की गोलियों की बारिश होने लगी ।

मेजर जानसन ने भी मशीनगन सम्भाल ली और अपने पीछे फायर करने लगा ।

जेम्स बांड को भय था कि मशीनगन की गोलियों से पिकअप का कोई टायर न बैठ जाये ।

उसी क्षण जेम्स बांड को मुख्य सड़क से कट कर बाई' ओए जाती हुई एक सड़क दिखाई दी । जेम्स बांड ने अक्समात बिना ब्रेक लगाये इतनी तेजी से पिकअप को उस सड़क पर मौड़ा कि पिकअप के दाई ओर के दोनों पहिए हवा में उठ गए । पिकअप उलटती-उलटती बची। मेजर जानसन, जो कि खिड़की के बाहर सिर निकालकर पीछे गोलियां चला रहा था इतनी जोर का झटका खा गया कि वह तो किसी प्रकार गिरने से बच गया लेकिन मशीनगन उसके हाथ से निकलकर बाहर जा पड़ी ।

'हो गया काम --मेजर जानसन बोला ।

फौजियों की मशीनगर्ने उनकी पिकअप के पिछले भाग में पड़ी थीं लेकिन वहां से मशीनगन उठाने के लिये गाड़ी को रोकना आवश्यक था और वर्तमान स्थिति में गाड़ी रोकना तो दूर उसकी रफ्तार कम करना भी मौत को दावत देना था ।

मेजर जानसन ने अपनी रिवाल्वर निकाल कर हाथ में ले ली लेकिन मशीनगन के मुकाबले में अपनी रिवाल्वर उसे बड़ी बे मानी सी चीज लग रही थी ।

जेम्स बांड अन्धाधुन्ध गाड़ी को आगे भगाये लिये जा रहा था ।

वह सड़क एक छोटी मोटी पहाड़ी पर चढ़ रही थी। सड़क में एक-एक फरर्लांग में तीन-तीन चार-चार मोड़ आ जाते थे। इसीलिये वे लोग अपने पीछे लगी जीप से बरसती हुई मशीनगन की गोलियों की मार की चपेट में आ सकते थे । वैसे भी हर क्षण एक्सीडेन्ट का खतरा था। गाड़ी मोड़ काटते समय जरा सी चूक हो जाने पर या तो सीधी चट्टान से टकरा सकती थी और या फिर कई फुट नीचे खड्ड में जाकर गिर सकती थी। जेम्स बांड बेहद दक्ष ड्राइवर न होता तो अब से बहुत पहले गाड़ी और गाड़ी के साथ उनका भी काम तमाम हो जाता ।

गाड़ी ने नया मोड़ काटा और फिर एकाएक गाड़ी पहले के मुकाबले में ज्यादा चौड़ी सड़क पर आ गई। वहां सड़क के ओर एक लकड़ी की रेलिंग लगी हुई थी। नीचे समुद्र ठाठें मार रहा था। दूसरी ओर पहाड़ी थी जिस पर अपेक्षाकृत घने पेड़ उगे हुये थे ।

'मेजर 'जेम्स बांड जल्दी में बोला । 'होशियार हो जाओ । मेरे आवाज देते ही फौरन गाड़ी में से कूद जाना ।'

मेजर जानसन ने सहमति सूचक ढंग से सिर हिला दिया । लेकिन उसकी समझ में नहीं आया कि जेम्स बांड करना क्या चाहता है।

जेम्स बांड ने पिकअप को गहरा मोड़ दिया ।

कुछ क्षण के लिये पीछे जाती हुई जीप दृष्टि से ओझल हो गई।

जेम्स बांड ने गाड़ी की रफ्तार कम कर दी और उसे सीधा लकड़ी की रेलिंग की ओर भगा दिया ।

'अरे, यह क्या कर रहे हो' मेजर जानसन चिल्लाया ।

'शटग्रप' जेम्स बांड बोला ।

गाड़ी जब रेलिंग से केवल बीस गज दूर रह गई तो जेम्स बांड बोला - 'कूदो ।'

लगभग एक साथ ही दोनों अपनी-अपनी ओर के दरवाजे खोलकर गाड़ी से बाहर कूद गये ।

उनके शरीर पक्की सड़क से टकराये। दोनों ने कला-बाजियां खाई और फिर सम्भल गये। गाड़ी अधिक तेज नहीं थी इसीलिये उन्हें एक दो खरोषों के अतिरिक्त कोई विशेष चोट नहीं लगी थी ।

गाड़ी लकड़ी के वैरियर को तोड़ती हुई गुजर गई और सीधी सौ गज नीचे समुद्र में जाकर गिरी। गाड़ी के पानी टकराने की आवाज उन लोगों के कानों पर भी पहुंची ।

जेम्स बांड और मेजर जानसन फुर्ती से अपने पैरों पर खड़े हुये । जेम्स बाँड की टोपी उसके सिर से उतरकर दूर जा गिरी थी। उसने झपटकर वह टोपी उठाई और उसे काट पीछे समुद्र में फेंक दिया। फिर वे रेलिंग से विपरीत दिशा भागे ।

दूसरी ओर एक पतली सी पगडन्डी पहाड़ी पर चढ़ रही थी। वे तेजी से उस

पगडन्डी के रास्ते ऊपर उगे पेड़ों तक पहुंचे और फिर ऊपर उगे छोटे पेड़ों के पीछे जा छुपे । दोनों अपनी रिवाल्वरें निकालकर हाथ में ले लीं और नीचे सड़क पर झांकने लगे ।

जीप लकड़ी के टूटे हुए रेलिंग के समीप आकर रुकी । जीप में से पांच छः फौजी निकले। जीप की हैड लाइट्स की रोशनं सीधी टूटे हुए रेलिंग पर पड़ रही। फौजी रेलिंग के समीप पहुंचे और नीचे झांकने लगे। जीप की हैड लाइट्स के प्रकाश में जेम्स बांड ने देखा उन फौजियों में एक लेफ्टीनेंट था। उसके अतिरिक्त बाकी सारे आदमी सशस्त्र थे ।

फिर लैफ्टीनेंट एकदम रेलिंग के समीप पहुंचा। एक फौजी' ने उसके हाथ में एक शक्ति शाली टार्च दे दी। लेफ्टीनेंट टार्च के प्रकाश में नीचे समुद्र में झाँकने लगा ।

कुछ क्षण बाद वह रेलिंग के समीप से हट गया और बोला- 'खत्म । लगता है गाड़ी उन लोगों से सम्भली नही और रेलिंग को तोड़ती हुई सीधी समुद्र में जा गिरी। मुझे पानी में एक टोपी तैरती हुई दिखाई दी है।'

'लेकिन सर ।' एक फौजी बोला- 'क्या कर्नल साहब भी उसी गाड़ी में थे ।'

'हो सकता है- 'लेफ्टीनेंट बोला। 'और नहीं भी हो सकते । सम्भव है दुश्मन के एजेन्ट बाकी फौजियो के साथ कर्नल साहब को भी मार कर वहीं फेंक आये हो और अगर वे अब भी उसी गाड़ी में थे तो भी वे..।'

लैफ्टीनेंट ने वाक्य जानबूझ कर अधूरा छोड़ दिया ।

'नीचे चलो ।' थोड़ी देर बाद लेफ्टीनेंट बोला ।

सब लोग जीप में आ बैठे ।

ड्राइवर ने दक्षता से जीप को उस सीमित स्थान में यू टर्न दिया और जीप वापिस लौट पड़ी ।

लगभग तत्काल ही जीप पहाड़ी की घुमावदार सड़क पर मोड़ काटकर दृष्टि से ओझल हो गई ।

'बच गये ।' जेम्स बांड छुटकारे की गहरी सांस लेता हुआ बोला ।

'लेकिन एक मुसीबत हो गई।' मेजर जानसन बोला ।

'क्या ?'

'अब हमें इस पहाड़ी से लेकर अना के वाटर फ्रंट तक पैदल चलना पड़ेगा ।'

'न सिर्फ चलना ही पड़ेगा। बल्कि ज्यादा से ज्यादा तेज चलना पड़ेगा । हमारे पास बरबाद करने के लिये समय नहीं है मेजर ।'

तत्काल ही दोनों सड़क का रास्ता अपनाने के स्थान पर पहाड़ी पगडन्डियों से होते हुये नीचे की ओर चल दिये ।

'मैनहटन ! मैनहटन रिपीटिंग टू यू । मैनहटन रिपीटिंग दू यू । ओवर ।'

फौरन जेम्स बांड ट्रांसमीटर में बोला- 'हल्लो, जीरों जीरो सेवन कालिंग । वान्ट डु स्पीक टु 'एम' प्लीज । ओवर ।'

'ओवर दु 'एम' । ओवर ।'

फिर 'एम' का स्वर सुनाई दिया- 'एम' कालिंग । ओवर ।'

'जीरो जीरो सेवन रिपोटिंग, सर ।' जेम्स बांड बोला -'हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर शत्रुओं के हाथ में पहुंच गये हैं। मैं और मेजर जानसन भी पकड़े गये थे लेकिन किसी प्रकार बच निकलने में सफल हो गये हैं और शत्रु

द्वारा मृत समझे जा रहे हैं। शत्रु बेहद सतर्क है, सर। हम पन्द्रह मिनट बाद किले में प्रवेश करने का प्रयत्न करने जा रहे हैं। ओवर ।'

दूसरी ओर से कोई उत्तर नहीं मिला ।

'हमला ।'

दूसरी ओर शान्ति रही ।

'हल्लो । हल्लो । मैनहटन ! मैनहटन !! जीरो जीरो सेवन टू मैनहटन । आर यू लिसनिंग सर ? ओवर ।'

'जीरो जीरो सेवन - 'एकाएक दूसरी ओर से 'एम' का बेहद उत्तेजित स्वर सुनाई दिया । 'जीरो जीरो सेवन । काल आफ दि आ परेशन । पुल आउट । पुल आउट ऐट वन्स । सेव यूअर सैल्फ एण्ड मेजर जानसन । (जीरो जीरो सेवन । आपरेशन

खतम कर दो। भाग निकलो। फौरन भाग निकलो स्वयं और मेजर जानसन को बचाओ । ओवर ।'

'सर- 'जेम्स बांड हैरानी से चिल्लाया- 'आप मजाक कर रहे हैं, ओवर ।'

'मजाक नहीं, मैं तुम्हें आदेश दे रहा हूं। ओवर ।'

'हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर का क्या होगा ? ओवर ।'

'उनकी चिन्ता करना तुम्हारा काम नहीं है। तुम आपरेशन ड्राप कर दो । ओवर ।'

'लेकिन सर, मेरी भी तो किले के भीतर पहुंच चुकी है। ओवर ।'

'मेरी को भूल जाओ। ब्रिटिश इन्टैलीजेन्स के लिये जितना महत्व तुम्हारा है

उसका शतांश भी मेरी का नहीं है। जीरो जीरो सेवन, इट्स ऐन आर्डर । पुल आउट एट बन्स । ओवर ।'

'हल्लो, हल्लो । 'रेडियो में कोई खराबी पैदा हो गई है--' जेम्स बांड सरासर झूठ बोलता हुआ बोला मुझे आपकी आवाज नहीं सुनाई दें रही। ओवर ।'

'जीरो जीरो सेवन । मैं तुम्हें आदेश देता हूं कि तुम आपरेशन जारहाजा फोर्ट ड्राप कर दो। ओवर ।'

'मैं आपको सुन नहीं पा रहा हूं। मैं आदेश नहीं समझ पा रहा हूं। ओवर ।'

'जीरो जीरो सेवन । जारहाजा फोर्ट में घुसने की कोशिश मत करना । अभी हमें तुम्हारी बहुत जरूरत है। ओवर ।'

'रेडियो खराब हो गया है। मुझे आपकी आवाज सुनाई नही दे रहीं। मैं बन्द कर रहा हूं। ओवर एण्ड आउट ।'

जेम्स बांड ने रेडियो बन्द कर दिया ।

'क्या बात थी ?' मेजर जानसन ने पूछा ।

'बूढ़ा चाहता है, हम आपरेशन ड्राप कर दें। हम मेरी, हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर को भूल जायें। मेजर जानसन, तुम्हें यह सोचकर हैरानी नहीं होती कि इस आपरेशन की पेचीदगियों से एकाएक 'एम' भी घबरा गया है। एकाएक उसे हमारी सफलता पर इतना अधिक सन्देह होने लगा है कि वह भाग निकलने का आदेश दे रहा है।'

'मुझे ऐसा लग रहा है कि तुम उसके आदेश को कोई विशेष महत्व देने वाले नहीं हो ।'

'मैंने उसका आदेश सुना ही नहीं। मैंने उसे कह दिया था कि रेडियो बिगड़

गया है और मुझे उसकी आवाज सुनाई नही दे रही ।'

'लेकिन फिर भी।'

'मेजर -' एकाएक जेम्स बांड गम्भीर स्वर से बोला- 'तुम मेरे साथ किले में जाने को बाध्य नहीं हो। 'एम' के आदेशा नुसार तुम चाहो तो वापिस जा सकते हो ।'

'लेकिन तुम किले में जरूर जाओगे ?'

'हां - 'जेम्स बांड दृढ़ स्वर से बोला ।' मुझे हेनरी टर्नर औ कारपेन्टर की परवाह नहीं लेकिन मैं मेरी को मौत के मुंह नहीं रहने दे सकता । मेजर तुम फौरन फैसला करो कि तुम क्या करना चाहते थे ?'

'तुम इस आपरेशन के इं'चार्ज हो। वर्तमान स्थिति में 'एम' को नहीं जानता । मुझे तो केवल तुम्हारे आदेश का पाल करना है।'

'अब लीडरी वाली स्टेज गुजर चुकी है। अब तुम अपन मर्जी के खुद मालिक हो ।'

'मैं तुम्हारे साथ रहूंगा ।

आखिरी दम तक 'मेजर

८१

जानसन धीरे से बोला ।' लेकिन उसके स्वर में दृढ़ता थी ।

'थैंक्यू, मेजर' जेम्स बांड बड़ी गर्म जोशी से बोला ।'

मेजर जानसन चुप रहा ।

वे लोग रेलवे स्टेशन के क्लाक रूम का ताला फिर से खोल कर अपने-

अपने किट बैग निकाल चुके थे और स्टेशन पर खड़ी एक मालगाड़ी के एक खाली डिब्बे में बैठे 'एम' को संदेश प्रसारित कर रहे थे ।

दोनों ने अपने किट बैग सम्भाले और बाहर निकल आये । सावधानी से चलते हुये वे स्टेशन की हद से बाहर निकले और फिर किट-बैग अपने कन्धों पर लादे वाटर फन्ट की ओर चल दिये । दोनों अभी भी हंगेरियन मिलिट्री पुलिस की वर्दी में थे । इसलिये वे रास्ते में एकाएक सामने आ जाने वाले सैनिकों की निगाहों से छुपने का प्रयत्न नहीं करते थे। वैसे वे पूरी तरह सावधान थे। दोनों के दायें हाथ अपनी-अपनी वर्दी की दाई जेबों में पड़ी रिवाल्वरों की मूठ पर था ।

वाटर फन्ट के समीप स्थित लीजा द्वारा बताये हुए केबिन तक वे आराम से पहुंच गये ।

जेम्स बांड ने जेब से चाबी निकालकर केबिन का ताला खोला और वे दोनों भीतर प्रविष्ट हो गये। उन्होंने द्वार भीतर से बन्द कर लिया ।

'किले की ओर मोटर बोट हर एक घन्टे बाद जाती है-' जेम्स बांड बोला - 'दस बजने में दस मिनट है। मोटर बोट पहले से ही किनारे पर खड़ी है और उसके बाद अगली सुबह तक कोई मोटर बोट किले की ओर नहीं जायेगी। इसलिये जल्दी से जल्दी तैयार हो जाओ ।'

मेजर जानसन फौरन अपने कपड़े उतारने लगा। जेम्स

बांड ने भी उसका अनुकरण किया। मेजर जानसन ने अपने ['बैग में से एक वाटर प्रूफ थैला निकाला। उस थैले में उसने अपने उतारे हुये कपड़े रिवाल्वर और हैंड ग्रेनेड जैसी जरूरी चीजें भर कर थैले का मुंह बन्द कर दिया ।

वैसे ही एक थैले में जेम्स बांड अपना सामान भर चुका था ।

दोनों लकड़ी के उस केबिन में एक केबल अन्डर विअर पहने खड़े थे और सर्दी से बुरी तरह कांप रहे थे ।

जेम्स बांड ने अपनी किट में से ब्रांड़ी की एक फलास्क निकाली और गटागट उसके चार पांच बड़े-बड़े घू ंट हलक में उढ़ल लिये । फिर फलास्क उसने मेजर जानसन को थमा दी। फलास्क की बाकी ब्रांडी मेजर जानसन ने पी ली।

तत्काल दोनों के शरीर में गरमी की लहर दौड़ गई ।

दोनों ने बिना एक क्षण भी नष्ट किये अपने चेहरे पर गैस मास्क चढ़ाये पीठ पर आक्सीजन के सिलेन्डर लादे, पैरों में पहने जाने वाले जूती नुमा पंख अपने हाथों में थामे और फिर सावधानी से केबिन से बाहर निकाल आये ।.

बाहर घना अन्धकार छाया हुआ था ।

जेम्स बांड ने केबिन का ताला लगाया और चाबी अपने अन्डर वियर की छोटी-सी जेब में ठू ंस ली।

रेत में निशब्द चलते हुये वे समुद्र के पानी की ओर बढ़े ।

उनसे लगभग दो सौ गज दूर वह जेटी थी जहाँ जारहाजा फोर्ट की ओर जाने के लिये तैयार मोटर बोट खड़ी थी ।

समुद्र के किनारे पहुंचकर उन्होंने अपने पैरों में जूती नुमा पख पहन लिये और पानी में प्रविष्ट हो गये ।

गहरे पानी में पहुंचते ही उन्होंने गोता लगाया और पानी

के नीचे तैरने लगे ।

पानी बेहद ठण्डा था । ब्रांडी का प्रभाव उतनी ठण्डक का निरन्तर सामना करने के लिये उपयुक्त नहीं था ।

वे लोग पानी के नीचे-नीचे मोटर बोट की ओर तैरने लगे ।

उसी क्षण जेटी से मोटर बोट स्टार्ट हुई और समुद्र की छाती चिरती हुई सीधी जारहाजा फोर्ट की ओर बढ़ी ।

जेम्स बांड और मेजर जानसन तेजी से मोटर बोट की ओर तैरने लगे ।

दो मिनट बाद वे मोटर बोट के एकदम नीचे तैर रहे थे और मोटर बोट की रफ्तार से ही आगे बढ़ रहे हैं।

जारहाजा फोर्ट के मीनार की सर्च लाइट घूम रही थी और रह रह कर उनकी दिशा के समुद्र को प्रकाशित करती हुई गुजर जाती थी ।

पानी की ठण्डक की वजह से उनका खून जमा जा रहा था । वे अपनी पूरी शक्ति से मोटर बोट की रफ्तार के साथ-साथ तैर रहे थे ।

फिर एकाएक मोटर बोट एक स्थान पर आकर रुक गई ।

जेम्स बांड ने सावधानी से पानी के नीचे से सिर निकाला । मोटर बोट की हैड लाइट एक विशेष ढंग से जल बुझ रही थी। फिर वैसी ही रोशनी किले की ओर से भी चमकी ।

फिर जेम्स बाँड के कानों में किसी मशीन के चलने जैसी घर्र-घर्र की आवाज सुनाई दी ।

मोटर बोट स्थिर खड़ी रही ।

जेम्स बांड ने अपना सिर फिर पानी के नीचे खींच लिया । मोटर बोट की

हैड लाइट के प्रकाश में उसे सामने समुद्र में तारों की यह बाड़ दिखाई दी जिसमें, उसे बताया गया था कि हर समय बिजली का करेन्ट प्रवाहित 'हता है। फिर जेम्स बांड को धीरे-धीरे उस बाड़ में एक फाटक खुलता दिखाई दिया ।

फाटक पूरा खुल जाने के बाद दूसरी ओर से फिर एक सिग्नल प्रसारित हुआ

मोटर बोट का इंजन स्टार्ट हुआ ।

जेम्स बांड और मेजर जानसन ने तत्काल पानी में गोता लगाया और मोटर बोट के एकदम नोचे पहुंच गये ।

मोटर बोट आगे बढ़ी ।

मोटर बोट के तले से चिपके से जेम्स बांड और मेजर जानसन आगे बढ़ ।

मोटर बोट फाटक में से गुजर गई ।

फाटक तत्काल उनके पीछे बन्द हो गया ।

मोटर बोट किले के सामने के उस मैदान की ओर बढ़ रही थी जिधर जेटी थी और जिधर किले का विशाल मुख्य द्वार था ।

जेम्स बांड ने मेजर जानसन को संकेत किया। दोनों, तत्काल मोटर बोट के रूट से अलग हट गये। पानी के नीचे तैरते हुए मोड़ काटकर वे किले की साइड की उस दीवार के पास पहुंचे जो सीधी और सपाट थी और जिसके साथ बड़ी जोर से समुद्र का पानी टकरा रहा था। उन्होंने उस दीवार के साथ साथ धीरे-धीरे तैरना आरम्भ कर दिया ।

शीघ्र ही उन्हें अपनी अपेक्षित वस्तु के दर्शन हो गये ।

वह एक मोटी सी टैलीफोन की केबल थी जो किले की दीवार के एक छेद में से निकली थी और पानी के बीच में से अना के तट तक बिछाई गई थी

।

८५

जेम्स बाँड ने पानी से बाहर सिर निकाला। उसने अपनी पीठ पर आक्सीजन के सिलेन्डरों के ऊपर बंधे अपने वाटर प्रूफ थैले की जिप खोली और भीतर से एक कटर प्लायर निकाला । कटर-प्लायर की सहायता से धीरे-धीरे उसने उस केबल के बीच मे से दो टुकड़े कर दिये ।

अब जारहाजा फोर्ट और अना का टैलीफोन का सम्पर्क समाप्त हो गया था ।

उसने कटर-प्लायर को वापिस वाटर प्रूफ बैग में डाल दिया । उसने सिर उठाकर ऊपर देखा। अपने सिर के एकदम ऊपर लगभग सौ फुट दूर किले की सपाट दीवार में उसे एक खिड़की दिखाई दे रही थी। एकदम ऊपर दीवार की साइड की एक बुर्जी में कभी कभी उसे एक सशस्त्र सन्तरी टहलता दिखाई दे जाता था ।

जेम्स बांड ने बैग में से एक छोटी-सी टार्च निकाल कर "हाथ में थाम ली। ज्यों ही बुर्जी में घूमता हुआ सन्तरी दृष्टि से से ओझल हुआ उसने टार्च का रूख खिड़की की ओर करके टार्च का स्विच आन किया और फौरन ही आफ भी कर दिया ।

केवल एक सैकेन्ड के लिये टार्च की रोशनी खिड़की की दिशा में चमकी । जेम्स बांड ने टार्च बैग में डाल दी और सांस रोके प्रतीक्षा करने लगा ।

सन्तरी वापिस बुर्जी में आ गया था ।

जेम्स बांड और मेजर जानसन के भीगे शरीर किले की जीवार के साथ चिपके हुये थे और पत्ते की तरह कांप रहे थे। बड़ी कठिनाई से वे अपने दांतों को किटकिटाने से रोक पा रहे थे । उनकी आशा पूर्ण निगाहें अपने सिर के ऊपर सौ फुट दूर स्थित किले की दीवार पर टिकी हुई थी ।

फिर धीरे-धीरे नायलोन की रस्सी का एक सिर। उनकी ओर बढ़ने लगा । रस्सी का सिरा उनके सिर के ऊपर आकर रुक गया और हवा में झूलने लगा ।

जेम्स बांड ने रस्सी थाम ली। और उसे धीरे से दो झटके दिये । रस्सी का सिरा उसने अपने हाथ से छोड़ा नहीं। दूसरी ओर से भी किसी ने रस्सी को दो झटके दिये ।

जेम्स बांड के ठण्ड से नीले पड़ गये होठों पर एक क्षीण सी मुस्कराहट दौड़ गई ।

वह रस्सी को थामे खड़ा रहा ।

एक मिनट बाद दूसरी ओर से फिर किसी ने रस्सी को दो झटके दिये ।

जेम्स बांड ने रस्सी को जोर से खींचकर देखा। इस बार रस्सी ढीली नहीं थी। रस्सी का दूसरा सिरा बड़ी मजबूती से बान्धा जा चुका था ।

जेम्स बांड ने अपना गैस मास्क, आक्सीजन के सिलेन्डर, जूते नुमा पंख और वाटर प्रूफ बैग सब रस्सी के सिरे से बान्ध दिये और रस्सी को दो झटके दिये ।

रस्सी तत्काल ऊपर खींची जाने लगी ।

पांच मिनट बाद रस्सी का सिरा फिर प्रकट हुआ ।

पहली बार की तरह मेजर जानसन का सामान रस्सी से बान्धा गया और ऊपर पहुंचा दिया गया ।

अगले पांच मिनट बाद खाली रस्सी फिर उनके सिर पर लटकने लगी ।

जेम्स बांड ने रस्सी को खींचकर उसकी मजबूती के परखा । फिर उसने रस्सी को तीन झटके दिये। दूसरी ओर भी किसी ने रस्सी को तीन झटके दिये ।

८७

८८

जेम्स बाँड तत्काल रस्सी के सहारे ऊपर चढ़ने लगा ।

नायलोन की उस पतली सी रस्सी की सहायता से ऊपर चढ़ पाना कोई आसान काम नहीं था। ठण्ड की वजह से उसका शरीर निष्कृय सा होता चला जा रहा था और रस्सी से उसके हाथ फिसल-फिसल जाते थे ।

बड़े कठिन परिश्रम के बाद वह खिड़की की सिल तक पहुंच पाया ।

मेरी सांस रोके खिड़की के सामने खड़ी थी। जेम्स बांड खिड़की के रास्ते भीतर कमरे में कूद गया। उसने रस्सी को दो झटके दिये । नीचे से मेजर जानसन ने भी रस्सी को दो झटके दिये और फिर रस्सी पर चढ़ना आरम्भ कर दिया ।

'देखा- 'जेम्स बांड ठण्ड के मारे थरथराती हुई आवाज में बोला- मैं न कहता था कि मुझे किले की किसी खिड़की पर तुम्हारा मुस्कराता हुआ खूब सूरत चेहरा दिखाई देगा। मैं तुम्हारा धन्यवाद करूंगा और भीतर प्रविष्ट हो जाऊंगा ।'

'ओह बांड- 'मेरी भाव विहबल स्वर में बोली और उसने जेम्स बांड को अपनी बाहों में भर लिया। मेरी के युवा शरीर ये फूटती हुई ऊष्णता का पहला प्रभाव तो जेम्स बांड पर यह हुथा कि उसका शरीर और जोरों से कांपने लगा। मेरी के दिमाग में उस समय एक ही बात थी कि वह उस समय जेम्स बांड को जीवित देख रही थी। प्रसन्नता के आवेग में उसने

जेम्स बांड के चेहरे के विभिन्न भागों पर गर्म-गर्म चुम्बन अंकित करने आरम्भ कर दिये ।

'मे आई कम इन सर' उसी क्षण उनके कानों में मेजर जानसन का क्षमा याचना पूर्ण स्वर सुनाई दिया। मेरी जेम्स बांड से अलग हो गई।

मेजर जानसन खिडकी की सिल पर बैठा हुआ था। उत्तर न मिलता देखकर वह कमरे में भीतर कूद गया ।

'हल्लो- 'मेरी एक चिताकर्षक मुस्कराहट उसकी ओर फेंकती हुई बोली ।

'वाह-' मेजर जानसन बोला- 'मुझ से खाली 'हल्लो ही, जेम्स बांड के तो तुम गले मिल रही थी। मुझसे गले नहीं मिलोगी ? '

'वाई नाट डालिग' मेरी बोली और मेजर जानसन ओर बढ़ी ।

'ठीक है। ठीक है-' मेजर जानसन हड़बड़ाहट का प्रदर्श करता हुआ बोला- 'थैंक्यू आल दि सेम। दरअसल इस समय मेरा शरीर गीला है, तुम्हारे कपड़ें भीग जायेंगे ।'

'वे तो जेम्स बांड की वजह से पहले ही भीग गये हैं।'

'और ज्यादा भीग जायेंगे ।'

'कोई परवाह नहीं ।'

'दरअसल... दरअसल मुझे शर्म आने लगी है।'

मेजर जानसन का बात कहने का ढंग ऐसा था कि मेरी की हंसी निकल गई ।

जेम्स बांड खिड़की के समीप पहुंचा उसने रस्सी वापस खींच ली और खिड़की बन्दकर के उसके आगे परदा डाल दिया रस्सी का दूसरा सिरा खिड़की से विपरीत दिशा की दीवार की एक खूँटी से बन्धा हुथा था।

जेम्स बांड ने रस्सी को खोल दिया। मेरी ने रस्सी का गुच्छा बनाकर उसे पहले वाले गुप्त स्थान पर पहुंचा दिया ।

मेरी ने दोनों को दो तौलिये दिये। दोनों ने अपने शरीर पोंछे और फिर कपड़े पहन लिये। अब वे दोनों फिर हंगेरियन

८९

मिलिट्री पुलिस के मेजर की यूनीफार्म में थे ।

मेरी ने गोताखोरी का सारा सामान कमरे में मौजूद एक बड़ी सी अलमारी में छुपा दिया ।

उसी क्षण किसी ने द्वार खटखटाया । तीनों एकदम स्तब्ध हो गये ।

जेम्स बाँड ने प्रश्न सूचक नेत्रों से मेरी की ओर देखा ।

मेरी ने अनभिज्ञता पूर्ण ढंग से कन्धे उचका दिये ।

द्वार फिर खटखटाया गया ।

जेम्स बांड ने कमरे में दृष्टि दौड़ाई। कहीं छुपने का कोई स्थान नहीं था । उसने अपनी रिवाल्वर निकाल ली और मेजर जानसन को संकेत किया ।

दोनों लपककर द्वार के दायें बायें खड़े हो गये । मेरी ने आगे बढ़कर द्वार खोल दिया ।

एक फौजी द्वार पर खड़ा था। द्वार खुलते ही वह सीधा भीतर घुसता चला आया। जेम्स बांड जानता था कि अब जब वह वापिस जाने के लिये घूमेगा तो उसकी दृष्टि द्वार के दायें बायें खड़े जेम्स बांड और मेजर जानसन पर जरूर पड़ेगी ।

'मैंडम- 'फौजी बोला- 'मुझे कैप्टन रिबका ने भेजा है। उन्होंने कहा है कि...

इससे अधिक फौजी नही बोल पाया। जेम्स बांड निःशब्द उसके पीछे पहुंचा और कैरेट का एक नपा तुला हाथ फौजी की ग्ररदन पर पड़ा । फौजी की आंखें उलट गई और वह फर्श की और गिरने लगा लेकिन जेम्स बाँड ने पहले ही उसे अपनी बाहों में सम्भाल लिया । बिना एक क्षण भी नष्ट किये मेजर जानसन ने द्वार भीतर बन्द कर लिया ।

जेम्स बांड फौजी को घसीट कर कमरे के बीच में ले आया। मेजर जानसन की सहायता से नायलोन की रस्सी से उसने फौजी के हाथ पांव बान्ध दिये। मेरी पलंग के बिस्तर पर बिछी चादर में से एक पट्टी फाड़ लाई जो मजबूती से फौजी के मुहं पर बान्ध दी गई। फिर उन्होंने फौजी के शरीर को पलंग के नीचे धकेल दिया ।

जेम्स बांड ने अपनी कलाई पर बन्धी घड़ी पर दृष्टिपात किया और फिर मेरी से बोला ठीक आधे घन्टे बाद तुम टैलीफोन एक्सचेंज पर पहुंच जाना ।'

मेरी ने स्वीकृति सूचक ढंग से सिर हिला दिया ।

'तुम्हारे पास रिवाल्वर है न ?'

'है।'

'जरूरत पड़ने पर उसे इस्तेमाल करने से मत हिचकना ।'

'मुझे बताने की जरूरत नहीं ।'

'वैरी गुड ।'

जेम्स बांड ने मेजर जानसन को सकेत किया। दोनों कमरे से बाहर निकल गये ।

मेरी ने द्वार भीतर से बन्द कर लिया। वह सोच रही थी। पता नहीं फौजी कैप्टन रिबका का क्या सन्देश लेकर आया था। कहीं अभी कैप्टन रिबका

ही यहां न पहुंच जाये ।

जेम्स बांड ने तीसरी मंजिल के गलियारे से नीचे झांका ।

९१

नीचे चारों ओर से घिरे हुए विशाल कम्पाउन्ड में हैली-काप्टर खड़ा था। एक आदमी हैलीकाप्टर के इंजन पर चढ़ा हुआ था और एक शक्तिशाली आर्क लैम्प की सहायता से इंजन का निरीक्षण कर रहा था।

'नीचे चलो- 'जेम्स बांड बोला ।

दोनों गलियारे में आगे बढ़े। मेजर जानसन के हाथ में एक बैंग था जिसे वह लापरवाही से झुलाता हुआ आगे बढ़ रहा था ।

लम्बे गलियारे में उन्हें कई फौजी मिले। जेम्स बांड और मेजर जानसन फौजियों के सैल्यूट स्वीकार करते हुए आगे बढ़ते गये । किसी ने उनको सन्देह की दृष्टि से नहीं देखा था। सन्देह करने का सवाल ही नहीं था। वे दोनों हंगेरियन मिलिट्री पुलिस के मेजर की यूनीफार्म में थे और उनकी निगाहों में उनके अफसर थे ।

सीढ़ियों के रास्ते वे ग्राउन्ड फ्लोर पर पहुंचे। किले की भीतरी दीवारों पर काफी ऊंचाई पर वाटरप्रूफ आर्क लैम्प लगे हुए थे जिनमें से दो उस समय जल रहे थे और काफी हद तक विशाल कम्पाउन्ड को प्रकाशित किये हुए थे। उस प्रकाश में दाई ओर के ब्लाक के पास गलियारे में जेम्स बांड को कई फौजी दिखाई दिये। लगभग सबके हाथों में बड़े-बड़े काफी के मग थे। उस गलियारे में शायद कैन्टीन थी। उन फौजियों से अलग एक बूढ़ा सा सशस्त्र सैनिक खड़ा था। उसकी ड्यूटी शायद पहरे पर थी क्योंकि वह बाकी फौजियों से अलग खड़ा था और तफरीह के मूड में कतई दिखाई नहीं दे रहा था।

'तुम एक मिनट यहीं ठहरों- जेम्स बांड बोला ।

मेजर जानसन ने विरोध के लिये मुंह खोला लेकिन फिर अपना इरादा बदल दिया ।

जेम्स बांड गलियारे में आगे बढ़ा। कुछ कदम बाद उसे एक अन्य गलियारा भीतर की ओर जाता दिखाई दिया । उस गलियारे के दोनों ओर कमरे थे। गलियारे के कुछ कमरों में प्रकाश था। कुछ में प्रकाश नहीं था लेकिन वे भीतर से बन्द थे कुछ कमरे ऐसे भी थे। जिन पर बाहर से ताले लटक रहे थे। जेम्स बांड बाई ओर से पांचवे कमरे के सामने ठिका। उस कमरे के द्वार से दायें बायें के कमरों के द्वार अपेक्षाकृत दूर थे। जिससे प्रकट होता था कि जिस कमरे के सामने जेम्स बांड खड़ा था वह औरों से बड़ा था ।

जेम्स बांड ने सतर्कता से अपने दायें बायें देखा ।

जिस गलियारे में वह उस समय खड़ा था, वह खाली था । उसने अपनी जेब से नकली चाबियों का गुच्छा निकाला

और उस कमरे का ताला खोलने में जुट गया ।

तीन मिनट में वह ताला खोलने में सफल हो गया। उसने द्वार खोला और भीतर प्रविष्ट हो गया। भीतर से द्वार बन्द करके उसने कमरे की बत्ती जलाई। वह कमरा मेरी वाले 'कमरे से कम से कम तीन गुणा बड़ा था और शायद भंडार के रूप में प्रयुक्त होता था। उस कमरे का तीन चौथाई क्षेत्रफल पेटियों से भरा हुआा था। बाकी स्थान में एक मेज पड़ी थी। जिसके इर्द गिर्द कुछ कुर्सियां थी । मेज पर कुछ रजिस्टर और एक टेलीफोन रखा था ।

जेम्स वाँड ने बत्ती बुझा दी। द्वार के समीप आकर उसने बाहर गलियारे में झांका । गलियारा अभी भी खाली था। वह बाहर निकल आया । उसने

द्वार बन्द किया और ताले को कुन्डे में इस प्रकार लटका दिया कि वह देखने में बन्द ही मालूम हो ।

९३

फिर वह लम्बे ब्ग भरता हुआ वापिस उस स्थान पर पहुंचा जहां वह मेजर जानसन को खड़ा छोड़कर आया था ।

'मेजर - 'जेम्स बांड बोला- 'साइड के गलियारे के बाई ओर के पांचवे कमरे में पहुंच जाओ। ताला मैं खोल आया हूं।'

'वहां क्या होगा ?' मेजर जानसन ने पूछा ।

'वहाँ मैं उस आदमी को लेकर आता हूँ जो हैलीकाष्टर में इंजन पर चढ़ा हुआ है।'

'वह आदमी तुम्हारा यार है ?'

'क्या मतलब ?'

'मतलब यह कि क्या वह तुम्हारे कह देने भर से तुम्हारे साथ चल देगा ?'

'हां ।' उस कमरे तक वह अपनी मर्जी से आयेगा। उसके बाद उसे तुम सम्भाल लेना ।'

'कमाल है- 'मेजर जानसन हैरानी से सिर हिलाता हुआ बोला और जेम्स बांड द्वारा निर्दिष्ट गलियारे की ओर बढ़ गया। अपने हाथ में थमे बैग को वह लापरवाही से हिला रहा था जैसे बाजार से सब्जी वगैरह खरीदकर लौट रहा हो जबकि बैग में हैण्ड ग्रेनेड और प्लास्टिक बम जैसी भयंकर चीजें थीं ।

जेम्स बांड लम्बे डग भरता हुआ सीधा हैलीकाप्टर की ओर बढ़ा। बगल में खड़ा एक बूढ़ा सा फौजी एक मेजर को उस ओर आता देखकर एक दम सावधान की मुद्रा में तन कर खड़ा हो गया ।

जेम्स बांड बिना उसकी ओर दृष्टिपात किये हैलीकाप्टर के समीप पहुंचकर वह जोर से बोला- 'तुम पायलेट हो ?'

उस इंजन पर चढ़े आदमी ने जेम्स बांड की आवाज सुनी । फिर पता नहीं अनजाने में या जान बूझकर उसने आर्क-

लैम्भ का रूख उसकी ओर कर दिया। जेम्स बांड के नेत्र चौंधियां गये । वह एकदम हड़बड़ा गया और इसी हड़बड़ाहट के उसका हाथ स्वयं ही अपनी यूनीफार्म में छिपी रिवाल्वर की ओर बढ़ गया ।

लेकिन तभी आर्क लैम्प का रुख बदल गया। आर्क लैम्प का शक्तिशाली प्रकाश अब उसके पैरों के समीप पड़ रहा था।

'यह क्या बदतमीजी है? 'जेम्स बांड क्रोधित स्वर है बोला ।

'सारी- 'वह आदमी बोला ।

'मैंने पूछा था, तुम पायलेट हो ?'

'हां।'

तुम हैलीकाप्टर का इंजन खुद क्यों ठीक करते हो। मकैनिकों से क्यों नहीं कराते ।'

'क्योंकि जारहाजा फोर्ट के जो दो मकैनिक हैलीकाप्टर के इंजन की जानकारी होने का दावा करते है, उनके हाथ में हैलीकाप्टर देने में और किसी लुहार को हैलीकाप्टर सौंप देने में कोई विशेष अन्तर नहीं है। सालों को कुछ भी तो नहीं आता । इसीलिये इस जमा देने वाली सर्दी में खुद ही इंजन की मरम्मत कर रहा हूँ।'

'अभी ठीक नहीं हुआ ?'

'हो गया। अब तो सिर्फ चेकिंग कर रहा हूं।'

'क्या खराबी थी ?'

'डिस्ट्रीब्यूशन कैप में थोड़ा नुक्स था ।'

'आई सी ।'

'तुम कौन हो ? मुझ से क्या चाहते हो ?'

'मैं तुमसे कुछ नहीं चाहता । जनरल वेरस तुमसे बात करना चाहते हैं।

वे तुम्हारे लिये टेलीफोन पर होल्ड कर रहे हैं ।'

'जनरल मुझ से बात करना चाहते हैं-' पायलेट उलझन पूर्ण स्वर से बोला- 'कमाल है।'

'क्या कमाल है इसमें ?'

'भई, अभी दस मिनट पहले तो जनरल वेरस खुद यहां झाकर मुझ से बात करके गये हैं। वे खुद यहां पूछने आये थे कि हैलं।काप्टर की क्या पोजीशन है क्योंकि वे अमेरिकन जनरल को अपने साथ लेकर फौरन वापिस लौटना चाहते हैं।'

'यह सब मुझे नहीं मालूम' जेम्स बाँड तनिक उतावले स्वर मे बोला- मैं केवल इतना जानता हूं कि जनरल वेरस तुम से फोन पर बात करना चाहते हैं ।'

पायलेट ने आर्क लैम्प बुझा दी और इंजन से नींचे कूद माया । एक डस्टर

से अपने हाथ पोंछता हुआ वह बोला-'टैलीफोन कहां है ?'

'बगल के गलियारे में बाई ओर के पांचवे कमरे में ।'

पायलेट ने कम्पाउन्ड पार किया और तेजी से चलता हुआ जेम्स बांड के बताये रास्ते पर बढ़ गया ।

जेम्स बांड भी लापरवाही से टहलता हुआ उसके पीछे चल दिया ।

पायलेट सीधा जेम्स बांड के बताये कमरे में पहुंचा ।

जेम्स बांड बाहर गलियारे में ही खड़ा रहा। उसका हाथ रिवाल्वर पर था और पूरी तरह सतर्क था ।

पायलेट कमरे का दरवाजा धकेल कर भीतर घुस गया। खुलते दरवाजे से भीतर की रोशनी एक क्षण के लिये बाहर

गलियारे में पड़ी और फिर द्वार बन्द हुआ तो रोशनी भी गायब हो गई ।

जेम्स बांड गलियारे में खड़ा रहा। उसका चेहरा एक दम भावहीन था ।

एक आधे मिनट बाद ही गोदाम वाला दरवाजा खुला और मेजर जानसन ने बाहर झांका। उसने जेम्स बांड को संकेत किया ।

जेम्स बांड फुर्ती से गोदाम के भीतर प्रविष्ट हो गया। उसने द्वार भीतर से बन्द लिया ।

पायलेट का अचेत शरीर फर्श पर पड़ा था। उसका बैग मेज पर रखा था और वह अपने हाथ में रिवाल्वर थामे हुए था ।

'मर गया क्या ? 'जेम्स बाँड ने पूछा।

'नहीं- 'मेजर जानसन बोला- 'केवल बेहोश है। इसकी खोपड़ी पर मैंने हाथ तो काफी करारा जमाया था लेकिन बड़ा सख्त जान आदमी मालूम होता है। आसानी से मरेगा नही ।'

'रस्सी निकालो' जेम्स बांड बोला ।

'मेजर जानसन ने नायलोन की पतली सी रस्सी अपने बैग से निकाली। दोनों ने मिलकर पायलेट के हाथ पाँव बांध दिये । मेज पर बिछे मेजपोश की सहायता से उन्होंने उसका मुंह भी बन्द कर दिया । फिर जेम्स बांड ने बत्ती बुझाईऔर दोनों बाहर निकल आये । उन्होंने द्वार को बाहर से बन्द करके कुडा लगाया और उसमें ताले को फिर इस प्रकार पिरो दिया कि जब तक कोई उसे हाथ न लगाये, उसे यह मालूम न हो पाये कि ताला वास्तव में बन्द नहीं है।'

'अब कहाँ ?' मेजर जानसन ने पूछा ।

'टेलीफोन एक्सचेन्ज' जेम्स बांड बोला ।

'तुम्हें मालूम है, टेलीफोन एक्सचेन्ज कहां है ?'

'तुम टेलीफोन एक्सचेन्ज की बात करते हो, मुझे तो यह भी मालूम है कि किले के किस कमरे में कितनी खिड़कियां हैं, कितनी अलमारियां हैं और किस कमरे में चूहों ने कितने छेद किये हुए हैं ।'

'कमाल है।'

'कमाल क्या है। अगर पन्दह दिन तक चार घन्टे रोज एक ही स्थान का नक्शा तुम स्टडी करते रहो तो तुम भी यह सब जान जाओगे ।'

'तुम पन्दरह दिन तक जारहाजा फोर्ट का नक्शा घोटते रहे हो ?- 'मेजर जानसन नेत्र फैलाकर बोला ।

'और नहीं तो क्या ? आपरेशन जारहाजा फोर्ट के अति-रिक्त 'एम' ने आज तक किसी आपरेशन के लिए मुझसे इतनी भयंकर तैयारी नहीं करवाई।'

'और आपरेशन क्या है ?'

'यह बताने का समय नही है। धीरे धीरे सब तुम्हारी आंखों के सामने आ जायेगा ।'

'टेलीफोन एक्सचेंज कहां है ?'

'दूसरी मंजिल पर । सामने के ब्लाक में ।'

दोनों सीढ़ियों को ओर बढ़े। वे दूसरी मंजिल पर पहुंचे । लम्बे गलियारों में चलते हुए वे सामने के ब्लाक में पहुंचे । मुख्य गलियारे से हटकर भीतर की ओर एक पतला सा गलियारा और जाता था । उस गलियारे के एक दरवाजे पर लिखा था-टेलीफोन एक्सचेंज । भीतर आना मना है।

जेम्स बांड उस द्वार के समीप पहुंचा। उसने द्वार के हैडिल को धीरे से घुमाया । द्वार वन्द था वह घुटनों के बल फर्श पर बैठ गया। उसने ताली के छेद में से भीतर झाँका । भीतर विशाल टेलीफोन एक्सचेंज बोर्ड के सामने केवल एक आपरेटर बैठी थी और वह भी कोई विशेष व्यस्त नहीं दिखाई दे रही थी।

जेम्स बांड उठ खड़ा हुआ और बोला- 'दरवाने को ताला लगा हुआ है।'

'तो फिर क्या हुआ ? तुम्हारे पास नकली चाबियां हैं। तुमने नीचे के कमरे का भी तो ताला खोला था ।'

'नीचे का कमरा खाली था। इस कमरे में आपरेटर मौजूद है। ताले में चाबियां लगाई जाने की आवाज उसे सुनाई दे जायेगी। उसे सन्देह हो गया कि कोई जबरदस्ती ताला खोल-कर एक्सचेंज में घुसने का प्रयत्न कर रहा है तो वह टेलीफोन करके ही सशस्त्र सैनिकों की फौज बुला लेगी ।'

'लेकिन टेलीफोन की केबल तो हम पहले ही काट चुके हैं- 'मेजर जानसन बोला ।

'मेजर - 'जेम्स बाँड तनिक कठोर स्वर से बोला- 'क्या वाकई तुम इतने मूर्ख हो जितना तुम इस समय स्वयं को जाहिर करने की कोशिश कर रहे हो या यह सवाल भी कोई शरारत है?'

'क्या मतलब ?'

जो केबल हमने काटी है। उसके कटने से केवल जारहाजा फोर्ट और ना के कसबे का सम्पर्क समाप्त हुआ है।'

'सारी- 'मेजर जानसन बोला- दरअसल हालात की टेन्शन की वजह मेरा दिमाग काम नहीं कर रहा है।'

'फौरन होश में आ जाओ, मेजर। फौरन स्वयं को इस स्थिति से निकाल लो वरना सारी जिन्दगी जारहाजा फोर्ट की किसी अन्डर ग्राउन्ड, गन्दी, सीलन भरी कोठरी में सड़ते हुए गुजर जायेगी । आपरेशन का सबसे महत्वपूर्ण काम अभी भी तुम्हें करना है।'

मेजर जानसन चुप रहा ।

'तुम्हें अपना सबक तो याद है न ?'

'एकदम याद है ।'

'कोई गड़बड़ तो नहीं होगी ?'

'कोई गड़बड़ नहीं होगी ।'

जेम्स बांड टेलीफोन एक्सचेंज वाले कमरे के बगल वाले से नकली चाबियों का संकेत पर मेजर जानसन कमरे में पहुंचा। उसने अपनी जेब गुच्छा निकाल लिया। जेम्स बांड के वापिस उस गलियारे के दहाने पर जा

खड़ा हुआ । उसका हाथ अपनी जेब में रखी रिवाल्वर पर था। वह पूर्णतया सावधान था ।

दो मिनट से भी कम समय में जेम्स बांड ने बगल का दरवाजा खोल लिया। उसने द्वार थोड़ा सा खोला। कमरे में अन्धेरा था और खाली था ।

जेम्स बांड ने मेजर जानसन को संकेत किया। मेजर जानसन उसके समीप पहुंच गया ।

उन्होंने कमरे के भीतर प्रविष्ट होने के लिये कदम बढ़ाया ।

'रुक जाओ'- उन्हें अपने पीछे कर्कश स्वर सुनाई दिया। दोनों की जैसे सांस रुक गई। धीरे से जेम्स बांड ने अपनी गरदन घुमा करपीछे देखा ।

गलियारे के दूसरी ओर उन से लगभग दस गज दूर एक

लैपटीनेन्ट कर्नल खड़ा था वह शायद सिरे के किसी कमरे से बाहर निकला था उसके हाथ में रिवाल्वर थी जिसकी नाल उन दोनों की ओर तनी हुई थी ।

जेम्स बांड पर से बौखलाहट का दौर एक क्षण में गुजर गया । तत्काल ही उसने पूरी तरह स्वयं पर नियन्त्रण पा लिया । जेम्स बांड के चेहरे पर ऐसे भाव उभरे जैसे लेफ्टीनेन्ट कर्नल ने उसे रोककर किसी बेहद गम्भीर कार्य में रोड़ा अटका दिया हो। उसने एक क्रोधपूर्ण दृष्टि लॅफ्टीनेन्ट कर्नल पर डाली । फिर चेतावनी के रूप में उसके दायें हाथ की उंगली उसके होठो पर पहुंच गई और फिर वह दबे स्वर से बोला-'श...श ।'

लैस्टीनेन्ट कर्नल ने उलझनपूर्ण नेत्रों से उनकी ओर देखा। जेम्स बांड ने जोर-जोर से हाथ हिलाकर उसे समीप आने का सकेत किया ।

लेफ्टीनेन्ट कर्नल हिचकिचाता हुआ उनके समीप आ खड़ा हुआ लेकिन

उसके हाथ की रिवाल्वर अब भी दोनों को कवर किये हुये थी ।

जेम्स बांड ने सावधानी से घूमकर अन्धेरे कमरे के खुले दरवाजे में से भीतर झांका, लेफ्टीनेन्ट कर्नल को चुप रहने का दुवारा संकेत किया और फिर अर्थपूर्ण ढंग से मेजर जानसन की ओर देखा ।

मेजर जानसन भी तब तक सम्भल चुका था और अब एक विशेष प्रकार के सन्देह का वातावरण पैदा करने के लिये जेम्स बांड के अभिनय में पूरा-पूरा सहयोग दे रहा था ।

लेफ्टीनेन्ट कर्नल और भी उलझ गया था।

'कर्नल पीटर किसका ने कहा था कि दोनों आदमियों को

जीवित पकड़ना है- 'जेम्स बांड फुसफुसाकर बोला ।

मेजर जानसन ने यूं सिर हिलाया जैसे भारी समस्या सामने आ गई हो ।

जेम्स बांड की बात लेफ्टीनेन्ट कर्नल ने भी सुनी। उस बात का प्रभाव फौरन उस पर दिखाई दिया। वह बेहद उत्सुक दिखाई देने लगा ।

'क्या बात है ?' उसने भी फुसफुसाते हुए पूछा ।

'कर्नल बाक्स के हाथ से जो दो ब्रिटिश स्पाई अना में निकल भागे थे, वे इस कमरे में हैं। मैंने खुद उन्हें इस कमरे में घुसते देखा है- 'जेम्स बांड बोला ।

'लेकिन वे दोनों तो मर चुके हैं' लेफ्टीनेन्ट कर्नल अवि-श्वास पूर्ण स्वर से बोला- 'मैंने तो सुना है उनकी गाड़ी..'

'वे नही मरे है- 'जेम्स बांड उतावली से उसकी बात काटता हुआ बोला- 'उन्होंने केवल गाड़ी पहाड़ी से नीचे धकेल दी थी। कर्नल बाक्स को यह

बात मालूम है और अब कर्नल पिटर किसका को भी यह बात मालूम है। जनरल वेरस का निजी आदेश है कि उन दोनों को जीवित पकड़ा जाये ।'

जेम्स बांड ने इतने बड़े-बड़े अफसरों के नाम ले दिये थे और ऐसा टेन्शन का वातावरण पैदा कर दिया था कि लेफ्टी-नेन्ट कर्नल उससे यह पूछना भूल गया कि वे दोनों वहां क्या कर रहे थे और इतने सन्दिग्ध रूप से उस कमरे के ताले पर क्यों भुके हुए थे। उसके नेत्र एकाएक चमक उठे। अगर ब्रिटिश 'स्पाई उस कमरे के भीतर मौजूद हैं तो उनकी गिरफ्तारी का यश उसे क्यों न मिले ।

'एक ओर हटो - 'वह धीमे स्वर से बोला- 'मुझे देखने दो।' बड़े सम्मानपूर्ण ढंग से मेजर जानसन और जेम्स बांड द्वार के दायें बायें हट गये ।

लैफ्टीनेन्ट कर्नल सावधानी से रिवाल्वर हाथ में लिये आगे बढ़ा । थोड़े से खुले द्वार में से उसने कमरे के भीतर झांका उसी क्षण दोनों ओर से उसकी कनपटी पर दो साइलेन्सर लगी रिवाल्वरें आ लगी। लेफ्टीनेन्ट कर्नल हवा निकले गुब्बारे की तरह पिचक गया। मेजर जानसन ने उसके हाथ से उसकी रिवाल्वर झपट ली और उसे कमरे के भीतर धकेल दिया।

लेफ्टीनेन्ट कर्नल लड़खड़ाया और फिर फर्श पर ढेर हो गया। उसके मुह से एक कराह निकली और फर्श पर गिरे-गिरे ही उसने एक करवट ली ।

एकाएक गलियारे से भीतर फूटते हुए प्रकाश में जैम्स बांड को जमीन पर गिरे लेफ्टीनेन्ट कर्नल के हाथ के समीप किसी चीज की हल्की सी चमक दिखाई दी ।

जेम्स बांड ने एक भी क्षण हिचके बिना फायर कर दिया । लेकिन साइलेन्सर लगी रिवाल्वर में से गोली निकलने की पिट-पिट की आवाज उसे दो बार सुनाई दी। जेम्स बांड ने हैरानी से मेजर जानसन की ओर देखा। उसकी रिवाल्वर की नाल में से भी धुंआ निकल रहा था ।

मेजर जानसन ने फुर्ती से दरवाजा भीतर से बन्द किया और बोला- 'जो तुमने देखा था, वो मैंने भी देखा था।'

दरवाजा बन्द होते ही कमरे में घुप्प अन्धेरा छा गया। जेम्स बांड ने जेब से पैन्सिल टार्च निकाल कर जलाई ।

लेफ्टीनेन्ट कर्नल का काम तमाम हो चुका था। उसके हाथ में दबी एक छोटी सी खूबसूरत रिवाल्वर दिखाई दे रही थी।

'कम्बख्त के पास दो रिवाल्वरे थी- 'मेजर जानसन बोला । जेम्स बांड ने आगे बढ़कर कमरे की खिड़की खोली और बाहर झांका । नीचे अन्धकार में से उसे किले की दीवार के साथ समुद्र के पानी के टकराने का शोर सुनाई दिया। बाहर हुण्डी और बर्फीली हवा का तूफान चल रहा था। हर एक मिनट बाद किले की सर्चलाइट का प्रकाश आन्दोलित समुद्र के उनके सामने के भाग को प्रकाशित करता हुआ गुजर जाता था ।

जेम्स बांड ने खिड़की से बाहर सिर झुकाकर बगल की खिड़की की ओर झांका। बगल के कमरे की अर्थात टैलीफोन एक्सचेंस की खिड़की खुली थी और उसमें से प्रकाश बाहर फूट रहा था ।

'रस्सी निकालो - जेम्स बांड बोला ।

मेजर जानसन ने बैग में से नायलोन की रस्सी निकालौ | और जेम्स बाँड को थमा दी ।

जेम्स बांड ने रस्सी को खोला। स्स्सी के एक सिरे पर उसने एक विशेष प्रकार का फंदा बनाया। वह वापस खिड़की के पास आ गया। वह खिड़की की सिल पर चढ़ गया। उसने रस्सी को फन्दे वाले सिरे के इर्द गिर्द इकट्ठा किया और उसे उपर किले की दीवार की ओर उछाल दिया ।

फंदा किले की दीवार की बुर्जी में अटक नहीं पाया । जेम्स बांड ने फिर रस्सी ऊपर की ओर उछाली ।

आठ दस प्रयत्नों के बाद रस्सी का फंदा ऊपर दीवार की बुर्जी में कहीं फंस गया। जेम्स बांड ने रस्सी को जोर से खींचा फंदा मजबूती से दीवार

में कहीं फिट हो गया। जेम्स बांड ने एक बार झटका देकर रस्सी की मजबूती को परखा और फिर उसके सहारे खिड़की से बाहर लटक गया। अपने पांव किले की दीवार के साथ लगाकर उसने अपने शरीर को झटका दिया।

१०४

उसका शरीर घड़ी के पैन्डुलम की तरह रस्सी के साथ भूल गया

जेम्स बांड यू' ही अपने शरीर को तत्र तक भुलाता रहा जत्र तक कि उसका शरीर एक्सचेंज की खुली खिड़कीं तक नहीं पहुंचने लगा ।

ज्योंही पहली बार उसके पैर एक्सचेंज की खुली खिड़की की सिल के सम्पर्क में आये, उसने रस्सी छोड़ दी और स्वयं सिल पर बैलेंस करने के लिये खिड़की का पल्ला थाम लिया ।

भीतर स्वीच बोर्ड पर बैठी आपरेटर की पीठ खिड़की की ओर थी। उसे जेम्स बांड की मौजूदगी का आभास नहीं हुआ था । जेम्स बांड ने रिवाल्वर निकालकर हाथ में ले ली और निशब्द कमरे में कूद गया ।

उसी क्षण आपरेटर उसकी ओर घूमी ।

जेम्स बांड ने साइलेंसर लगी रिवाल्वर उसकी ओर तान दी।

आपरेटर का जबड़ा लटक गया। उसने एक बार जेम्स के हाथ में थमी रिवाल्वर की ओर देखा फिर बन्द दरवाजे की ओर देखा, फिर खुली खिड़की की ओर देखा फिर पहले उसके चेहरे पर अविश्वास के भाव उभरे और फिर भय और आतंक अधिक्य से उसके नेत्र उबल पड़े। उसका मुंह खुला । उसकी गरदन भी एकाएक तन गई नसो से जेम्स बांड फौरन पहचान गया कि वह चिल्लाने वाली है। जेम्स बांड लपककर उसके समीप पहुंचा और इससे पहले कि आपरेटर चिल्ला पाती जेम्स बांड ने उसकी गरदन दबोच ली। आपरेटर के मुह से हल्की सी घर घराहट निकली और फिर उसका अचेत शरीर जेम्स बांड की बाहों में भूल गया ।

जेम्स बंड ने उसे कुर्सी से उतारा और घसीट कर स्वित्र बोर्ड के पीछे डाल दिया ।

१०५

बोर्ड के सामने एक लम्बी सी चाबी पड़ी थी। जेम्स बाँड बह चावी उठा ली और द्वार की ओर बढ़ा। उसने चाबी को होल में लगाकर घुमाया । द्वार फौरन खुल गया। रिवाल्वर हाथ में लिये उसने सावधानी से बाहर झाँका ।

गलियारे के मोड़ पर उसे मेरी अपनी ओर आती दिखाई दी। जेम्स बांड सावधानी से रिवाल्वर अपने हाथ में थामें रहा । मेरी उसके समीप गई। जेम्स बांड ने उसे भीतर प्रविष्ट होने हा सकेत किया। और स्वयं बगल के द्वार की ओर बढ़ा । उसने धीरे से द्वार खटखटाया ।

द्वार फौरन खुला और मेजर जानसन बाहर निकल आया । उसने द्वार को बाहर से बन्द कर दिया ।

दोनों टैलीफोन एक्सचेन्ज वाले कमरे में घुस गये । जेम्स ने चाबी मेजर जानसन की हथेली पर रख दी ।

मेरी स्विच बोर्ड पर आपरेटर द्वारा खाली की हुई कुर्सी पर बैठी हुई थी ।

'बाहर किले की दीवार के साथ जो रस्सी लटक रही है, उसका क्या होगा ?' मेजर जानसन बोला- 'रस्सी तीसरी मंजिल की खिड़की के एक दम सामने लटक रही है। अगर किसी की निगाह उस पर पड़ गई तो..।'

'मैं उसका भी इन्तजाम करता हूं।' जेम्स बांड बोला- 'तुम्हें अपना सबक याद है न ?'

'याद है।' मेजर जानसन विश्वास पूर्ण स्वर में बोला ।

'कोई गड़बड़ हुई तो सारा खेल बिगड़ जायेगा।' जेम्स बांड चेतावनी भरे स्वर में बोला ।

'कोई गड़बड़ नहीं होगी ।'

'और तुम भी सावधान रहना ।' वह मेरी से बोला ।

१०६

मेरी ने सहमति सूचक ढंग से सिर हिला दिया ।

जेम्स बांड बाहर निकल आया ।

मेजर जानसन ने फौरन द्वार को भीतर से ताला लगा दिथा ।

जेम्स बांड ने रिवाल्वर अपनी यूनीफार्म में छुपा ली और फौजी चाल से चलता हुआ बड़े गलियारे में आ गया ।

सीढ़ियों के रास्ते वह तीसरी मंजिल पर पहुंच गया ।

तीसरी मंजिल से ऊपर की छत पर ले जाने वाली सीढ़ियों के सामने एक फौजी हाथ में कारबाइन लिये हुए पहरा दे रहा था । जेम्स बांड को अपनी ओर आता देखकर वह सचेत हो गया ।

जेम्स बांड नाक की सीध में उसकी ओर बढ़ा ।

'जनरल वेरस किले का निरीक्षण कर रहे हैं।' जेम्स बांड जल्दी से बोला- 'सर्च लाइट देखने के लिये वे ऊपर भी जायेंगे। थोड़ी देर में कर्नल पीटर किसका के साथ वे इधर ही आने वाले हैं। सावधान रहना ।'

फौजी ने बड़ी मुस्तैदी से सहमति सूचक ढंग से सिर हिला दिया ।

'मैं ऊपर की गारद को सावधान करने जा रहा हूं।' जेम्स बांड बोला और तत्काल सीढ़ियो की ओर बढ़ गया ।

फौजी ने उसे टोकने के लिये मुंह खोला लेकिन फौरन ही वह चुप हो गया।

वह बड़ी मुस्तैदी से गलियारे में पहरा देने लगा ।

जेम्स बांड सीढ़ियों के सिरे पर पहुंचा। सिरे पर मौजूद भारी द्वार को उसने थोड़ा सा बाहर की ओर धकेला और फिर बाहर झांका ।

१०७

सर्चलाइट का चौंधिया देने वाला प्रकाश अपनी नियमित गति ते चारों ओर घूम रहा था। उस प्रकाश में उसे किले की दिवार में एक स्थान पर फंसी हुई नायलोन की रस्सी दिखाई दी। एक सिपाही उस स्थान के एक दम सामने कारबाइन संभाले घूम रहा था लेकिन उसका ध्यान रस्सी की ओर नहीं था ।

जेम्स बाँड ने साइलेंसर लगी रिवाल्वर निकाल कर फिर अपने हाथ में ले ली। लेकिन उसने द्वार खोल कर छत पर कदम रखने का उपक्रम नहीं किया। वह एक ऐसे अवसर की प्रतीक्षा करता रहा जब सर्चलाइट का प्रकाश दूसरी दिशा में घूम रहा हो और फौजी गश्त करता हुआ उसकी ओर बढ़ रहा हो ।

शीघ्र ही ऐसा अवसर आ गया ।

जेम्स बांड ने रिवाल्वर की नाल सीधी की और बिना एक क्षण भी हिचके फौजी की छाती का निशाना लगा कर फायर कर दिया। एक हल्की सी पिट की आवाज हुई । तत्काल फौजी निशब्द फर्श पर गिर गया। कारबाइन उसके हाथ से छूट गई ।

उसी क्षण सर्चलाइट का प्रकाश घूमता हुआ उस दिशा में पहुंचा लेकिन अब वह प्रकाश फर्श पर गिरे फौजी के काफी ऊपर से गुजरता चला गया। प्रकाश के दूसरी ओर घूमते ही जेम्स बांड बाहर निकला और दबे पांव उस ओर भागा जहां रस्सी बंधी हुई थी ।

उसके उस स्थान पर पहुंचने तक सर्चलाइट का प्रकाश अपना एक मिनट का वृताकार सफर पूरा कर के फिर उसी ओर बढ़ रहा था ।

जेम्स बांड तत्काल जमीन पर लेट गया ।

सर्च लाइट का प्रकाश उसके ऊपर से गुजरता चला गया ।

१०८

जेम्स बांड उकड़ू' होकर बैठ गया और बुर्जी में फंसा हुआ रस्सी का फंदा निकालने लगा। शीघ्र ही फंदा अपने स्थान से निकल गया । जेम्स बांड ने फुर्ती से रस्सी को ऊपर खींच लिया।

सर्चलाइट का प्रकाश फिर उसकी ओर बढ़ रहा था। जेम्स बांड फिर जमीन पर लम्बा लेट गया ।

प्रकाश गुज़रते ही उसने रस्सी समेटी, छत पर मरे पड़े फौजी की कारबाइन सम्भाली और फिर उसने फौजी को टांगों से पकड़ लिया और उसे पूरी शक्ति से एक ओर ओट में घसीटने लगा। किले की भीतरी दीवार के समीप एक पानी की टंकी थी । जेम्स बांड ने फौजी की लाश को टंकी के पीछे डाल दिया और उसी के समीप उसकी कारबाइन और नायलोन की रस्सी डाल दी। उसने अपनी यूनीफार्म झाड़ी और फिर द्वार की ओर बढ़ा ।

सीढ़ियों में आकर उसने सबसे पहले रिवाल्वर का चैम्बर खोला । भीतर केवल एक गोली बाकी रह गई थी। जेम्स बांड ने चैम्बर को गोलियों से भरा और रिवाल्वर वापिस जेब में रख ली ।

वह लापरबाही से सीढ़ियां उतरता हुआ तीसरी मंजिल पर आ गया। गश्त करता हुआ। सिपाही उसे देखकर फौरन अटेन्शन हो गया । जेम्स बांड उसकी ओर बिना ध्यान दिये सीधा उसके पास से गुज़र गया ।

गलियारे के सिरे पर पहुंचकर वह बाई ओर घूम गया एक दरवाजे के सामने आकर वह ठिठक गया ।

उसने एक बार दायें-बायें देखा ! फिर द्वार को धीरे से धक्का दिया । द्वार खुला था। जेम्स बांड ने दो पल्लों के बीच

में उत्पन्न हो गई झिरी में से भीतर झांका। वह कोई कमरा नहीं था । जारहाजा फोर्ट के आठ बड़े-बड़े कमरों से भी बड़ा वह एक हाल था । हाल के सारे फर्श पर गहरे लाल रंग का गलीचा बिछा हुआ था। दरवाजों और खिड़कियों पर भी उसी रंग के भारी परदे लटक रहे थे। कमरे के दूसरे सिरे पर फायर प्लेस में आग जल रही थी और उस आग के इर्द गिर्द कुछ आदमी बैठे थे। सब के हाथ में ब्रांडी के गिलास थे। एक खूबसूरत लड़की उन लोगों के बीच में एक ट्राली घुमा रही थी जिस पर खाली गिलास और भिन्न-भिन्न प्रकार की ब्रांडी और व्हिस्की की बोतलें रखी थीं।

उस युवती के अतिरिक्त हाल में मौजूद सभी व्यक्तियों को जेम्स बांड पहचानता था ।

जनरल वेरस, जारहाजा फोर्ट के डिप्टी चीफ कमान्डर कर्नल पीटर किसका और उन लोगों की निगाहों में जनरल कार्नली के अतिरिक्त हाल में हेनरी टर्नर और कारपेन्टर भी मौजूद थे। वे भी धीरे-धीरे ब्रांडी की चुस्कियां ले रहे थे । उनके किसी भी एक्शन से ऐसा नहीं मालूम होता था कि वे वहां पर बन्दी हो। उनके चेहरों से ऐसा मालूम होता था जैसे वे किसी पराई जगह में नहीं, अपने घर में बैठे हों ।

'माई डियर जीना ।' हेनरी मुस्कराता हुआ बोला और उसने अपना गिलास ऊपर उठा दिया ।

गिलास खाली था ।

जीना के नाम से सम्बोधित उस लड़की ने भी मुस्कराकर हेनरी की ओर देखा और फिर ट्राली हेनरी के समीप ले आई। हेनरी ने ट्राली में रखी बोतलों में से अपने पसन्द की ब्रांडी की थ्रोर संकेत किया । जीना ने

उसका गिलास भर दिया और फिर

साथ ही उसने बाकी लोगों के भी गिलास भर दिये ।

फायर प्लेस में आग धधक रही थी जिसकी लाल लपटों की रोशनी सब के चेहरों पर प्रतिबिम्बित हो रही थी ।

जीना ट्राली को धकेलती हुई एक ओर ले गई। उसने अपने लिये भी ब्रांडी का एक गिलास भर लिया और एक कुर्सी पर बैठकर उसकी चुस्कियां लेने लगी ।

'जनरल कार्नली -।' जनरल वेरस बोला- 'यह आपका आखिरी फैसला है कि आप जुबान नहीं खोलेंगे ? आप अपनी डिफेंस प्रप्रेशन्स के बारे में हमें कुछ नहीं बतायेंगे ?'

जनरल कार्नली का अभिनय करने वाले बहुरूपिये ने जैसे कुछ सुना ही नहीं। वह भावहीन ढंग से ब्रांडी की चुस्कियां लेता रहा ।

'आप से बात करने के लिये मैं विशेष रूप से बुडापेस्ट से आया हूं क्योंकि मैं नहीं चाहता था कि जारहाजा फोर्ट के स्टाफ में से कोई आपकी शान में कोई गुस्ताखी करे ।'

जनरल वेस्स एक क्षण चुप रहा और फिर बोला- 'आप ने देख ही लिया है कि आप को यहां से निकाल ले जाने के लिये आये हुए लोगों में से तीन हमारे ही आदमी थे जो इस समय, आपके सामने बैठे हैं।'

'डबल एजेन्ट !'- जनरल कार्नली नफरत भरे स्वर से बोला- 'देशद्रोही ! कुत्ते !'

हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर के चेहरों ने कई रंग बदले ।

ये लोग आप के लिये देशद्रोही होंगे लेकिन हमारे लिये तो बड़े देश भक्त हैं

और बड़े शूरवीर हैं जो आप लोगों के ही स्पाई चक्र में घुसकर हमें आप की सरकार की गुप्त गतिविधियों की सूचना देते रहते हैं। एक मुद्दत से ये तीनों ब्रिटिश इन्टैलीजेन्स

में घुसकर, उसके एक अंग बनकर, अपने अफसरों के विश्वास पात्र बनकर काम कर रहे हैं लेकिन आप की इन्टैलीजेन्स के मूर्ख अफसरों को कभी इन पर सन्देह नहीं हुआ ।'

जनरल वेरस ने एक बार फिर ब्रांडी की एक चुस्की ली और बोला- 'आप को यहां से छुड़ाकर ले जाने का आपरेशन एकदम असफल हो चुका है, जनरल । आपको छुड़ाने के लिये छः आदमी आये थे जिनमें से तीन मर चुके हैं और तीन आपके सामने मौजूद हैं। वैसे भी मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जारहाजा फोर्ट ऐसी जगह नहीं है जहाँ कोई बाहरी आदमी घुस आये और यहाँ से किसी को अपने साथ ले जाने में सफल हो जाये । जनरल, हमारी जानकारी के बिना जारहाजा फोर्ट में एक चिड़िया प्रविष्ट नहीं ह। सकती। हमारी जानकारी के बिना जारहाजा फोर्ट से एक चिड़िया नहीं निकल सकती। अगर अभी भी आपके दिमाग में यहाँ से बचकर निकल पाने की कोई 'आशा है तो उसे आप अपने दिल से निकाल दीजिये । जारहाजा फोर्ट में तो करिश्मे भी काम नहीं करते ।'

जनरल कार्नली चुप रहा। उसके दिल में तो पता नहीं क्या तूफान उमड़ रहा था लेकिन ऊपरी तौर पर वह बिलकुल निश्चिन्त मालूम हो रहा था।

'आप जैसे ऊंचे मिलिट्री आफिसर के साथ हम कोई घटिया व्यवहार नहीं करना चाहते। हम आप से जानकारी हासिल करने के लिये आप पर वे तीसरे दर्जे के तरीके इस्तेमाल नहीं करना चाहते जो हम देश के दुश्मनों और दूसरे मुल्कों के जासूसों पर इस्तेमाल करते हैं। हमें बड़ा अफसोस होगा अगर हमें आप की जुबान टार्चर के घटिया तरीकों से खुलवानी पड़ी ।'

जनरल कार्नली चुप रहा ।

'आप क्या कहते हैं, फिर ?' जनरल वेरस ने व्यग्र स्वर. से पूछा ।

जनरल कार्नली ने ब्रांडी का एक बड़ा सा छूट पिया और फिर एक चटखारा लेता हुआ बड़े संतोष पूर्ण स्वर से बोला-'यह ब्रांडी बहुत उमदा है।'

जनरल वेरस ने एक गहरी सांस ली और फिर असहाय स्वर से बोला- 'सच पूछिये तो मुझे आप से यही आशा थी।' फिर वह कर्नल किसका की ओर घूमा और आदेश पूर्ण स्वर से बोला- 'मैं जनरल कार्नली को अभी अपने साथ बुड पेस्ट ले जाना चाहता हूं। इनकी फौरन रवानगी का इन्तजाम करो । जनरल कार्नली को ऐन्ड्रूसी डट के समर्थ लोगों को सौंप देने के अतिरिक्त कोई चारा नहीं है।'

कर्नल पीटर किसका ने अपने स्थान से उठने का उपक्रम किया ।

'ऐन्ड्रेसी डट में भी यह आदमी आपको कुछ नहीं बता पायेगा, सज्जनो ।' जेम्स बांड उच्च स्वर से बोला ।

एकाएक कमरे में मौत का सा सन्नाटा छा गया। सब की विस्फारित निगाहें एक साथ द्वार की ओर उठ गई थीं ।

जेम्स बांड साइलेंसर लगी, रिवालवर हाथ में लिये उन लोगों की ओर बढ़ रहा था ।

'जेम्स बाँड ।' हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर के मुंह से एक साथ यू निकला जैसे उन्होंने भूत देख लिया हो ।

जेम्स बांड के उस कमरे में अप्रत्याशित आगमन के प्रभाव से सब से पहले कर्नल पीटर किसका मुक्त हुआ । उसकी निगाहें जेम्स बांड पर टिकी हुई

थीं और उसका दायां हाथ धीरे-धीरे मेज की पैनल में लगे एक बटन की ओर सरक रहा था ।

११४

'अपना हाथ रोक लो, कर्नल ।' जेम्स बांड सरल स्वर से बोला ।

कर्नल किसका ने अनिच्छा पूर्ण ढंग से अपना बटन की ओर बढ़ता हुआ हाथ रोक लिया ।

'तुम्हारा बटन के लिये बढ़ता हुआ हाथ रोकने के लिये कहकर मैंने तुम पर जाहिर करना चाहा था, कर्नल पीटर किसका, कि मुझे उस बटन की जानकारी है। अब अगर चाहो तो बेशक वह बटन दबा लो ।'

कर्नल किसका उलझन पूर्ण नेत्रों से जेम्स बांड की ओर देखने लगा ।

'तुम मेरा नाम जानते हो ?' वह धीरे से बोला ।

'मैं किस का नाम नही जानता?' जेम्स बांड बोला- 'तुम जारहाजा फोर्ट के डिप्टी चीफ कमान्डर पीटर किसका हो ।' जेम्सबांड साइलेन्सर लगी रिवाल्वर की नाल से बारी बारी एक एक अदमी की ओर संकेत करने लगा - 'आप जरनल बेरस हैं। यह जीना है। यह हेनरी है। यह टर्नर है। यह कारपेन्टर है। और इस आदमी को आप ब्रिटिश आर्मी का जरनल कार्नली समझ रहे हैं।'

'समझ रहे हैं !' जरनल वेरस तीव्र स्वर में बोला-'क्या मतलब ?'

'मतलब यह, जरनल वेरस ।' जेम्स बांड एक एक शब्द पर जोर देता हुम्रा बोजा - 'कि यह आदमी ब्रिटिश आर्मी का जरनल कार्नली नहीं है। यह केनिथ नाम का एक बहुरूपिया है, जो केवल इस समय आप लोगों के सामने जरनल कार्नली बना बैठा है। यह ब्रिटिश सीक्रेट सरविस का एक एजेन्ट है जिसकी सूरत पलास्टिक सर्जरी से जरनल कार्नली जैसी बना

दी गई है।'

'असम्भव !' जनरल वेरस बोला। वह आश्चर्य और आवि-श्वास की प्रतिमूर्ति बना यू' जनरल कार्नली उर्फ केनिथ को देख रहा था जैसे एका-एक उसके सिर पर सींग निकल आये हों।

'मेरे कथन का विश्वास तो आपको इस नकली जनरल की सूरत देखकर ही हो सकता है।' जेम्स बांड बोला ।

'जनरल कानंबी' उर्फ केनिथ के चेहरे का रंग उड़ गया था । ब्रांडी का गिलास उसने कांपते हाथों से मेज पर रख दिया और लड़खड़ाये स्वर से बोला- 'तु... तुम्हें... क-कैसे...तुम क-कौन हो ?'

'गौर करने की बात यह भी है, जनरल वेरस ।' जेम्स बांड बोला- 'कि इस रहस्योद्घाटन से कि जनरल कार्नली वास्तव में केनिथ नाम का बहुरूपिया है, हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर भी हैरान हुए है ।'

'क्या यह सच है।' जनरल वेरस तीव्र स्वर में केनिथ से बोला- 'क्या यह सच है कि तुम वास्तव में जनरल कार्नली नहीं हो ? बल्कि उस के मेकअप में केनिथ नाम के कोई बहू-रूपिये हो ?'

केनिथ ने उत्तर नहीं दिया। उसने सिर झुका लिया । ब्रिटिश आर्मी के जनरल की यूनीफार्म में वह सिकुड़ सा गया। एक बार पोल खुल जाने के बाद और हर किसी की सन्देह की निगाहों का शिकार बन जाने के बाद जनरल कार्नली का सफल अभिनय करते रहना उसके लिये असम्भव हो गया था ।

जनरल वेरस ने अपना माथा ठोक लिया ।

उस रहस्योद्घाटन से वे लोग इतने बौखला गये थे कि एक क्षण के लिये वे भूल गये थे कि वहां जेम्स बांड भी मौजूद

है और अभी भी उसकी रिवाल्वर सब को कवर किये हुए है ।

'माई डियर जीना ' जेम्स बांड मीठे स्वर में बोला- 'क्या मुझे भी थोड़ी ब्रांडी मिल सकती है ! मैं समुद्र के बर्फीले पानी हे तैरता हुआ यहां तक पहुंचा हूं। मेरा खून जमा जा रहा है।' जीना ने हिचकिचाते हुए कर्नल किसका और जनरल वेरस की ओर देखा उनकी ओर से कोई उत्तर न मिलने पर उसने हिचकिचाते हुए ब्रांडी का एक गिलास जेम्स बांड के उसकी ओर बायें हाथ में थमा दिया ।

'थैंक्यू माई डियर ।' जेम्स बांड बोला । उसकी रिवाल्वर अब भी सबको कवर किये हुए थी। उसने ब्रांडी का एक घूँट पिया और फिर दुखित स्वर से बोला- 'बड़े अफसोस की बात है कि इतनी शानदार ब्रांडी देश के शत्रुओं पर बरबाद की जा रही है।'

'तुम्हारा संकेत किसकी ओर है!' कर्नल किसका बोला-तुम तो यू कह रहे हो जैसे देश के शत्रुओं के नाम पर तुम अपना जिक्र नहीं कर रहे हो ।',

'कर्नल पीटर, किसका, जनरल वेरस ।' जेम्स बांड उच्च स्वर से बोला- 'मैं हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर नाम के इन तीन व्यक्तियों का जिक्र कर रहा हूँ जो इस समय बड़े सम्मान । पूर्ण ढ़ ंग से आप के साथ बैठे हुए ब्रांडी पी रहे हैं। जिन्हें आप देशभक्त समझ रहे हैं, अपने डबल एजेन्ट समझ रहे हैं, ये वास्तव में दुश्मन के आदमी है ।'

हेनरी उछलकर अपने पैरों पर खड़ा हो गया । 'बैठ जाओ ।' जेम्स बाँड गर्जकर बोला ।

लेकिन हेनरी ने जैसे जेम्स बांड का आदेश सुना ही नहीं ।

वह चिल्लाकर बोला- 'कर्नल किसका ! यह झूठ बोल रहा है।

बकवास कर रहा है। यह।'

जेम्स बांड की साइलेन्सर लगी रिवाल्वर से हल्की सी पिट की आवाज निकली। एक गोली सनसनाती हुई हेनरी के कान के पास से गुजर गई ।

हेनरी के मुंह से फिर शब्द नहीं फूटा ।

'यही गोली तुम्हारी खोपड़ी में से भी गुजर सकती थ हेनरी ।' जेम्स बांड बोला

हेनरी अपने एकाएक सूख गये होंठो पर जुबान फेरने लगा।

'बैठ जाओ ।'

हेनरी तब तत्काल बैठ गया ।

'कर्नल किसका ।' जेम्स बांड बोला- 'मैं अपनी रिवाल्वर से अधिक देर तक इन लोगों को कवर करके नहीं रख सकता। फौरन किसी विश्वासनीय शस्त्र सैनिक को भीतर बुलाओ ।'

जेम्स बांड ने अपने लिये एक कुर्सी घसीटी और उस बैठ गया । बह धीरे-धीरे ब्राँडी की चुस्कियां ले रहा था । लेकिन रिवाल्वर के मामले में अभी भी वह सतर्क की प्रतिमूर्ति बना हुआ था ।

'किस्सा क्या है ?' कर्नल किसका बोला- 'वास्तव में तुम कौन हो ?'

'सब बताऊँगा ।' जेम्स बांड बोला - 'पहले तुम मुझे इन लोगों की निगरानी करने के काम से मुक्ति दो ।'

हेनरी ने टर्नर और कारपेन्टर की ओर देखा। उसने कुछ कहने के लिये मुंह खोला लेकिन जेम्स बांड को अपनी ओ घूरता देख कर उसने तत्काल होंठ भींच लिये ।

हाल कमरे में एक आदमी की वृद्धि हो गई थी। वह एक कम से कम साढ़े छः फुट का सूरत से बेहद कुछ लगने वाला सार्जेन्ट था । उसके हाथ में एक कारबाइन थी और वह हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर की कुसियों के पीछे आ खड़ा हुआ था ।

'कर्नल।' हेनरी तीव्र विरोधपूर्ण स्वर से बोला- 'मैं पूछता हूं यह क्या बदतमीजी है। जेम्स बांड की जगह हमारे साथ क्यों शत्रुओं जैसा व्यवहार किया जा रहा है। मैं पूछता हूंदेश का दुश्मन यह है कि हम। जनरल वेरस आप समझते क्यों नहीं है कि..।'

'सार्जेंट ।' जेम्स बांड उच्च स्वर से बोला- 'इस आ दमी को चुप कराओ ।'

सार्जेंट ने कारबाइन की नाल से जोर से हेनरी की पसलियों को टहोगा । हेनरी चुप हो गया। उसे यह देखकर बहुत निराशा हुई कि कर्नल किसका या जनरल वेरस ने सार्जेन्ट के उस एक्शन के खिलाफ जुबान नहीं खोली और सार्जेन्ट जेम्स बांड के आदेश का पालन कर रहा था ।

'माई डियर हेनरी ।' जेम्स बांड बोला- 'अभी पांच मिनट में पता लग जायेगा कि देश के दुश्मन तुम हो कि मैं।'

जेम्स बांड अपनी कुर्सी से उठा। अपनी साइलेन्सर लगी रिवाल्वर उसने कर्नल किसका के सामने मेज पर रख दी। कर्नल ने प्रश्नसूचक नेत्रों से जेम्स बांड की ओर देखा ।

११८

'अब मुझे इसकी जरूरत नहीं।' जेम्स बांड मुस्कराकर बोला- 'कर्नल अब मैं आपके सामने सबूत पेश करता हूं जिससे यह सिद्ध होगा कि मैं भी देशभक्त हूं, हंगेरियन हूं और सच्चा कम्यूनिस्ट हूँ।'

'तुम हंगेरियन हो ?' कर्नल किसका बोला ।

'शत प्रतिशत ।' जेम्स बांड बोला 'मेरा नाम लाजोस राकोर्स है। बुडापेस्ट

से चालीस मील दूर कोमारोम नाम के कस्बे का मैं रहने वाला हूं। मैं हंगेरियन सीक्रेट पुलिस में मेजर हूँ और पिछले छः साल से ब्रिटिश सीक्रेट सरविस के लिये काम कर रहा हूं। मैं ब्रिटिश सीक्रेट सरविस का बड़ा विश्वास पात्र एजेंट बन चुका हूँ और मैं ही समय-समय पर ब्रिटिश सरकार के रहस्यों को बुडापेस्ट में हंगेरियन सीक्रेट पुलिस के हैडक्वार्टर ऐन्ड्रसी उट में भेजता रहा हूं। ब्रिटिश नावल हैडक्वार्टर के टाइम लाक की सूचना मैंने भेजी थी। बार्ख मूवमेंट की डुप्लीकेट कापियां ऐन्ड्रसी उट में मैंने भेजी थी। इन्गलैंड के सबसे अधिक महत्वपूर्ण मिलिट्री बेस की तस्वीरें और ब्लू प्रिंट मैंने भेजा था। ऐन्ड्रसी उट में घुसे हुये दो डबल एजेन्ट केवल मेरी सूचनाओं के आधार पर गिरफ्तार किये गये थे। ब्रिटिश इन्टेलिजेंस की सीक्रेट फाइलों को मिनियेचर कैमरे से फोटो ग्राफ कर के बुडापेस्ट में माइक्रो-फिल्म मैंने भिजवाई थी ।'

'यह आदमी सरासर झूठ बोल रहा है- हेनरी चिल्ला पड़ा - 'ये सब काम इस आदमी ने नहीं हमने किये है। इस आदमी की बताई तमाम सूचनायें ऐन्ड्र सी उट में मैंने टर्नर ने और कारपेन्टर ने भिजवाई हैं।'

'तो फिर इनकी जानकारी मुझे कैसे हो गई है ?' जेम्स बांड व्यंग्य पूर्ण स्वर से बोला ।

हेनरी ने बोलने के लिये मुंह खोला लेकिन उसके पीछे खड़ें सार्जेंट ने कारबाइन की नाल इतनी जोर से उसकी कनपटी पर जमाई कि हेनरी के मुंह से हाय निकल गई ।

कर्नल किसका और जनरल वेरस बड़े उलझन पूर्ण ढंग से एक दूसरे को देख रहे थे। जेम्स बांड ने अपनी रिवाल्वर मेज पर कर्नल किसका के सामने छोड़ दी थी इसका कर्नल पर बड़ा अच्छा प्रभाव पड़ा था । कर्नल किसका बड़े प्रभावित नेत्रों से जेम्स बांड को देख रहा था ।

'सुनो- 'जनरल वेरस शंकित स्वर से बोला- 'तुम यह सिद्ध कर सकते हो कि तुम हंगेरियन सीक्रेट पुलिस के मेजर लाजोस राकोसी हो ।'

'बिलकुल सिद्ध कर सकता हूं जेम्स वांड बोला- ' और इसी क्षण सिद्ध कर सकता हूं और करूंगा भी। लेकिन मैं चाहता हूँ कि पहले आप अपनी सहज बुद्धि से कुछ बड़ी ही प्रयत्क्ष बातों पर विचार करें ।

'क्या बातें ?' जनरल वेरस बोला ।

'अगर मैं दुश्मन का आदमी हूं तो मैंने अपनी रिवाल्वर कर्नल किसका के सामने रख देने की मूर्खतापूर्ण हरकत क्यों की । और मैंने इस कारबाइन धारी सार्जेंट को भीतर बुलवाने का अनुरोध क्यों किया । इन लोगों से बहस में फंसने के स्थान पर मैंने इन्हे उसी समय क्यों नहीं शूट कर दिया जबकि मेरे हाथ में रिवाल्वर थी और आप सब मेरे अधिकार में थे।'

' तुमने ऐसा क्यों नहीं किया ?'

'क्योंकि मैं आप लोगों के सामने अपनी हकीकत बड़ी आसानी से सिद्ध कर सकता हूं और ये लोग जीवित रहकर हमारे बहुत काम आ सकते हैं। हम इनसे बड़ी महत्वपूर्ण

'जानकारी हासिल कर सकते हैं।'

करेक्ट' -जनरल वेरस प्रभावित स्वर से बोला- 'और ?'

' 'और मुझे पहाड़ी पर से कर्नल बाक्स की पिक-अप नीचे धकेलकर यह जाहिर करने की क्या जरूरत थी कि मैं मर गया हूं। मुझे स्वर्य को मरा हुआ जाहिर करना इसलिये जरूरी था क्योंकि मेरी जिन्दगी में ये तीनों स्वयं को प्रकाश में लाने का हौसला नहीं कर सकते थे। आप लोग इन्हें हंगेरियन सीक्रेट पुलिस के ब्रिटिश इन्टैलीजेन्स में घुसे हुए डबल एजेन्ट समझ रहे हैं जबकि वास्तव में ये केवल ब्रिटिश एजेन्ट हैं और हमारे दुश्मन हैं। इस तथ्य को केवल मैं ही जानता हूँ।'

'जेम्स बांड ने ट्राली के पास जाकर अपना ब्रांडी का गिलास भरा, उसमें से एक घूट पिया और फिर बोला- 'अब एक बात यह सोचिये । अगर मैं दुश्मन हूं तो इस समय मैं जारहाजा फोर्ट में क्या कर रहा हूं। मैं क्या यहाँ झक मारने आऊंगा। मेरा इतना खतरा उठाकर यहाँ आने का आपको कोई सम्भावित मिशन दिखाई देता है ? जबकि मैं आपको यह भी बता चुका हूं कि जनरल कार्नली केनिथ नाम का एक बहुरूपिया है। क्या मैं इतने मामूली और महत्वहीन आदमी को छुड़वाने के लिये जारहाजा फोर्ट जैसे अवेध किले में घुसने की हिम्मत करूंगा।'

'तुम ठीक कह रहे हो'- कर्नल किसका प्रभावित स्वर से बोला ।

टर्नर ने कुछ कहना चाहा लेकिन पीछे खड़े सार्जेन्ट की वजह से उसकी बोलने की हिम्मत नहीं हुई। उसने हेनरी और कारपेन्टर की ओर देखा तीनों के चेहरों पर हवाइयाँ उड़ रही थीं ।'

'अब आप यह सोचिये कि मैं किले के भीतर कैसे पहुंचा ?

- जेम्स बांड बोला ।

'यही मैं पूछने वाला था'- कर्नल किसका के मुंह से अपने आप निकल गया ।

'किले के समीप पहुंच जाना आसान था। पानी में बिछी बारूद की सुरंगों, सर्च लाइट के प्रकाश और किले के इर्द-गिर्द पानी में बनी बिजली के करेन्ट की बाड़ के बावजूद भी किले के समीप पहुंच जाना आसान था ! मैं गोता खोरी की पोशाक पहनकर मोटर बोट के एकदम नीचे तैरता चला आया। लेकिन सबसे असम्भव कृत्य तो किले के भीतर घुसना है। जब तक कोई भीतरी आदमी मेरी मदद नहीं करे, मैं किले के भीतर नहीं घुस सकता था ।'

'तुम्हारी किले के भीतर से किसी ने मदद की थी ?' कर्नल चौंकता हुआ

बोला ।

'हाँ।'

'किसने ?'

'कैप्टेन गीजा रिबका ने ! मेरी सहायता करने के लिये उसे सीधे एनड्र सी डट से आदेश मिले थे। उसी ने किले की एक खिड़की से बाहर रस्सी लटकाई थी और मैं उसके सहारे चढ़कर ऊपर पहुंच पाया था ।'

जनरल वेरस और कर्नल किसका के चेहरे से अविश्वास के बचे-खुचे भाव भी उड़ गये थे ।

जेम्स बांड ने ब्रांडी का एक घूट और पिया और फिर बड़े ड्रामोटिक अन्दाज से बोला- 'अब मैं आपके सामने अपनी हकीकत का सबसे बड़ा और सबसे ठोस प्रमाण प्रस्तुत करता हूं।'

'अब जरूरत नहीं' कर्नल किसका बोला- 'हमें तुम्हारी हकीकत पर विश्वास है।'

'लेकिन मैं सन्देह का रंचमात्र भी अंश आप लोगों के दिमाग में नहीं छोड़ना चाहता ।'

'तुम क्या प्रमाण देना चाहते हो ?'

'जारहाजा फोर्ट और बुडापेस्ट में ऐन्ड्र सी डट के बीच रेडियो टैलीफोन द्वारा सीधा सम्पर्क स्थापित कर पाने की सुविधा है। आप कभी ऐन्ड्र सी डट में हंगेरियन सीक्रेट पुलिस के चीफ फरमिन्ट को फोन कीजिये। फरमिन्ट मेरा बास है। आप उससे मेरे बारे में पूछिये और फिर देखिये क्या उत्तर मिलता है। फरभिन्ट का कथन निर्विवाद रूप से यह सिद्ध कर देगा कि मैं शत्रु के पक्ष का आदमी नहीं हूँ।'

कर्नल किसका ने जनरल वेरस की ओर देखा । जनरल ने सहमती सूचक ढ़ ंग से सिर हिला दिया। कर्नल किसका ने मेज पर रखा हुआ टेलीफोन उठाया और आपरेटर से बोला-फौरन ऐन्ड्रसी डट से सम्पर्क स्थापित करो। मेरी फरमिन्ट से बात करवाओ ।'

'यस सर'- दूसरी ओर टेलीफोन एक्सचेंज में बैठी मेरी बोली । वह अपनी बगल में बैठे मेजर जानसन को देखकर मुस्कराई ।

मेजर गम्भीर था ।

पाँच मिनट बाद मेरी ने कर्नल किसका के फोन पर रिंग दी और बोली- 'काम रेड फरमिन्ट आन दि लाइन सर ।'

फिर तत्काल ही उसने टेलीफोन का रिसीवर मेजर जानसन के हाथ में दे दिया ।

दूसरी ओर कर्नल किसका जोर से टेलीफोन पर बोला -'फरमिन्ट । हाउ आर यू, माई डियर मैन ।'

'हल्लो कर्नल' - दूसरी ओर से मेजर जानसन यू बोला जैसे अभी-अभी नीन्द से जागा हो ।'

'फरमिन्ट' - कर्नल किसका जोर से बोला । उसके स्थान से बह सैंकड़ों मील ऐन्ड्रोसी डट में ही बात कर रहा था' -यहाँ एक जेम्स बांड नाम का एजेन्ट है जो कहता है कि तुम इसके बास हो ।... क्या ?... हाँ, यही नाम बताया था उसने । उसी ने बताया था कि उसका वास्तविक नाम लाजोस राकोमी है और वह हंगेरियन सीक्रेट पुलिस में मेजर है ।... अच्छा । ठीक है ।... तुम उसका हुलिया ब्यान कर सकते हो ?'

दूसरी ओर से मेजर जानसन ने न केवल जेम्स बांड का नख-शिख ब्यान

कर दिया बल्कि उसकी आदतें तक बता दी ।

'वैरी गुड' - सुन चुकने के बाद कर्नल किसका सन्तुष्टि पूर्ण ढंग से सिर हिलाता हुआ बोला। वह कुछ देर टेलीफोन सुनता रहा और फिर बोला- 'जरा होल्ड करो, मैं चैक 'करता हूँ।'

कर्नल ने संकेत से जेम्स बांड को समीप बुलाया और बोला-फरमिन्ट कहता है तुम्हारे पेट पर नाभी के पास एक काला तिल है और तुम्हारे बायें कन्धे पर गोली का निशान है ?'

जेम्स बांड ने अपनी यूनीफार्म खोली। उसने पहले कर्नल किसका को अपना पेट दिखाया और फिर बायें कन्धे पर गोली का निशान ।

कर्नल किसका के चेहरे पर परम सन्तुष्टि के भाव उभर आये ।

जेम्स बांड दुबारा अपनी यूनीफार्म ठीक करने लगा ।

'ओ ० के० फरमिन्ट'- कर्नल किसका फोन में बोला-'तुम्हें नींद से जगाने के लिये माफी चाहता हूं। लेकिन उस

आदमी का अनुरोध था कि हम उसके बारे में तुमसे जरूर पूछें। क्यों... अच्छा ?'

कर्नल किसका ने रिसीवर जेम्स बांड की ओर बढ़ा दिया और बोला- 'फरमिन्ट तुमसे बात करना चाहता है।'

जेम्स बांड ने रिसीवर ले लिया और उसे कान से लगाकर बड़े सम्मान पूर्ण स्वर से बोला- 'यस, बास ।'

'मेरा अभिनय ठीक था न, प्यारे भाई'- दूसरी ओर से मेजर जानसन का स्वर सुनाई दिया ।

'जी श्रीमान!'

'अब क्या पोजीशन है ?'

'कहानी खतम होने ही वाली है, सर ! दुश्मन के आदमी पहचाने जा चुके हैं और इस समय हमारे कब्जे में हैं।

'अब एक्सचेंज में तो हमारी जरूरत नही ?'

'नो, सर ।'

'यस सर ।'

'हम भी वहीं आयें न ?'

'थैंक्यू सर । गुड नाइट सर ।'

'जेम्स बांड ने रिसीवर क्रेडिल पर रख दिया।

'कमाल है' कर्नल किसका गहरे प्रशन्सात्मक स्वर से बोला- 'सैन्ट्रल योरोप में तुम हमारे सबसे बड़े जासूस हो और तुम्हारी खबर ही नहीं ।'

जेम्स बाँड मुस्कराया और बोला- 'इसी में मेरी भलाई है। अगर सबको मेरी खबर हो जाये तो मैं सैन्ट्रल योरोप का सबसे बड़ा जासूस तो क्या जिन्दा भी नहीं रहूँगा ।'

'लेकिन मेरी समझ में एक बात अब नही आ रही है-'

कर्नल किसका तनिक उलझन पूर्ण स्वर से बोला ।

'क्या अव भी आंपको मेरी वास्तविकता पर कोई सन्देह बाकी रह गया है-' जेम्स बांड आश्चर्य का प्रदर्शन करता हुआ बोला-

'मैं तुम्हारी बात नहीं कर रहा हूं।' कर्नल किसका जल्दी से बोला- 'तुम निश्चय ही हमारे आदमीं हो । जब स्वयं हंगेरियन सीक्रेट पुलिस का चीफ फरमिन्ट किसी आदमी को वाउच करता है तो सन्देह की कोई गुंजायश नहीं रहती । दरअसल मेजर लाजोस राकोसी..।'

'बांड 'जेम्स बांड कर्नल की बात काटकर बोला ।' जेम्स बांड । मुझे केवल जेम्स बांड के ही नाम से पुकारिये । यह बात भूल जाइये कि वास्तव में मैं हंगेरियन सीक्रेट पुलिस का मेजर लाजोस राकोसी हूं ।'

'ओ० के० । ओ० के० । दरअसल कामरेड बाँड़ में इन तीन आदमियों के बारे में सोच रहा था। इन्होंने भी तो इस बात का सबूत दिया था कि वास्तव में वे हमारे एजेन्ट है। मुझे वैसे भी हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर नाम के अपने तीन एजेन्टों की जानकारी है जो ब्रिटिश ऐस्पियानेज सिस्टम में डबल एजेन्ट के रूप में घुसे हुये हैं।'

'ठीक है। मान लिया। लेकिन कर्नल किसका वास्तव में आपने कभी हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर नाम के इन एजेन्टों की सूरत नहीं देखी है।'

'क्या मतलब ?'

'मतलब यह कि ये असली आदमी नही हैं। असली हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर पकड़ जा चुके हैं। किसी प्रकार ब्रिटिश इन्टैलीजेन्स को मालूम हो गया था कि डबल एजेन्ट हैं। उन्होंने असली आदमियों को पकड़कर उनके स्थान पर ये तीन नकली

आदमी अर्थात अपने आदमी भेज दिए हैं।

'मैं पूछता हूं, यह क्या बकवास है ?'

'कारपेन्टर एकाएक अपने स्थान से उठा और गला फाड़कर चिल्लाया- हम असली हैं ।'

'सार्जेन्ट !' जेम्स बांड तीव्र स्वर से बोला ।

सार्जेन्ट ने तत्काल एक्शन लिया। उसकी कारबाइन का दस्ता कारपेन्टर की खोपड़ी पर पड़ा और कारपेन्टर तत्काल फर्श पर लोट गया ।

'मर तो नहीं गया' जेम्स बांड बोला ।

'नो सर- 'सार्जेन्ट तत्परता से बोला ।' पांच सात मिनट बाद होश में आ जायेगा ।'

हेनरी ने कुछ कहना चाहा लेकिन कारपेन्टर का अन्जाम देखकर उसकी जुबान खोलने की हिम्मत नहीं हुई ।

'लेकिन मेजर राकोसी कामरेड बांड - कर्नल किसका बोला ।' इन लोगों ने मुझे हैडक्वार्टर द्वारा शिनाख्त के लिये नियत किया हुआ कोड वर्ड भी बताया था ?'

'कर्नल' जेम्स बांड मुस्कराकर बोला- अभी थोड़ी देर पहले जनरल वेरस नकली जनरल कार्नली उर्फ वेरस को ऐन्ड्रोसी डट के टार्चर चेम्बर का हवाला दे रहे थे जहां टार्चर द्वारा किसी भी आादमी की जुबान खुलवाई जा सकती है। आप इस मामले में अंग्रेजों को अपने से पीछे क्यों समझते हैं। आपके ख्याल से क्या वे टार्चर द्वारा किसी आदमी की जुबान नहीं खुलवा सकते । हमारे एजेन्टों की भी सहन शक्ति अपरिमित तो नहीं। एक स्टेज ऐसी होती है जहाँ आकर हर आदमी टूट जाता है। और असली हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर भी कोई अपवाद नहीं थे ।'

'तुम्हारा मतलब है कि टार्चर द्वारा उनसे कोड वर्ड कुबलवा लिया गया है ?' कर्नल किसका नेत्र फैलाकर बोला ।

'बिल्कुल ।

कर्नल किसका ने अपना माथा थाम लिया ।

'हमें इतना बड़ा धोखा हो गया।' जनरल वेरस बोला-जिन्हें हम अपने आदमी समझ रहे थे, वे दुश्मन के एजेन्ट निकले और जिन्हें हम दुश्मन का आदमी समझ रहे थे, वह हमारा सबसे सुयोग्य एजेन्ट निकला ।'

'करैक्ट !'

'ये लोग मेक अप में नहीं है ? - 'कर्नल ने पूछा।' मेरा मतलब है क्या ये हमारे असली आदमियों का मेक अप धारण किये हुए नहीं हैं।'

'क्या जरूरत है ? टार्चर द्वारा अंग्रेजों ने हमारे असली आदमियों से बहुत कुछ कुबलवा लिया होगा। उन्हें यह बात भी मालूम हो गई होगी कि जारहाजा फोर्ट में असली हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर को कोई नहीं पहचानता। सबने उनके विषय में सुना ही है लेकिन वास्तव में किसी ने उनकी सूरत नहीं देखी । ऐसी स्थिति में इन लोगों को मेक अप करके अपनी सूरत हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर जैसी बनाने की क्या जरूरत थी ? क्यों ये मेक अप करने की जहमत गवारा करते ?

'तुम ठीक कह रहे हो' कर्नल किसका बोला ।

उसी क्षण कारपेन्टर होश में आ गया। वह एक बार कराहा और फिर फर्श पर बैठ गया। सार्जेन्ट आगे बढ़ा । उसने कारपेन्टर की बांह थामकर एक झटका दिया और उसे अपने पैरों पर खड़ा कर दिया। दूसरे झटके में उसने कारपेन्टर को उस कुर्सी पर धकेल दिया जिस पर वह पहले बैठा था।

सार्जेन्ट फिर सतर्कता की प्रतिमूर्ति बना उन तीनों के पीछे जा खड़ा हुआ ।

हेनरी ने बेचैनी से सारा दृष्य देखा। उसने एक भयभीत दृष्टि अपने पीछे खड़े कारबाइन धारी साजेंन्ट पर डाली और फिर आतन्कित स्वर से बोला-'मुझे कुछ बोलने का मौका दिया जाये ।'

सार्जेन्ट का कारबाइन वाला हाथ उठा लेकिन जेम्स बाँड ने उसे आवाज देकर रोक दिया ।

जेम्स बांड अपना ब्रांडी का गिलास हाथ में लिये हुए लापरवाही से चलता हुआ हेनरी के सामने आ खड़ा हुमा और फिर शान्त स्वर से बोला- 'तुम क्या कहना चाहते हो ?'

'कामरेड बांड -' कर्नल किसका घृणापूर्ण स्वर से बोला -'इनको कुछ कहने की इजाजत देने की अब जरूरत नहीं है। इनका अन्जाम पहले ही तय हो चुका है।'

'लेकिन फिर भी सुन लेने में हर्ज क्या है-' जेम्स बांड भारी उदारता का प्रदर्शन करता हुआ बोला ।

'मेरी राय में तो अब इन लोगों की बात सुनकर बक्त बरवाद करने की कोई जरूरत नहीं, वैसे तुम जो उचित समझो करो ।'

कर्नल किसका पर जेम्स बांड का इतना गहरा प्रभाव पड़ चुका था कि उसकी निगाहों में जेम्स बांड कोई गलत कार्य कर ही नहीं सकता था ।

'तुम क्या कहना चाहते हो, हेनरी?' जेम्स बांड बोला-'या वास्तव में जो भी तुम्हारा नाम है।'

कामरेड बांड -' हेनरी दवे स्वर से बोला- 'हम तीनों आदमी भारी गलतफहमी के शिकार हुए जा रहे हैं। हम ब्रिटिश

एजेन्ट नहीं हैं। हम ही असली हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर है । मैं मानता हूँ, कामरेड जेम्स बांड कि हमसे तुम्हें पहचानने में गलती हुई । लेकिन हम आज तक तुम्हें ब्रिटिश एजेन्ट ही समझते रहे लेकिन अब तुम भी हमें गलत समझ रहे हो। हम ब्रिटिश एजेन्ट नहीं है। हम असली आदमी है।'

जेम्स बांड यू हंसा जैसे उसने भारी मज़ाक की बात सुन लो हो ।

'सुना आपने' जेम्स बांड कर्नल किसका और जनरल वेरस की ओर घूमकर बोला ।

'मैं तो तुमसे पहले ही कह रहा हूं कि इनकी बकबास सुनने की जरूरत नहीं है-' कर्नल किसका बुरा सा मुंह बनाकर बोला ।

'लेकिन कर्नल 'जेम्स बांड बोला' मैं इन्हें अपनी जान बचाने का हर सम्भव मौका देना चाहता हूं। जैसे मैंने अपने विषय में आप लोगों के मन में रंचमात्र भी सन्देह की गुंजायश नहीं छोड़ी है कि वास्तव में मैं हंगेरियन सीक्रेट पुलिस का मेजर लाजोस राकोसी हूं। वैसे ही मैं इस विषय में भी आपके मन में सन्देह की कोई गुंजायश नहीं रहने दूंगा कि ये तीनों नकली आदमी हैं और ब्रिटिश एजेन्ट हैं ।'

'कोई नई स्कीम' कर्नल किसका ने पूछा ।

'जी हां- 'जेम्स बांड बोला।' हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर आरम्भ से ही ब्रिटिश इन्टैलीजेंस में काम कर रहे हैं। आरम्भ से ही उनका क्षेत्र सैन्ट्रल योरोप हो रहा है। इंगलैंड में आप जानते हैं, हमारे और भी कितने ही एजेन्ट हैं। अगर ये वास्तव में असली हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर हैं तो इन्हें मालूम होगा कि इंगलैंड में हमारे और एजेन्ट कौन-कौन है ?'

'हमें मालूम है।' हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर तीनों एक साथ उतावले स्वर में बोले ।

'वैरी गुड' जेम्स बांड बोला। फिर उसने अपनी जेब से चमड़े की जिल्द वाली एक छोटी सी डायरी निकाली और उसे कर्नल किसका के सामने करता हुआा बोला- 'इस डायरी में इंगलैंड में काम करने वाले हमारे एजेन्टों के नाम और पते लिखे हुए हैं। अगर ये हमारे आदमी है तो इन्हें भी उन सारे एजेन्ट के नाम और पते मालूम होंगे। मेरी राय है कि इन तीनों को

लिखने के लिए कापियां और पैन दे दिए जायें और इन्हें मौजूद हमारे सीक्रेट्र एजेन्टों के नाम और पते लिखने को कहा जाये । अगर इन तीनों द्वारा लिखे नाम और पते मेरी इस डायरी में लिखे नाम और पतों से मिलते हैं तो मैं मान लूंगा ये असली आदमी हैं।'

हेनरी टर्नर और कारपेन्टर के चेहरों पर रौनक आ गई जैसे उन्हें अपने छुटकारे का रास्ता दिखाई दे गया हो ।

'वन्डर फुल ! ऐक्सीलेंट'- कर्नल किसका प्रशन्सात्मक स्वर से बोला- 'मेजर राकोसी... मेरा मतलब, कामरेड जेम्स बांड मैं स्वीकार करता है कि मैंने आज तक तुम्हारे जितना मानसिक रूप से सजग आदमी नहीं देखा। फरमिन्ट ने ठीक ही कहा था कि तुम सैन्ट्रल योरोप में हमारे सबसे बड़े एजेन्ट हो। तुम्हारी बताई तरकीब से वाकई इन आदमियों की हकीकत खुल जायेगी। हालांकि मैं जरूरत तो नहीं समझता लेकिन फिर भी तुम ठीक समझते हो तो इन तीन आदमियों को यह आखिरी मौका देने में मुझे कोई एतराज नहीं है।

कर्नल किसका ने जीना को आ देश दिया- 'जीना, तीन कापियां और तीन पेन्सिलें लाओ ।'

जीना फौरन बगल के कमरे की ओर बढ़ गई ।

जेम्स बांड ने अपना ब्रांडी का गिलास दुबारा भर लिया ।

'अपनी रिवाल्वर अपने पास रख लो कामरेड बांड'-कर्नल किसका बोला ।

'थैंक्यू सर' - जेम्स बोला और उसने आगे बढ़कर रिवाल्वर उठा ली- 'दरअसल रिवाल्वर को मैं भूल ही चुका था। इस सार्जेन्ट और इसकी कारबाइन की मौजूदगी में रिवाल्वर की वैसे भी जरूरत नहीं रही थी। तुम्हारा क्या ख्याल है, सार्जेन्ट ?'

सार्जेन्ट ने फौरन दांत निकाल दिये। वह पहले से अधिक सतर्क दिखाई देने लगा। उस रात एकाएक वह बहुत महत्व पूर्ण आदमी बन गया था। विशेष रूप से इतने बड़े अफसरों की मौजूदगी में ।

जीना तीनों कापियां और तीन पैन्सिलें लेकर लौटी ।

जेम्स बांड ने हेनरी पीटर और कारपेन्टर की कुसियां यू परे-परे सरकवा दीं जैसे वे स्कूल के बच्चे हो और उसे भय हो कि कहीं परीक्षा देते समय वे एक दूसरे की नकल न मार लें।

जीना ने तीनों को एक-एक कापी और एक-एक पैन्सिल दे दी ।

तीनों तत्काल लिखने में जुट गये ।

जेम्स बांड ने अपनी चमड़े की जिल्द वाली नोट बुक अपनी जेब में रख ली और कर्नल किसका के समीप एक कुर्सी घसीट-कर बैठ गया ।

'सर'- जेम्स बाँड मेज पर पड़े कर्नल के सिगरेट केस की और सकेत करता हुआ बोला- 'मे आई...'

'ओह श्योर, कामरेड बांड । वाई नाट'- कर्नल किसका बोला ।

उसने खुद सिगरेट केस खोलकर जेम्स बांड की ओर बढ़ाया । जेम्स बांड ने एक सिगरेट ले लिया। कर्नल ने ही सिगरेट के साथ लगे लाइटर से उसका सिगरेट सुलगा दिया ।

'थैंक्यू सर'- जेम्स बांड बोला। और बड़े इतमीनान से सिगरेट के कश लगाने लगा ।

हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर तेजी से अपनी कापियों पर लिख रहे थे ।

कैपटन गीजा रिबका को उस फौजी पर क्रोध, आ रहा था। जिसे उसने मेरी के पास अपना सन्देश देने भेजा था। उसे इस बात पर सन्देह नहीं था कि फौजी ने उसका सन्देश मेरी तक पहुंचा दिया होगा लेकिन उसे क्रोध इस बात पर आ रहा था कि फौजी ने उसे वापिस आकर बताया क्यों नहीं कि उसने कैप्टन का सन्देश मेरी तक पहुंचा दिया है। कैप्टन रिबका के फौजों द्वारा मेरी को कहलवाया था कि रात का खाना मेरी कैप्टन रिबका ने साथ खाये ।

फौजी को भेजने के लगभग पौन घन्टे बाद कैप्टन रिबका सिक्योरिटी के दफ्तर से बाहर निकला और मेरी के कमरे की ओर बढ़ा । तीसरी मंजिल पर स्थित मेरी के कमरे वाले गलि यारे तक पहुंचने तक वह बुरी तरह हांफने लगा था। बिगड़ी हु लिफ्ट को हजार-हजार गालियां देते हुए वह मेरी के कमरे का ओर बढ़ा ।

मेरी के कमरे के समीप पहुंचकर वह ठिठका ।

भीतर अन्धकार था।

उसने द्वार खटखटाया ।

उत्तर नहीं मिला ।

द्वार में स्प्रिंग लाक लगा हुआ था। उसके छेद में से उसने भीतर झांका । भीतर अन्धकार के अतिरिक्त उसे कुछ दिखाई नहीं दिया ।

उसने हैन्डिलं को झटका दिया। हैन्डिल अपने स्थान से हिला भी नहीं । द्वार का ताला लगा हुआ था ।

मेरी कहां गई ?

उसके सन्देश के अनुसार तो मेरी को अपने कमरे में होना चाहिये था ।

और फिर मेरी जा भी कहां सकती थी।

कैप्टन रिबका एकदम बेहद गम्भीर हो गया। जारहाजा फोर्ट की सिक्योरिटी की नौकरी में हर छोटी से छोटी बात पर सन्देह करना उसकी आदत बन गया था। और फिर मेरी का अपने कमरे में न होना तो न जाने क्यों उसे छोटी बात लग ही नहीं रही थी ।

उसी क्षण उसे कमरे के भीतर से आती हुई हल्की सी खड़खड़ाहट की आवाज सुनाई दी। वह एकदम नीचे झुका और फिर उसने की-होल के साथ अपना कान लगा दिया। उसके कानों में किसी के गले में से निकलती हुई धौं-धौं जैसी घुटी हुई आवाज सुनाई दी ।

कॅप्टन रिबका फुर्ती से अपने पैरों पर खड़ा हो गया। अपनी जेब से उसने मास्टर की निकाली और द्वार का ताला खोलने लगा ।

ताला तत्काल खुल गया ।

कैष्टन ने द्वार खोला और भीतर प्रविष्ट हो गया ।

द्वार के बगल की दीवार पर उसने टटोलकर बिजली का

स्विच तलाश किया और उसे आन कर दिया।

कमरा प्रकाश से जगमगा उठा ।

उस प्रकाश में सबसे पहले उसकी दृष्टि जिस चीज पर पड़ी वह था पलंग के नीचे से आधा बाहर दिखाई देता हुआ हाथ पांव बंधा हुआ वह फौजी जिसे उसने मेरी के पास अपना सन्देश देने भेजा था ।

वह आतंकित नेत्रों से कैप्टन रिबका की ओर देख रहा था भौर उसके मुंह

से गों गों की आवाज निकल रही थी ।

कैप्टन रिबका ने उसके मुंह की पट्टी खोली और तीव्र स्वर से बोला- 'जल्दी बताओ क्या हुआ था ?'

'मुझे नहीं मालूम - 'फौजी हांफता हुआ बोला- 'मैं कमरे में घुसा । किसी ने पीछे से मुझ पर हमला किया। मैं बेहोश होकर गिर पड़ा। जब होश आया तो मैंने अपने आपको बंधा हुआ पाया ।'

'तुमने किसी आदमी की शक्ल नहीं देखी ?'

'नहीं ।'

'मारिया ने तो तुम पर आक्रमण नहीं किया ?'

'नहीं। मैडम मेरे सामने थी ।'

कैप्टन रिबका ने फौजी के हाथ पांव खोलने का उपक्रम नहीं किया। वह तेजी से कमरे की तलाशी लेने लगा ।

एक बड़ी सी आलमारी में उसे गोताखोरी के दो लिबास दिखाई दिये ।

'दो आदमी ! - 'उसके मुंह से निकला- 'हे भगवान !"" और मारिया ! मारिया कहां है ! 'और दो आदमी कौन होगे ।'

वह तेजी से द्वार की ओर बढ़ा ।

'सर !'- बन्धा हुआ फौजी उसे यू' जाता देखकर आतंकित स्वर से चिल्लाया ।

कैप्टन रिबका वापिस घूमा। उसके चेहरे पर क्रोध और घृणा के भाव

उभरे। वह फौजी के समीप पहुंचा। उसने अपनी जेब से चाकू निकालकर फौजी के हाथों के बन्धन काट दिये फिर उसकी पसलियों में अपने मिलिट्री के भारी बूट वाले पाँव की ठोकर जमाता हुमा बोला- 'अपने पैर खुद खोल लेना, लापरवाह कुत्ते ।'

फौजी की आंखें उबल पड़ी। उसके मुंह से एक हृदय विदारक चीख निकल गई ।

कैप्टन रिबका तूफान की तरह बाहर भागा ।

मुख्य गलियारे में आकर वह ठिठका ।

उसने नीचे विशाल कम्पाउन्ड में झांका। हैलीकाप्टर के अस पास उसे कोई आदमी दिखाई नहीं दिया। थोड़ी ही देर पहले उसने पायलेट को आर्क लैम्प लेकर हैलीकाप्टर के इंजन पर चढ़े देखा था। साचारणतया जब हैलीकाप्टर पर पायलेट काम न कर रहा हो तो हैलीकाप्टर को तिरपाल से ढंग दिया जाता था लेकिन उस समय न तो वहां पायलेट दिखाई दे रहा था और न ही हैलीकाप्टर तिरपाल से ढंका हुआ था ।

कैप्टन रिबका तेजी से गलियारे में दौड़ता हुश्या सीढ़ियों की ओर बढ़ा। दो दो सीढ़ियां फांदता हुआ वह नीचे भागा । इस बार उसके मु ंह से खराब लिफ्ट के लिये गालियां नहीं निकली उसके दिमाग में एक दो बात हथौड़े की तरह बज रही थी ।

मेरी की सहायता से दो बाहरी आदमी किले में घुसने के असम्भव कृत्य में सफल हो गये थे ।

नीचे आकर भागता हुआ वह हैलीकाप्टर के समीप पहुंचा । हैलीकाप्टर से थोड़ी दूर खड़ा बुढा-सा फौजी कैप्टन रिबका को देखकर तनकर खड़ा हो गया ।

कैप्टन उसके समीप पहुंचा और हांफता हुआ बोला-'जल्दी बोलो । पायलेट को देखा है !'

'काफी देर से नहीं देखा, कैप्टन साहब फौजी बोला

'काफी देर से नहीं देखा ! क्या मतलब ?'

'आधा-पौना घन्टा पहले एक मेजर साहब पायलेट को अप साथ बुला कर ले गये थे। तब से पायलेट वापिस नहीं लौटा है।'

'किधर ! किधर !! पायलेट को तुमने किधर जाते देखा था। फौजी ने उस गलियारे की ओर संकेत कर दिया। जिधर उसने पायलेट को जेम्स बांड के साथ जाते देखा था ।

कैप्टन उस गलियारे की ओर भागा उसकी समझ में नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। उसको बहुत भारी गड़बड़ आभास मिल रहा था लेकिन समझ कुछ नहीं आ रहा था धीरे धीरे बौखलाहट आतंक उस पर हावी होता जा रहा था।

कैप्टन उस गलियारे का एक एक दरवाजा चैक करता हुआ आगे बढ़ा । बाई ओर से पांचवे गलियारे का ताला छुआ ही था कि ताला कुडे से लटक गया। कैप्टन ने ताले को कु ंडे से निकाल कर एक ओर फेंका। उसने जल्दी से दरवाजा खोला और भीतर घुस कर बत्ती जलाई ।

ऊपर मेरी के कमरे में पड़े पाये गये फौजी जैसी हालत में ही भीतर उसे पायलेट पड़ा मिल गया। कैप्टन रिबका ने उसके बन्धन खोलने का उपक्रम नहीं किया। उसने पायलेट को टाँगों से पकड़ा और उसे घसीट कर बाहर गलियारे में डाल दिया उसके पास पायलेट के बन्धन खोलने योग्य समय नहीं था। गलियारे में से हर दूसरे तीसरे मिनट बाद कोई न कोई गुजरता रहता था ।

जो भी पायलेट को देखेगा, उसके बन्धन खोल देगा ।

वह तेजी से भागता हुआ सिक्योरिटी के दफ्तर में पहुंचा । अतर में बैठे दो सार्जेन्ट उसे देखकर फौरन उठ खडे हुए ।

'किले की सारी गारद को सचेत कर दो-' वह लगभग 'चिल्लाता हुआ बोला' दो बाहरी आदमी भीतर घुस आये हैं। किले का एक एक कोना छान मारो और उनकी तलाश प्रारम्भ करो । और साथ ही मारिया बोजी नाम की उस लड़की को भी तलाश करो जो आज रात को मेरे साथ किले में आयी थी ।

'यस सर' - दोनों सार्जेन्ट एक साथ बोले और बाहर भागे ।

दो बार किले की सौ-सौ सीढ़िया फलांगने में सख्त सर्दी रोने के बावजूद भी कैप्टन रिबका के चहेरे पर पसीना आ गया

उसने अपना माथा पोंछा और फिर टैलीफोन उठा लया ।

उसने पांच छः लम्बी लम्बी सांस ली और फिर बाहर की और भागा। भागता हुआ वह सीढ़ियों के समीप पहुंचा और दो दो सीढ़ियां फलांगता हुआ फिर ऊपर की ओर भागा ।

हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर तीनों यू' तेजी से अपनी अपनी कापियों पर लिख रहे थे जैसे किसी भी क्षण परीक्षा के समय के

समाप्ति की घोषणा की घन्टी बजने वाली हो।

'ये लोग बहुत देर लगा रहे हैं- 'कर्नल किसका उतावले स्वर से बोला ।

लगाने दीजिए- 'जेम्स बाँड लापरवाही से बोला- उनकी जिन्दगी के वही

क्षण बाकी हैं जो ये लिखने में गुजार रहे हैं। इसलिए वे जान बूझकर अधिक से अधिक समय लेने का प्रयत्न कर रहे हैं और शायद उस समय में बच निकलने की कोई तरकीब सोच रहे हैं।

'अब इनका बच पाना असम्भव है।'

'मैं जानता हूं !'

'कामरेड बांड - 'जनरल वेरस जो एक लम्बे अरसे से चुप था, बोला-' एक बात मैं अभी भी नहीं समझ पा रहा हूँ।'

'क्या, सर ?'

'आखिर ब्रिटिश सरकार अपने तीन नकली आदभियों को हमारा आदमी बता कर जारहाजा फोर्ट में घुसाकर किस लाभ की अपेक्षा कर रही थी। और फिर नकली जनरल कार्नली का क्या रहस्य है ?'

'यह भी सुन लीजिए ।' जेम्स बांड गम्भीर स्वर से बोला-'पहले आप यह बताइए कि जनरल कार्नली से बात करने के लिए आप खुद क्यों तशरीफ लाये ?'

'क्योंकि मुझे यह थोड़े ही मालूम था कि यह असली जनरल नहीं है। मैं तो यहां इसलिए आया था क्योंकि मैं इसे सभ्यता का तकाजा समझता हूं कि एक जनरल के रैंक के आदमी से जनरल के रैंक का ही आदमी बात करे ।'

'करैक्ट । ब्रिटिश इन्टेलीजेंस भी यह बात जानती थी। पहले उन्होंने जारहाजा फोर्ट के समीप एक नकली प्लेन क्रैश का

ड्रामा रचा जिसकी वजह से यह नकली जनरल कार्नली जारहाजा फोर्ट में पहुंच गया । ब्रिटिश इन्टेलीजेंस जानती थी कि इतना महत्वपूर्ण आदमी

जारहाजा फोर्ट के समीप पकड़ा जाने के बाद किसी मामूली सैनिक छावनी में नहीं ले जाया जायेगा बल्कि जारहाजा फोर्ट में ही लाया जायेगा।'

'मान लिया फिर ?'

'फिर उन्होंने अपने ये तीन स्पाई जारहाजा फोर्ट भेजे। ये तीनों आप द्वारा अपने आदमी स्वीकार किये जा ही चुके थे और अगर मैं इनकी पोल न खोलता तो ये जारहाजा फोर्ट के सम्मा-नित अतिथि बने रहते। और उसके बाद आप जनरल कार्नली से बात करने आते । जनरल कार्नली का अभिनय करने वाला केनिथ तो मिट्टी का माधो है। वह आपको जुछ बता ही नहीं सकता था। इसलिए नहीं क्योंकि वह बताना नहीं चाहता बल्कि इसलिये क्योंकि वह कुछ जानता ही नहीं। लेकिन आप यही समझते कि वह जान बूझकर अपनी जुबान नहीं खोल रहा है। आप उसे ऐन्ड्रसी डट ले जाते। हेनरी पीटर और स्मिथ आपके विशाल हैलीकाप्टर पर आपके साथ बुडापेस्ट जाने का अनुरोध करते । आप हरगिज इनकार नहीं करते। आप इन तीनों को और जनरल कार्नली अर्थात् केनिथ को साथ लेकर यहां से रवाना हो जाते लेकिन कभी बुडापेस्ट नहीं पहुंच पाते ।'

'क्या ?' जनरल वेरस का मुंह खुले का खुला रह गया ।

'यह सारी स्कीम आपका अगुवा करने के लिये तैयार की गई थी, सर । जो बातें जनरल कार्नली से जानने की अपेक्षा करते थे वही शत्रु फ्क्ष जनरल वेरस से भी तो जानने की अपेक्षा कर सकता है।'

जनरल वेरस ने अपना माथा थाम लिया ।

'ये लोग मेरा अगुवा करना चाहते थे वह बौखलाये स्वर से बोला ।' मेरा तो सिर घूमा जा रहा है। कर्नल !'

जनरल वेरस अपने स्थान से उठा। कर्नल भी उठ खड़ा हुआ। दोनों हाल

के एक दूर के कोने में पहुंच गये । वे तेजी से बातें करने लगे । जनरल का चेहरा हाल के उस कोने के पीछे प्रकाश में और भी पीला मालूम हो रहा था। रह रहकर वे जेम्स बांड की ओर देख रहे थे ।

जेम्स बांड बड़ी लापरवाही से ब्रांडी पी रहा था और सिग-रेट के कश लगा रहा था ।

फिर वे दोनों वापिस आ गये। जनरल वेरस धम्म से एक कुर्सी पर ढेर हो गया ।

कर्नल किसका जेम्स बांड के सामने आ खड़ा हुआ। कुछ क्षण वह प्रशन्सात्मक नेत्रों से जेम्स बांड की ओर देखता रहा और फिर उसने अपना हाथ उसकी ओर बढ़ा दिया ।

जेम्स बांड उठ खड़ा हुआ। उसने ब्रांडी का गिलास दांये हाथ से वांथ हाय में लिया और कर्नल के हाथ में अपना दांया हाथ दे दिया ।

कर्नल बड़ी गर्म जोशी से उससे हाथ मिलाता हुआ बोला -'मेजर राकोसी मेरा मतलब है, कामरेड बांड, यह शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता कि तुमने देश की कितनी बड़ी सेवा की है। देश तुम्हारे आ ज के कृत्य के लिये हमेशा हमेशा तुम्हारा ऋणी रहेगा । तुम सच्चे कम्यूनिस्ट हो । हममें से कोई भी तुम्हारी आज की सेवा को भूल नहीं सकता। जनरल वेरस तुम से बहुत प्रभावित हुए हैं। वे तुमसे बहुत खुश हैं। शीघ्र ही वे तुम्हें इतना भारी मान-सम्मान दिलवाने वाले हैं जिसकी आज तक किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी।'

'यह मेरा सौभाग्य है कि आप मुझे इस योग्य समझते है-जेम्स बांड सिर झुकाये आदरपूर्ण स्वर से बोला ।' मैंने जो कुछ ! किया है अपनी ड्यूटी समझकर किया है, किसी इनाम की अपेक्षा में नहीं ।'

'यह तुम्हारी महानता है कि तुम ऐसा समझते हो। हम तुम्हारी भावनाओं

की कद्र करते हैं।

'लेकिन अभी मेरा काम पूरा नहीं हुआ है- 'जेम्स बांड बोला । उसने धीरे से अपना हाथ कर्नल किसका के हाथ से निकाल लिया। उसने ब्रांडी का आखिरी छूट पीकर खाली गिलास मेज पर रख दिया। सिगरेट का आखिरी कश लगाकर उसे ऐश ट्रे में डाल दिया और कापियों पर लिखते हुए तीन आदमियों के पीछे पहुंच गया। उसने उनके पीछे से उनकी कापियों पर निगाह डाली। फिर बड़े व्यंग्य पूर्ण ढ ंग से मुस्कराया ।

उसने मुस्कराते हुए कर्नल की ओर देखा और अपने कन्धे झटकाये । कर्नल जेम्स बांड के इस एक्शन का मतलब तो नहीं समझा लेकिन जवाब में वह भी मुस्कराया और फिर जनरल वेरस की बगल में एक कुसी पर बैठ गया। जनरल वेरस बेहद चिन्तित दिखाई दे रहा था । शायद उसके दिमाग में से अभी भी इस बात का प्रभाव निकला नहीं था कि उसका अगुवा किया जाने वाला था ।

'खतम !' जेम्स बांड ने पूछा ।

उसी क्षण तीनों ने लिखना बन्द कर दिया:। तीनों ने स्वीकृति सूचक ढंग से सिर हिला दिया। जेम्स बांड ने तीनों के हाथ से कापियां ले लीं। जेम्स बांड कुछ क्षण तीनों कापियों का निरीक्षण करता

रहा । तरतीब का फर्क था लेकिन तीनों कापियों में एक ही प्रकार के नाम और पते लिखे हुए थे ।

जेम्स बांड ने एक कापी मेज पर कर्नल किसका के सामने फेंक दी, एक जनरल वेरस के सामने फेंक दी और एक, स्वयं अपने हाथ में थामे रहा। जनरल वेरस ने अपनी कापी को हाथ नहीं लगाया लेकिन कर्नल किसका अपने सामने पड़ी कापी खोल कर पढ़ने लगा ।

उस दौरान में जेम्स बांड ने अपने हाथ की कापी अपनी यूनीफार्म की जेब

में डाल ली। किसी ने उस ओर ध्यान नहीं दिया ।

कर्नल किसका जब पढ़ चुका तो जेम्स बांड बोला- 'पैसठ नाम हैं।'

कर्नल किसका ने स्वीकारात्मक ढंग से सिर हिला दिया ।

'अब आप इन्हें मेरी नोट बुक से मिलाकर देखिये -' और जेम्स बांड ने अपनी चमड़े के कवर वाली नोट बुक निकालकर कर्नल किसका के सामने फेंक दी ।

कर्नल किसका ने नोट बुक उठाकर उसे खोला ।

जेम्स बाँड लापरवाही से चलता हुआ कारबाइन धारी साजेंन्ट के पीछे पहुंच गया था ।

कर्नल किसका ने जेम्स बांड की नोट बुक का पहला पृष्ठ खोला ।

वह खाली था ।

बह भी खाली था ।

तीसरा पृष्ठ भी खाली था ।

उसने दूसरा पृष्ठ खोला । उसने एक बारगी सारी नोट बुक उल्टी । सारी नोट बुक

खाली थी । उसके किसी पृष्ठ पर कुछ नहीं लिखा हुआ था।

कर्नल किसका ने उलझन पूर्ण नेत्रों से जेम्स बांड की दिशा में देखा और फिर उसकी आंखें फट पड़ी ।

सार्जेन्ट का शरीर निशब्द जमीन की ओर गिर रहा था और सार्जेन्ट की

कारबाइन जेम्स बांड के हाथ में पहुंच चुकी थी। जेम्स बांड की साइलेन्सर लगीं रिवाल्वर में से धुआ निकल रहा था । पलक झपकते ही सब कुछ हो गया था ।

जेम्स बांड फुर्ती से कारबाइन हाल में मौजूद लोगों की ओर तानता हुआ कर्कश स्वर से बोला- 'खबरदार कोई अपनी जगह से एक इन्च भी हिला तो भूनकर रख दूंगा । केनिथ सम्भालो ।'

और जेम्स बांड ने रिवाल्वर जनरल कार्नली उर्फ केनिथ की ओर उछाल दी। केनिथ ने फूर्ती से रिवाल्वर लपक ली ।

कर्नल किसका का मुह यू' खुला हुआ था जैसे उसे उसके सामने कोई इन्सान नहीं भूत खड़ा हो। आश्चर्य के आधिक्य से वह यू बुत बना हुआ था कि उसकी सांस तक चलती हुई नहीं मालूम हो रही थी।

यही हालत जनरल वेरस की थी।

हेनरी पीटर और कारपेन्टर हैरान कम थे और भयभीत अधिक थे । उनके दिल किसी अज्ञात आशंका से कांप रहे थे।

'केनेथ' - जेम्स बॉन्ड ने आदेश दिया - 'कॉपी उठाओ।'

केनिथ रिवाल्वर सम्भाले सावधानी से आगे बढ़ा। उसके चेहरे के भाव उसके नकली व्यक्तित्व से कतई मेल नहीं खा रहे थे । जनरल कार्नली की यूनीफार्म में एकाएक वह बड़ा अटपटा लगने लगा था । उसने पहले कर्नल किसका के सामने से और

फिर जनरल वेरस के सामने से कापियां रठा ली और अपनी यूनीफार्म के भीतर रख ली ।

'ये कापियाँ ! इंगलैंड में हमारे एजेन्टों के पते !!'-कर्नल किसका के मुंह से

केवल इतना ही निकला ।

'राइट कर्नल - 'जेम्स बांड क्रूर स्वरं से बोला- 'यही हासिल करने के लिए इतना ड्रामा किया गया था और इतने ऊ'चे स्केल पर स्कीम बनाई गई थी ।'

'ये तीनों आदमी असली हैं और हमारे ही एजेन्ट हैं।'

'राइट अगेन ! इन तीनों पर हमें बहुत अरसे से शक था । हमारी इन्टैलीजेंस के हर विभाग में से जानकारी लीक हो रही थी, हमें हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर पर केवल सन्देह था लेकिन ये लोग बहुत होशियार थे। हम इनके खिलाफ किसी प्रकार का प्रमाण नहीं हासिल कर पा रहे थे। साथ ही हमें सन्देह था कि शत्रु के एजेन्टों का एक पूरा गिरोह इंगलैंड में काम कर रहा है लेकिन उन्हें पहचान पाने का हमारे पास कोई साधन नही था । इसीलिए यह स्कीम सोची गई थी जो मुझे खुशी है, सफल रही है। आपने देख ही लिया है किस प्रकार मैंने आप ही के आदमियों को आप के सन्देह का पात्र बनाकर उनसे वह जान-कारी हासिल की है जिसकी हमें मुद्दत से जरूरत थी। अब मेरे इंगलैंड पहुंचने की देर है और आप के पैसठ एजेन्ट तत्काल मौत के घाट उतार दिये जायेंगे ।'

'बशतें कि तुम यहां से निकल पाओ' कर्नल किसका बोला ।

'माई डियर कर्नल 'जेम्स बांड बोला- 'अगर मैं जार-हाजा फोर्ट में दाखिल हो सकला हूं तो यहां से निकल भी सकता हूं।'

कर्नल किसका चुप रहा। वह अपने होठों पर जुबान फेरने लगा ।

'कर्नल 'जेम्स बांड बांला 'हेनरी सच कह रहा था। ब्रिटिश सरकार के रहस्यों को ऐन्ड्रसी डट तक यही पहुंचाया करता था। इसी ने टर्नर और कारपेन्टर की मदद से ऐन्ड्र सी डट में नावल हैडक्वार्टर के टाइमलाक की सूचना भेजी थी । बार्ज-मूवमेन्ट की डुप्लीकेट कापियां भी ऐन्ड्रसी डट

इसी ने भेजी थी। इंगलैंड के सबसे बड़े मिलिट्री केस की तसवीरें और ब्लू प्रिंट इसी ने हासिल किये थे। ऐन्ड्रूसी डट में घुसे दो हमारे एजेन्ट इसी की सूचना के आधार पर पकड़े गये थे । ब्रिटिश इन्टैलीजेन्स की सीक्रेट फाइलों को मिनियेचर कैमरे से फोटोग्राफ करके उसकी माइक्रो फिल्म बनाकर फरमिन्ट के पास भेजने का काम भी इसी ने किया था ।'

'कर्नल 'हेनरी निराश स्वर से बोला- 'अगर तुमने हमारी बातों पर विश्वास किया होता तो यह नौबत नहीं आती ।'

'लेकिन खुद फरमिन्ट ने, हंगेरियन, सीक्रेट पुलिस के चीफ ने मुझे यह बताया था कि जेम्स बांड वास्तव में हंगेरियन सीक्रेट पुलिस का मेजर लाजोस राकोसी है और यह 'इंगलैंड में हमारा डबल एजेन्ट है।- 'कर्नल किसका चिल्लाकर बोला ।

'तुम फरमिन्ट से बात नहीं कर रहे थे, कर्नल' जेम्स बाँड अपने चेहरे पर एक क्रूर मुस्कराहट लाता हुआ बोला- तुम मेरे ही आदमी से बात कर रहे थे जो इस समय टैलीफोन एक्स चेंज में मौजूद है। मैंने उसे अपने बारें में जो कहने के लिए कहा था उसने फरमिन्ट बनकर कह दिया। कर्नल फरमिन्ट जानता है जेम्स बॉड वास्तव में क्या चीज है। मेरा तो नाम

मात्र सुन लेने से ही उसके ब्लड प्रेशर का ग्राफ दो सौ डिग्री तक पहुंच जायेगा। मैं बुडापेस्ट में दो बार उसे चोट दे चुका हूं'

कोई कुछ नहीं बोला ।

विशाल हाल में सन्नाटा छाया हुआ था ।

जेम्स बांड कारबाइन सम्भाले हेनरी वगैरह के पीछे से निकल कर सामने आ गया ।

'अब जारहाजा फोर्ट में मेरा एक आाखिरी और छोटा सा काम रह गया है-

'बह बोला- 'इंगलैंड में तुम्हारे पैंसठ एजेन्ट तो सरकारी तौर पर पकड़ कर गोली से उड़ा दिये जायेंगे लेकिन यहां जो तीन एजेन्ट मौजूद है उनको मौत की सजा देने का काम मुझे करना पड़ेगा ।'

हेनरी, टर्नर और कारपेन्टर के चेहरे का रंग उड़ गया। हेनरी और कारपेन्टर के मुंह से बोल नहीं फूटा लेकिन आतंक और भय के आधिक्य से टर्नर के नेत्र उबल पड़े ।

'नहीं। नहीं' वह आतंकित स्वर से चिल्लाया और एका-एक उठकर जेम्स बांड की ओर झपटा।

केनिथ की साइलेंसर लगी रिवाल्वर और जेम्स बांड की कारबाइन में से एक साथ गोलियां निकलीं। टर्नर के मुंह से एक हृदय विदारक चीख निकली और फिर उसकी लाश थप्प से गलीचा बिछे फर्श पर जा गिरी। गहरे लाल रंग का गलीचा टर्नर के खून से और लाल हो उठा ।

'और अब तुम्हारी बारी है हेनरी - 'जेम्स बांड शान्त स्वर से बोला और उसने कारबाइन हेनरी की भोर घुमा दी ।

हेनरी ने आंखे बन्द कर ली।

उसी क्षण एक फायर हुआ और जेम्स बांड के हाथ में से कार-

बाइन निकल कर जमीन पर जा गिरी। उसके चेहरे पर पीड़ा के लक्षण उभरे और उसने अपने दायें हाथ से अपना बायां हाथ थाम लिया । इससे पहले कि केनिथ कुछ समझ पाता उसने एक रिवाल्वर अपनी ओर तनी हुई पाई ।

'रिवाल्वर गिरा दो' कैप्टन गीजा रिबका ने आदेश दिया।'

केनिथ ने अनिच्छापूर्ण ढंग से रिवाल्वर अपनी उंगलियों से निकल जाने दी। रिवाल्वर निशब्द गलीचे पर जा गिरी ।

जीना ने आगे बढ़कर जेम्स बांड के हाथ से निकली कारबाइन उठा ली और उसे जेम्स बांड की ओर तान दी । जेम्स बांड अपना खून से लिथड़ा हुआ बायां हाथ थामे हुए था और मन ही मन उस घड़ी को कोस रहा था जब उसने अपना ध्यान हाल के मुख्य द्वार की ओर से हट जाने दिया था। हाल में बिछे भारी गलीचे की वजह से जेम्स बांड के कानों में न जाने कब भीतर घुस आये कैप्टन रिबका के कदमों की आहट नहीं पड़ी थी ।

हेनरी ने आंखें खोली ।

पासा पलट चुका था ।

उसके चेहरे पर हर्ष की लहर दौड़ गई। उसने कारपेन्टर की और देखा, वह भी खुश था। कैप्टन बहुत ठीक समय पर आया था ।

'कैप्टन गीजा रिबका - कर्नल किसका तुम्हारे यहां प्रत्याशित आगमन ने तुम्हें फौरन तरक्की का हकदार बना 'दया है। समझ लो कि तुम मेजर बन गये ।

कैप्टन गीजा रिबका का चहेरा खुशी से दमक उठा। उसके नये हाथ की पहली उंगली रिवाल्वर के ट्रीगर पर और मजबूती

से टिक गई और उसके चेहरे पर और अधिक तत्परता के भाव आ गये ।

'कैप्टन - 'जनरल वेरस ने जेम्स बॉड की ओर संकेत करते हुए आदेश दिया-' इस आदमी को फौरन शूट कर दो ।'

'लेकिन, सर- 'कर्नल किसका ने विरोध किया-'यह आदमी हमारे लिये महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकता है। हम इससे बहुत महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर सकते हैं।'

'मुझे उम्मीद नहीं- 'जनरल वेरस ने कहा- 'यह आदमी बहुत खतरनाक है।

यह जितनी देर जिन्दा रहेगा हमारे लिये आशंका का विषय बना रहेगा। मुझे यह स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं हो रही है कि मैं इससे भयभीत हूं। कैप्टन । शूट।' कैप्टन ने जेम्स बांड़ की ओर रिवाल्वर तान दी ।

केनिथ अपने सूखे होंठों पर जुबान फेर रहा था और कभी कैप्टन रिबका की ओर और कभी जेम्स बांड़ की ओर देख रहा था।

मौत निश्चित थी । केवल एक क्षण बाद जेम्स बांड सीक्रेट एजेन्ट ००७ का अस्तित्व समाप्त हो जाने वाला था लेकिन जेम्स बांड के मस्तिष्क की मशीनरी अभी भी बडी तेजी से काम कर रही थी और उस असम्भव स्थिति से बच निकलने की कोई तरकीब सोच रही थी। हेनरी की तरह मौत का आगमन निश्चित समझकर मौत की प्रतीक्षा में उसने अपनी आँखे बन्द नहीं करली थी ।

कैप्टन रिबका ने रिवाल्वर का ट्रोगर दबा दिया । फायर की आवाज से कमरा गूंज गया ।

लेकिन जेम्स बांड अभी भी अपनी पूर्वावस्था में खड़ा था और कैप्टन गीज़ा रिबका का शरीर फर्श पर लोट रहा था।

१४६

'थैंक्यू मेजर' जेम्स बांड बोला ।

मेजर जानसन द्वार पर खड़ा था। उसके एक हाथ में एक साइलेन्सर लगी रिवाल्वर थी जो हाल में मौजूद लोगों को कवर किये हुये थी और दूसरे हाथ में थैला लटक रहा था। रिवाल्वर की नाल में से धुंआ निकल रहा था ।

मेरी अपने हाथों में एक मशीन गन थामे हुए थी ।

'अब तुम भी कारबाइन से अल विदा कर लो डालिग...' मेजर जानसन जीना से बोला जो अभी भी कारबाइन हाथ में लिये अनिश्चित सी खडी थी ।

जीना ने कारबाइन फर्श पर गिरा दी ।

जनरल वेरस ने एक आह भरी और अपनी कुर्सी में और धसक गया ।

कर्नल किसका के चेहरे से यू लग रहा था जैसे तेजी से बदलते हुए हालात की प्रतिक्रिया स्वरूप वह पागल हो जायेगा।

केनिथ ने पहले कुछ क्षण फर्श पर फेंकी हुई जेम्स बांड वाली रिवाल्वर उठाई और फिर आगे बढ़कर जीना के पैरों के पास पड़ी कारबाइन उठा ली ।

जेम्स बांड के संकेत पर रिवाल्वर उसने वापिस जेम्स बांड के हाथ में दे दी ।

जेम्स बांड के चेहरे पर तीव्र पीड़ा के भाव परिलक्षित हो रहे थे और उसके बायें हाथ से अभी भी खून बह रहा था लेकिन उसने अपना साहस नहीं खोया था। उसने अपना मस्त्रि-ठक निष्क्रय नहीं होने दिया था ।

'मेजर जानसन ।' वह बोला- 'द्वार को भीतर से बन्द कर दो। यहां लोग शिष्टाचार में कोई विशेष आस्था रखते नहीं मालूम होते । हर कोई बिना द्वार खटखटाये, बिना आज्ञा भीतर

घुस आने का आदी मालूम होता है और खुदा का शुक्र है कि ऐसे ही अशिष्ठ व्यक्ति तुम भी हो।'

मेजर जानसन ने हाल का विशाल द्वार भीतर से बन्द कर लिया ।

'जीना डार्लिंग' जेम्स बांड जीना के समीप पहुंच कर बोला- 'यहां कहीं

फस्ट एड का सामान है ?'

जीना कुछ क्षण हिचकिकाई। फिर उसने बगल की दीवार में स्थित एक छोटे से द्वार की ओर संकेत कर दिया ।

जेम्स बांड ने मेरी को संकेत किया ।

मेरी ने मशीन गन गले में लटका ली और बगल के द्वार की और बढ़ी ।

जेम्स बांड फर्श पर गिरे कैप्टन गीजा रिबका के समीप पहुंचा। पांव की ठोकर से उसने मुंह के बल गिरे कैप्टन रिबका का शरीर उलट दिया ।

कैप्टन मर चुका था। मेजर जानसन की रिवाल्वर से निकली गोली उसकी गरदन में धंस गई थी ।

जेम्स बांड ने कैप्टन के हाथ के समीप पड़ी उसकी रिवाल-वर उठा ली। उसने रिवाल्वर की गोलियां निकाल कर जेब में डाल ली और रिवाल्वर वापिस उसकी लाश के पास फेंक दी फिर उसने अपनी रिवाल्वर हेनरी और कारपेन्टर की ओर तान दी ।

'हेनरी ! कारपेन्टर !' वह बोला- 'खुदा को याद कर लो। दोनों चुप रहे ।

'मुझ से भूल हुई..' जेम्स बाँड व्यंग्य पूर्ण स्वर से बोला-'तुम तो सच्चे कम्यूनिस्ट हो । खुद के अस्तित्व में विश्वास रखोगे तो सच्चे कम्यूनिस्ट कैसे मानो जाओगे ।'

हेनरी और कारपेन्टर के चेहरों से यू लग रहा था जैसे उनके शरीरों से खून की आखिरी बून्द भी निचोड़ ली गई हो। जिन्दगी ने उनके साथ अजीब खिलवाड़ किया था। कैप्टन गीजा रिबका के आगमन से जीवित रह पाने की जो आशा उनके मन में उभरी थी वह दीपक की आखिरी लौ की तरह बुझ गई थी ।

जेम्स बांड ने फायर किया ।

हेनरी का भेजा उड़ गया। हाई कैलिबर की रिवाल्वर की गोली के झटके से उसका शरीर कुर्सी सहित फर्श पर उतर गया ।

कमरे में मौत का सन्नाटा छाया हुआ था ।

जेम्स बांड ने अपनी रिवाल्वर का रुख कारपेन्टर की ओर कर दिया ।

कारपेन्टर की आंखे आंतक से फटी जा रही थी। उसने अपना चेहरा अपने हाथों से ढक लिया विक्षिप्तों की तरह चिल्लाता हुआ बोला- 'मुझे माफ कर दो। मुझे छोड़ दो। मुझे मत मारो। मैं तुम्हारे बहुत काम आ सकता हूं। में इंग-लैंड के बहुत काम आ सकता हूँ। मुझे जीवित रहने का मौका दो । मैं इन लोगों के कई बड़े महत्वपूर्ण रहस्य तुम्हें बता सकता हूं।'

'जो आदमी भौत के भय से यू अपने देश से गद्दारी करने के लिये तैयार हो जाता हो, ऐसा दोगला आदमी हमारे भी किसी काम नहीं आ सकता' जेम्स बांड बोला और उसने अपना रिवाल्वर वाला हाथ पूरी लम्बाई में कारपेन्टर की ओर तान दिया ।

जनरल वेरस के होठों पर एक क्षीण सी मुस्कराहट आ गई। उसने जेम्स बाँड की ओर देखा। उसके नेत्रों में एक विशेष प्रकार के सम्मान की झलक थी ।

'नहीं, नहीं-' कारपेक्टर सुबकता हुआ बोला- 'मुझे मत मारो ! मुझे मत मारो !!'

जेम्स बाँड ने फायर किया ।

कारपेन्टर का शरीर कुर्सी से उलटकर गलीचे पर जा गिरा और बुरी तरह तड़फड़ाने लगा। गोली शायद वैसी घातक स्थान पर नहीं लग पाई थी।

जेम्स बांड ने फिर फायर किया ।

इस बार गोली कारपेन्टर के दिल में से गुजर गई ।

उसका शरीर तत्काल ठण्डा हो गया ।

'येलो (कायर) !'

जेम्स बांड घुणापूर्ण स्वर से बोला ।

हाल में मौत का सा सन्नाटा छाया हुआ था ।

जेम्स बांड के उस बर्बर कृत्य का प्रभाव कर्नल किसका. और जनरल वेरस पर तो पड़ा ही था, मेजर जानसन और केनिथ भी एक दम बेहद गम्भीर हो गये थे ।

विशाल हाल में विभिन्न स्थानों पर हेनरी, टर्नर, कारपेन्टर, कैप्टन गीजा रिवका और उस कारबाइन वाले सार्जेंट की लाशें पड़ी थी जो जेम्स बांड के अनुरोध पर भीतर बुलाया गया था ।

उसी क्षण मेरी बगल के कमरे से एक बड़ी सी इनेमल की ट्रे हाथ में लिये वापिस लौटी। ट्रे उसने लाकर मेज पर रख दी और फिर बड़ी दक्षता से जेम्स बांड के हाथ की ड्रेसिंग कर. दी ।

गोली जेम्स बांड की हथेली से आर पार हो गई थी। 'थैंक्यू, माई डियर' जेम्स बांड बोला ।

मेरी मुस्कराई ।

'अब आप लोगों का क्या किया जाये ?' जेम्स बांड बोला । किसी को बताने की जरूरत नहीं थी कि उसका संकेत जनरल

वेरस, कर्नल पीटर किसका और जीना की ओर था ।

'हमें भी शूट कर दो' कर्नल किसका दिलेरी में बोला ।

'ख्याल तो बुरा नहीं है लेकिन दरअसल सबको मैं इसलिये शूट नहीं करना चाहता कि कोई तो यह बताने के लिये जीवित रहे कि आज की रात वास्तव में जारहाजा फोर्ट में क्या कुछ हुआ था- फिर एकाएक उसकी दृष्टि फर्स्ट एड की ट्रे में पड़ी और वह सन्तुष्ट स्वर से बोल पड़ा - 'आप लोगों का मुंह वक्ती तौर पर बन्द रखने के लिये मुझे बेहतर तरकीब सूझ गई है।'

ट्रे में एक छोटी सी शीशी पड़ी थी जिस पर लिखा था. नेम्बूटल (नेमबटल) ।

'मेरी..' जेम्स बांड बोला- 'तुम्हें इंजेक्शन लगाना आता है न !'

मेरी ने स्वीकारात्मक ढंग से सिर हिला दिया ।

'जनरल वेरस, कर्नल पीटर किसका और जीना को नेम्बूटल का इन्जेक्शन दे दो।'

मेरी ने ट्रे में से सिरिज और इन्जेक्शन की शीशी उठा ली। मशीन की गति से उसने एक इन्जेक्शन तैयार किया ।

'सबसे पहले, जनरल वेरस जेम्स बांड बोला और उसने जनरल के समीप पहुंचकर उसकी कनपटी से रिवाल्वर लगा दी । 'होश में आने पर आप अपने इंगलैंड में मौजूद पेंसठ डबल एजेन्टों का मातम मनाइयेगा ।'

जनरल ने चुपचाप अपनी बांह खोल ली ।

मेरी ने इन्जेक्शन लगा दिया ।

मेरी के जनरल की बांह में से सुई निकालने की देर थी कि जनरल का बेहोश शरीर कुर्सी से लुढ़क गया ।

वही क्रिया कर्नल पीटर किसका पर दोहराई गई।

जीना की बारी में जेम्स बांड ने रिवाल्वर अपनी यूनीफार्म की बैल्ट में खौस ली और दायें हाथ से बड़े प्यार से जीना की गरदन पकड़ ली ।

'अगर तुमने इ ंजेक्शन लेने में आनाकानी की तो तुम्हें शूट करने के स्थान पर मैं तुम्हारी गरदन दबाना ज्यादा पसन्द करूंगा । जीना डालिंग ! औरत को शूट किया जाये तो खून से उसका मेकअप और पौशाक बिगड़ जाती है और फिर वह बड़ी वीभत्स लगने लगती है।'

मेरी ने जनरल वेरस और कर्नल किसका को बड़ी दक्षता से इन्जेक्शन दिया था लेकिन जीना की बांह में तो उसने बड़ी बेरहमी से सिरिंज घुसेड़ दी ।

जीना के मुह से किलकारी निकली ।

जेम्स बांड ने उसकी गरदन घुमाई और उसके होंठो पर अपने होंठ रख दिये । जीना ने विरोध के लिये अपना दूसरा हाथ उठाया लेकिन तब तक इन्जेक्शन की दवा उसके शरीर में पहुंच चुकी थी। उसका हाथ जेम्स बांड के चेहरे के समीप तक पहुंचा और फिर नीचे गिर गया ।

वह चेतना खो चुकी थी।

'जीना, डालिंग' जेम्स बांडः शरारत से मुस्कराता हुआ बोला- 'जब होश में आओगी तो यह चुम्बन तुम्हें स्वप्न की तरह याद आयेगा ।'

जेम्स बांड फिर हाल के बीच में था खड़ा हुआ । उसने एक सरसरी दृष्टि पाँच लाशों और तीन बेहोश शरीरों पर डाली और फिर वह केनिथ से सम्बोधित हुआ 'केनिथ, कर्नल पीटर किसका की यूनीफार्म उतार लो और अपनी जनरल की यूनी-फार्म के स्थान पर उसे पहन लो ।'

केनिथ कर्नल की ओर बढ़ा ।

'तुम सब लोग यहीं ठहरो मैं अभी आता हूं- 'जेम्स बांड बोला- 'मेजर जानसन द्वार भीतर से बन्द कर लो। मैं पहले तीन बार और कुछ क्षण रूककर दो बार द्वार खटखटाऊ, तभी द्वार खोलना ।'

मेजर जानसन ने पहले कुछ कहने का उपक्रम किया । फिर उसने अपना ख्याल बदल दिया और सहमति सूचक ढंग से सिर हिला दिया ।

जेम्स बांड सावधानी से बाहर निकल आया ।

बह सीढ़ियों की ओर बढ़ा ।

किले में उसे एक विचित्र प्रकार की हलचल दिखाई दी । कारण उसकी समझ में नहीं आया ।

उसी क्षण एक सार्जेंट और तीन सशस्त्र सैनिक तेजी से चलते हुए उसकी ओर बढ़े ।

जेम्स बांड ने अपनी मेजर की कैप अपने सिर पर और नीची झुका ली। फिर इससे पहले कि उन फौजियों में से कोई बोल पाता जेम्स बांड अधिकार पूर्ण स्वर से बोला- 'सार्जेन्ट, यह भागदौड़ क्यों मची हुई है ?'

सार्जेन्ट ने एक मेजर को अपने सामने देखा, उसने तत्काल सैल्यूट मारा और फिर तत्पर स्वर से बोला- 'किले में बाहरी धादमी घुस आये हैं, सर ! उन की तलाश हो रही है।'

'किले में बाहरी आदमी घुस आये हैं!' जेम्स बांड हैरानी का प्रदर्शन करता हुआ बोला- 'क्या बक रहे हो ?'

'मैं ठीक कह रहा हूं सर।'

'असम्भव ! तुम्हें किसने कहा है यह ?'

'कैप्टन किसका ने।'

'आई सी ! कोई मिला ?'

'अभी नहीं, सर ।'

'ठीक है। तलाश जारी रखो' जेम्स बांड बोला- 'लेकिन हाल कमरे में मत जाना। वहाँ जनरल वेरस और कर्नल किसका बहुत महत्वपूर्ण काम्फ्रेंस कर रहे हैं। कैप्टन रिबका भी वहीं हैं।'

'राइट सर ।'

जेम्स बांड ने आगे बढ़ने के लिये कदम बढ़ाया ।

उसी क्षण किले की घूमती हुई सर्चलाइट के प्रकाश का प्रतिबिम्ब जेम्स बांड के चेहरे पर पड़ा ।

'सर' सार्जेन्ट बोला ।

जेम्स बांड रुक गया। उसने घूमकर सार्जेन्ट की ओर देखा ।

'यस -' वह उतावले स्वर से बोला ।

'मैंने आपको पहले कभी किले मैं नहीं देखा' सार्जेन्ट सन्दिग्ध स्वर से बोला ।

'मैं जनरल वेरस के साथ बुडापेस्ट से आया हूं, ईडियट' जेम्स बांड गर्ज कर बोला ।

सार्जेन्ट सिर से पाँव तक कांप गया ।

'आई-आई एम-स-सारी सर-' वह हकलाता हुआ बोला ।

जेम्स बांड एक अग्नेय दृष्टि उस पर डालता हुआ बढ़ा ।

सीढ़ियों के समीप आकर उसने घूमकर देखा ।

सार्जेन्ट अपने साथियों के साथ गलियारे में आगे बढ़ा जा रहा था ।

जेम्स बांड ने छुटकारे की गहरी सांस ली और सीढ़ियां उतरकर नीचे की मंजिल पर आ गया ।

१५७

टैलीफोन एक्सचेंज वाले गलियारे के पास एक कमरा था जिस पर लिखा था रेडियो रूम ।

जेम्स बाँड ने द्वार का हैन्डिल घुमाया ।

द्वार खुला था ।

रिवाल्वर निकालकर उसने हाथ में ले ली और फिर एक झटके से द्वार खोलकर भीतर घुस गया ।

भीतर रेडियो बोर्ड के सामने कानों पर हैडफोन चढ़ाये एक रेडियो आपरेटर बैठा था ।

'डोन्ट मूव' जेम्स बांड कर्कश स्वर से बोला । उसने पांव की ठोकर से द्वार बन्द कर दिया ।

रेडियो आपरेटर की जैसे सांस भी रुक गई ।

'हेडफोन उतार कर बोर्ड पर रख दो ।' - जेम्स बांड बोला ।

रेडियो आपरेटर ने तत्काल आदेश का पालन किया ।

'दूसरी ओर देखो ।'

रेडियो आपरेटर ने गर्दन घुमाई ।

जेम्स बाँड ने रिवाल्वर को नाल से पकड़ कर उसका एक भरपूर हाथ उसकी खोपड़ी पर जमाया और फिर तत्काल ही उसके अचेत शरीर को अपनी बाहों में सम्भाल लिया। उसने उसको कुर्सी से घसीट कर फर्श पर डाल दिया। उसने दरवाजे को भीतर से चिटकनी लगाई और स्वयं रेडियो आपरेटर के स्थान पर जा बैठा । उसने हैडफोन को अपने कानों पर चढ़ा लिया । उसने ट्रांसमिशन का बटन दबाया और फिर अल्ट्रा शार्ट वेव पर अपनी फ्रीक्वेन्सी ट्यून करने लगा ।

फिर उसने माइक्रोफोन उठा लिया और उसमें बोला-'हल्लो, हल्लो, हल्लो । जीरो जीरो सेवन कालिंग मैनहटन ।

जीरो जीरो सेवन कालिंग, मैनहटन ।'

कोई उत्तर नहीं मिला ।

जेम्स बाँड ने फ्रीक्वेंसी में थोड़ा सा परिवर्तन किया और फिर बोला-'हल्लो । हल्लो। जीरो जीरो सेवन कालिंग मैन-हटन जीरो जीरो सेवन कालिंग मैनहटन । हल्लो, हल्लो ।'

कोई उत्तर नहीं मिला ।

जेम्स बाँड ने फिर फ्रीक्वेन्सी में जरा सा परिवर्तन किया ।

छटी बार उसे दूसरी और से उत्तर मिला ।

'मैनहटन कालिंग जीरो जीरो सेवन। मैनहटन कालिंग...।'

'एक घन्टे बाद -' जेम्स बाँड जल्दी से बोला- 'ठीक एक घन्टे बाद । आस्ट्रिया बार्डर पर अन्डर स्टूड ? ओवर ।'

'अन्डर स्टुड । आपरेशन सफल रहा ?' दूसरी ओर से 'एम का व्यग्र स्वर सुनाई दिया ।

'यस सर ! ओवर ।'

'कान्गरु च्यूलेशन्स ! बाकी बातें एक घन्टे बाद। आस्ट्रिया बार्डर पर । ओ० के० ?'

'ओ० के० ? ओवर एण्ड आल ।'

जेम्स बाँड ने इयरफोन उतारकर बोर्ड के सामने फेंका श्रौर उठ खड़ा हुआ ।

उसने रिवाल्वर निकाली और रेडियो बोर्ड के विभिन्न स्थानों पर तीन चार फायर झोंक दिये ।

बोर्ड का सत्यानाश हो चुका था और अब वह इस काबिल नहीं रहा था कि उसकी सहायता से कहीं भी सम्पर्क स्थापित किया जा सके ।

उसने अपनी रिवाल्वर का चैम्बर दुबारा भरा और फिर रेडियो रूम से बाहर निकल आया ।

वह वापिस ऊपर की मंजिल की ओर बढ़ा। रास्ते में उसे कई फौजी मिले लेकिन किसी ने उसे टोका नहीं ।

जेम्स बांड ने नोट किया, दूसरे मंजिल के हर कमरे की तलाशी ली जा रही थी ।

वह वापिस हाल कमरे के सामने पहुंचा ।

उसने द्वार को पहले तीन बार और कुछ क्षण रुककर दो बार खटखटाया ।

द्वार फौरन खुला ।

जेम्स बांड भीतर प्रविष्ट हो गया ।

'हमारी तलाश हो रही है' जेम्स बांड बोला' जल्दी ही कोई ऐसा काम करना पड़ेगा जिससे लोगों का ध्यान थोड़ी देर के लिए हमारी ओर से बट जाये ।'

'ईजी- 'मेजर जानसन मुस्कराया और अपने हाथ का बैग थपथपाता हुआ बोला- 'आखिर यह बैग किस काम आयेगा । मेरे साथ चलो।'

दोनों बाहर निकल आये ।

वह गलियारा अभी भी सुनसान था ।

मुख्य गलियारे में से निकलकर वे लोग एक पतले से किन्तु लम्बे गलियारे में प्रविष्ट हुए ।

मेजर ने एक कमरे का द्वार ट्राई किया। द्वार खुला था । कमरा भीतर से खाली था। उसने एक प्लास्टिक बम कमरे के भीतर रख दिया उसका सम्बन्ध एक पतली सी तार से जोड़ा और तार बाहर ले आया ।

इसी प्रकार जो जो द्वार उसे खुले मिले, उसने उसमें बम रख दिये और उनका एक कामन तार से सम्बन्ध कर दिया ।

उस तार को वह गलियारे के मोड़ पर ले आया ।

गलियारे के आखिरी सिरे पर एक खिड़की थी। उस खिड़की में से मेजर जानसभ ने नीचे झांका ।

वह किले की वह दिशा थी जिधर नीचे टापू पर थोड़ा सा खुला मैदान था ।

नीचे समुद्र के पानी में जेटी के साथ-साथ सात आठ मोटर बोट खड़ी थी ।

मेजर जानसन ने बैग में से एक हैन्ड ग्रेनेड निकाला। उस-ने दाँत से उसका पिन खींचा और फौरन उसे नीचे खड़ी मोटर बोटों की दिशा में फेंक दिया ।

शक्तिशाली हैंड ग्रेनेड ने आसपास खड़ी दो मोटर बोटो के परखचे उड़ा दिये ।

इसी प्रकार मेजर जानसन ने तीन चार हैंड ग्रेनेड और फेंके ।

इससे पहले कि नीचे खड़े पहरेदार कुछ समझ पाते या स्थिति समझ चुकने के बाद प्रतिक्रिया स्वरूप कुछ कर पाते नीचे खड़ी मोटर बोटों की धज्जियां उड़ चुकी थी ।

कुछ भगदड़ मच गई थी। कुछ पहरेदार ऊपर उसी दिशा में देख रहे थे ।

मेजर जानसन फौरन पीछे हट गया और उसने खिड़की बन्द कर दी ।

अब जारहाजा फोर्ट बाहरी दुनिया से एक दम कट चुका था। जारहाजा फोर्ट में बाहर की दुनिया से शीघ्र सम्पर्क स्थापित कर पाने का कोई साधन बाकी नहीं रह गया था। टैलीफोन अना को जाने वाली केबल वे लोग पहले ही काट चुके थे । रेडियो का वह खुद पूरी तरह सत्यानाश कर आया था और अब सारी मोटर बोटें भी तबाह हो गई थी ।

प्लास्टिक बमों से सम्बन्धित छोटी सी तार को पतले

गलियारे से निकालकर मुख्य गलियारे में लाकर उसने तार को आग लगा दी। तार के आसपास कोई शीघ्र जलने बाला मसाला लिपटा हुआ था।

तार के साथ-साथ आग की लपट भीतर बमों को ओर बढ़ने लगी ।

जेम्स बांड और मेजर जानसन वापिस हाल कमरे की ओर भागे ।

हाल कमरे के समीप पहुंचकर मेजर जानसन ठिठका । दूर गलियारे में कुछ सैनिक उसी दिशा में बढ़ रहे थे ।

उसने जेब से एक हैण्ड ग्रेनेड निकाला और उसकी पिन खींच कर पूरी शक्ति से उसे उस दिशा में फेंका ।

हैंड ग्रेनेड फटा । गलियारे में शोला सा लपका और फिर गलियारा घने सफेद धु'ये से भर गया ।

जेम्स बांड ने हाल कमरे के दरवाजे पर दस्तक दी ।

द्वार खुला । जेम्स बांड ने संकेत किया। बाहर निकल आये। मेरी के हाथ में मशीनगन के हाथ में कारबाइन । केनिथ और मेरी थी और केनिथ

मेजर जानसन ने एक हैंडग्रनेड और निकाला और उसे पूरी शक्ति से नीचे दूसरी मंजिल के साइड के गलियारे की ओर फेंका। हैंड ग्रेनेड फटा और वहां भी कोलाहल मच गया ।

उसी क्षण सारा किला बमों के फटने की गगन भेदी आवाजों से गूंज उठा। मेजर जानसन द्वारा साइड के पतले गलियारे के कमरों में बिछाये बमों तक आग की लपट पहुंच चुकी थी ।

तीसरी मंजिल के मुख्य गलियारे में फटे घुयें की बम की दीवार को पार करके जो सैनिक प्रकट हुए वे हाल कमरे की दिशा में भागने के स्थान पर साइड के उस गलियारे की ओर

भागे जिधर बम फट रहे थे।

जेम्सबांड वगैरह सीढ़ियों की ओर भागे। दुसरी मंजिल तक वे निविघ्न उतर आये । दूसरी मंजिल की सीढ़ियों के समीप वे ठिठक गये नीचे से सीढ़ियां चढते हुए सैनिकों के भारी बूटों की आवाज से सीढ़ियों गूंज रही थीं ।

सीढियां की एकदम बगल में एक क्लाक रूम था ।

जेम्सबांड के संकेत पर मेजर जानसन, केनिथ और मेरी उस क्लाक रूम में प्रविष्ट हो गये ।

जेम्स वांड सीढ़ियों के मुंह पर पहुंचा और गला फाड़ कर हगोरियन में चिल्लाया- 'जल्दी ऊपर भागो हराम जादो !'

सबसे पहले सीढ़ियों पर एक लैफ्टीनेन्ट प्रकट हुआ । जेम्स ने उसे बांह पकड़कर तीसरी मजिल की ओर ले जाने वाली सीढ़ियों पर लगभग धक्का दे दिया ।

'जल्दी हाल कमरे में पहुंचो 'जेम्स बांड दांत पीसता हुआ, चिल्लाया- 'वहां जनरल वेरस और कर्नल किसका आग में फंस गये हैं।'

लैफ्टीनेंट ऊपर की सीढ़ियों की ओर भागा। उसके पीछे सशस्त्र फौजियों की एक पूरी पलटन भागी ।

जेम्स बांड सीढ़ियों के मोड़ पर खड़ा हुआ एक उतावले और बददिमाग अफसर की तरह उन्हें गालियां देता रहा ।

दो मिनट में नीचे की सीढ़ियां खाली हो गई। जेम्स बांड ने क्लाक रूम का द्वार खटखटाया। मेजर जानसन वगैरह बाहर निकल आये ।

चारों तेजी से नीचे भागे ।

तब तक तीसरी मंजिल का एक पूरा ब्लाक आग की लपेटों में धू-धू जलने लगा था । कुछ सीढ़ियों पर आग बुझाने वाले कारबन डाई आक्साइड

के सिलेंडर वगैरह लेकर भाग रहे थे। हर तरफ कोहराम मचा हुआ था । तीसरी मंजिल पर इतता हंगामा था कि किले में मौजूद हर आदमी का ध्यान उसी ओर था। हर ब्लाक की सीढ़ियों से लोग तीसरी मजिल पर भागे जा रहे थे।

पहली पहली मंजिल से वे नीचे की ओर जाने के लिये सीढ़ियों का मोड़ घूमे ही थे कि एकाएक उनसे कुछ सीढ़ियां नीचे एक आदमी प्रकट हुआ। उसने एक दृष्टि जेम्स बांड पर और फिर उस के नेत्र आतंक से फैल गये। वह जोर से चिल्लाया - 'सार्जेन्ट, यही है वह आदमी जिसने रेडियो रूम में मुझ पर हमला किया था।

जेम्स बांड एक दम पीछे हट गया। वह आदमी वही रेडियों आपरेटर था जिसे जेम्स बांड रेडियो रूम में बेहोश छोड़कर आया था। रेडियों आपरेटर शायद उसकी आशा से पहले होश में आ गया था ।

नीचे एकदम हल्ला मच गया ।

सीढ़ियों में फार्यारिंग होने लगी। एक सार्जेन्ट और कई फौजी एक साथ भागे ।

मेरी ने जेम्स बांड को पीछे धकेल दिया ।

सीढ़ियो के मोड़ से उसने नीचे फौजियों पर मशीन गन की गोलियां बरसानी शुरु कर दी।

कई फौजी सीढ़ियों पर गिरे और बाकी ओट में हो गये ।

मेजर जानसन ने अपने बैग में हाथ डाला। भीतर दो ही हैन्ड ग्रेनेड बाकी रह गये थे। उसने खाली थैला वहीं फेंक दिया, एक हैन्ड ग्रनेड जेब में डाल लिया और दूसरे हैण्ड ग्रेनेड का पिन निकाल उसने उसे हाथ में सम्भाल लिया ।

तीन चार सीढ़ियां ऊपर चढ़कर बह रेलिंग के सहारे नीचे लटका और उसने बम नीचे सीढ़ियों के मोड़ की ओट में छिपे सैनिकों पर फेंक मारा ।

वे लोग हैण्ड ग्रेनेड के बिस्फोट का प्रभाव देखने के लिये वहां रुके नहीं ।

चारों तेजी से सीढ़ियों से दूर गलियारे में भागे । गलियारे के दूसरे सिरे पर नीचे जाने के लिये और सीढ़ियां थी ।

उन सीढ़ियों से ऊपर आते हुए चार पांच फौजी उन्हें दिखाई दिये जो कुछ भी कर सकने से पहले केनिथ की कारबाइन और मेरी की मशीन गन की गोलियों के शिकार हो गये ।

वे लोग सीढ़ियों की ओर नपके ।

एकाएक जेम्स बांड ठिठका । 'क्या हुआ !' मेरी उतावले स्वर से बोली ।

' सर्च लाइट- 'जेम्स बांड बोला ।

सबने देखा । सर्च लाइट अब अपनी पुरानी पूर्व निर्धारित गति से घूम नहीं रही थी। उसका घूमना रुक गया था और उसके कोण को इस प्रकार बदला जा रहा था कि उसका प्रकाश सीधा भीतर कम्पाउन्ड में पड़े ।

'तुम लोग नीचे भागो और हैलीकाप्टर तक पहुंचने की कोशिश करो' जेम्स बांड ने आदेश दिया ।

लेकिन मेरी ने प्रतिवाद करना चाहा ।

'जल्दी करो ।' जेम्स 'बांड बोला ।

'लेकिन, जेम्स' इस बार मेजर जानसन बोला ।

'मेजर' जेम्स बांड गर्जा- 'वक्त बरबाद मत करो। यह मत भूलो कि मैं अभी भी इस आपरेशन का लीडर हूँ।'

मेजर जानसन एक क्षण हिचकिचाया। फिर उसने मेरी

और केनिथ को संकेत किया। तीनों सीढ़ियों से नीचे भागे ।

जेम्स बांड ने स्वीच तलाश करके गलियारे की बत्ती बुझा दी। गलियारे में अंधेरा छा गया। वह गलियारे के एक खम्बे के साथ चिपक गया और रिवाल्वर हाथ में लिये सावधानी से खड़ा रहा ।

सर्च लाइट धीरे-धीरे घूम रही थी ।

फिर चौंधिया देने वाली रोशनी जेम्स बांड वाले गलियारे में थोड़ी दूर पड़ी और उस गलियारे में एकाएक इतना प्रकाश फैल गया जैसे सूरज निकल आया हो ।

जेम्स बाँड ने बड़ी सावधानी से विशाल सर्च लाइट के सामने के शीशे का निशाना साधा और एक साथ दो फायर किये

सर्च लाइट के परख्चे उड़ गये ।..

सारे ब्लाक में एकदम अंधेरा छा गया ।

उसकी बगल से गुजर कुछ फौजी भागते हुए आये और गये । अन्धकार में किसी ने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया ।

जेम्स बांड नीचे सीढ़ियों की ओर भागा ।

नीचे आकर वह हैलीकाप्टर की दिशा में भागा ।

हैलीकाप्टर कम्पाउन्ड में असुरक्षित खड़ा था। जेम्स बांड हैलीकाप्टर की ओर भागा।

समीप पहुंचकर उसने देखा। केनिथ हैलीकाप्टर में पायलेट की सीट पर बैठा था। उसके हाथ कन्ट्रोल बोर्ड पर थे। केनिथ की कारबाइन मेजर जानसन के हाथ में पहुंच चुकी थी और मेरी अपनी मशीनगन थामे सतर्कता की प्रतिमूर्ति बनी हैली-काप्टर के पिछले भाग की खिड़की के पास बैठी हुई थी ।

'हाल्ट !' हैलीकाप्टर की ओर भागते हुए जेम्स बांड को किसी ने पीछे से ललकारा ।

१६६

जेम्स बांड ने न रुकने का उपक्रम किया और न पीछे घूम-कर देखा । उसने मेरी की मशीनगन अपनी दिशा में घूमती देख ली थी।

मेरी की मशीनगन में से कई बार रेट-रेट की आवाज हुई ।

जेम्स बाँड को अपने पीछे से तीन चार चीखें सुनाई दी वह बिना पीछे घूमे हैलोकाप्टर की ओर भागता रहा ।

उसी क्षण केनिथ ने हैलीकाप्टर का इन्जन स्टार्ट किया ।

मशीनगन की गोलियों की आवाज तो हैलीकाप्टर के इन्जन की आवाज में गुम हो गई लेकिन हैलीकाप्टर स्टार्ट होने की देर थी कि सिक्योरिटी के दफ्तर के पास खड़े कई फौजियों का ध्यान उसी ओर आकर्षित हो गया ।

बे तेजी से हैलीकाप्टर की ओर भागे ।

मेजर जानसन ने अपना आखिरी हैंड ग्रेनेड हैलीकाप्टर की ओर भागते हुए फौजियों की दिशा में उछाल दिया ।

उस हैंड ग्रेनेड के फटने पर आग नहीं निकली। वह धुयें का बम था । भागते हुए फौजियों के सामने धुयें की दीवार भी खड़ी हो गई ।

हैलीकाप्टर तत्काल ऊपर उठने लगा ।

धुयें की दीवार को पार करके जो फौजी हैलीकाप्टर के समीप प्रकट हुए वे मेजर जानसन की कारबइन की गोलियों के शिकार हो गए ।

हैलीकाप्टर ऊपर उठा तो किले की दीवार से भी उस पर गोलियां बरसने लगी ।

अन्धकार में हैलीकाप्टर ऊपर उठता रहा ।

मेजर जानसन और मेरी चारों ओर गोलियां बरसाते रहे ।

१६७

कुछ गोलियां हैलीकाप्टर से टकराई लेकिन हैलीकाप्टर का कुछ भी नहीं बिगड़ा ।

पलक झपकते ही हैलीकाप्टर किले से इतना ऊंचा उठ गया कि किले पर से बरसाई जाने वाली गोलियों का उस तक पहुंचना असम्भव हो गया ।

हैलीकाप्टर आस्ट्रिया के बार्डर की दिशा में उड़ चला ।

'हये ! हये !! हये !!!' सबके मुख से एक साथ हर्ष ध्वनी निकली और फिर वह एक दूसरे से लिपट गये ।'

मुझे तो छोड़ो- 'केनिथ बोला- वर्ना हैलीकाप्टर अभी समुद्र में जा गिरेगा ।'

जेम्स बाँड ने एक दोहत्थड़ केनिथ की पीठ पर मारा और फिर वे उससे अलग हो गये ।

सबके चेहरे सफलता की खुशी से दमक रहे थे। पीछे जारहाजा फोर्ट धू-धू जल रहा था ।

जेम्स बांड वगैरह किले में मौजूद सेना की निगाहों के सामने भागे जा रहे

थे और वे लोग उन्हें रोक पाने में असमर्थ थे, उनको रुकवाने का इन्तजाम तक करवा पाने में असमर्थ थे ।

हैलीकाप्टर अना से लगभग डेढ़ सौ मील दूर निकल आया था । जेम्स बांड ने अपने घुटनों पर एक नक्शा बिछाया हुआ था। और वह रह-रहकर दूरबीन की सहायता से नीचे अन्धकार में देख रहा था ।

१६८

'रपतार कम कर दो' जेम्स बांड बोला- 'और ऊंचाई भी कम कर दो। मेरा ख्याल है हम लोग उस स्थान पर पहुंच रहे हैं।'

हैलीकाप्टर एक सुनसान सड़क के ऊपर से उड़ रहा था। जेम्स बांड दूरबीन आँवों से लगाये बड़ी गौर से नीचे देख रहा था ।

फिर सड़क से थोड़ा हटकर उसे एक पुराना सा चर्च दिखाई दिया । चर्च के समीप एक बड़ा सा कम्पाउन्ड था जिसमें एक मिलिट्री की जीप खड़ी थी ।

जेम्स बांड ने मेरी को संकेत किया ।

मेरी के हाथ में एक टार्च थी। टार्च को उसने दो तीन बार चर्च की दिशा में चमकाया ।

तत्काल दूसरी ओर से भी वैसा ही प्रकाश चमका ।

'ठीक है'- 'जेम्स बांड बोला। उसने दूरबीन निगाहों से हटा ली और नक्शा बन्द कर दिया। 'हैलीकाप्टर नीचे उतारो ।'

हैलीकाप्टर नीचे उतरने लगा।

दो मिनट बाद वह चर्च के कम्पाउन्ड में आ खड़ा हुआ ।

चर्च की दीवार में से निकलकर एक आकृति हैलीकाप्टर की ओर भागी ।

समीप आने पर जेम्स बांड ने बांह पकड़कर उसे भीतर खींच लिया ।

वह लीजा थी ।

हैलीकाप्टर तत्काल ऊपर उठने लगा ।

'तुम इन्सान नहीं हो' - लीजा जेम्स बांड की ओर देखती हुई मुग्ध स्वर से बोली ।

१६६

'बस लेट तो नहीं हुई, मेम साहब' जेम्स बांड मुस्करा-कर बोला ।

'बस तो समय पर ले आये हो, ड्राइवर' लीजा बोली-'लेकिन तुम इन्सान नहीं हो ।'

'तो क्या शैतान हूं ?'

'सौ फीसदी शैतान हो। जो काम तुम ने किया है वह कोई शैतान ही कर सकता है।'

'थैंक्यू फार दि काम्पलीमेंट' - जेम्स बांड बोला ।

लीजा प्रशन्सापूर्ण नेत्रों से जेम्स बांड की ओर देख रही थी ।

'लेकिन एक बात बताओ, लीज़ा' जेम्स बांड बोला ।

'क्या ?'

'तुम्हें आशा थी कि मैं समय पर हैलीकाप्टर लेकर तुम्हें पिक करने के लिये यहाँ पहुंच जाऊंगा ?'

'सच बताऊ ?'

'हाँ ।'

'तुम आशा कहते हो, बाई गाड, मुझे पूरा विश्वास था कि तुम जरूर यहाँ पहुंचोगे । मेरी निगाहों में जो आदमी जारहाजा फोर्ट में घुसने के बारे में सोच भी सकता है, वह कुछ भी कर सकता है। तुमने आज असम्भव को सम्भव कर दिखाया है।

'आपरेशन जारहाज़ा फोर्ट सफल रहा' - मेजर जानसन बोला ।

'हाँ'- जेम्स बांड एकाएक गम्भीर स्वर से बोला-'आपरेशन जारहाजा फोर्ट सफल रहा। सब कुछ ठीक हो गया । लेकिन मेजर, दुःख है तो सिर्फ एक बात का ।'

मेजर जानसन ने प्रश्न सूचक नेत्रों से जेम्स बांड की ओर देखा ।

जेम्स बांड ने एक गहरी सांस ली और फिर उदास स्वर से बोला- 'बेचारा स्मिथ खामखाह अपनी जान से हाथ धो बैठा।'

मेजर जानसन ने एक बार जेम्स बांड से निगाहें मिलाई और फिर सिर झुका लिया ।

वातावरण में एक विचित्र प्रकार का भारीपन छा गया था । हर कोई एकाएक बेहद चुप हो गया था ।

हैलीकाप्टर आस्ट्रिया के बार्डर की ओर उड़ा जा रहा था ।

***** समाप्त *****

sjeet

पाठकों से:

आपने यह उपन्यास पढ़ा, उपन्यास आपको कैसा लगा कृपया अपनी राय हमें अवश्य लिखें । आपके पत्रों से हमें आपकी पसन्द के उपन्यासों को पेश करने में काफी सहायता मिलेगी ।

- प्रकाशक